




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 330 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.9, 2082 बुधवार, 25 फरवरी-2026

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❋ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## एआई समिट हंगामा-उदय भानु 4 दिन हिरासत में

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। एआई इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें आज सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी। इधर एआई समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई। चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने लिखा कि चिब की गिरफ्तारी असंवैधानिक और तानाशाह नरेंद्र मोदी की सनक का नतीजा है।

## अब 8वीं के बच्चे पढ़ेंगे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या है

### एनसीईआरटी ने सोशल साइंस में जोड़ा नया सेक्शन

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने 8वीं क्लास की नई सोशल साइंस टेक्स्टबुक में ज्यूडिशियरी में करप्शन पर एक सेक्शन शुरू किया है। यह पहली बार है जब 8वीं के बच्चे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या होता है इसके बारे में पढ़ेंगे।

इस चैप्टर में सुप्रीम कोर्ट के 81 हजार, हाईकोर्ट्स के 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। यह पिछले एडिशन के मुकाबले एक बड़ा बदलाव है। पिछले चैप्टर में ज्यादा दातर कोर्ट के स्ट्रक्चर और रोल पर फोकस किया गया था। बदले हुए चैप्टर का नाम 'हमारे समाज में ज्यूडिशियरी की भूमिका' है। इसमें कोर्ट की हायरार्की और न्याय तक पहुंच को समझाने से ज्यादा ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे करप्शन और केस बैकलॉग को बताया गया है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक

# केरल को 'केरलम' करने की मंजूरी

> पीएम मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में हुई बैठक > पीएमओ 10 दिन पहले ही यहां शिफ्ट हुआ



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। कैबिनेट ने केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा।

कैबिनेट की पिछली बैठक 13 फरवरी को पीएमओ के साउथ ब्लॉक वाले ऑफिस में हुई थी। इसके बाद पीएमओ को नए ऑफिस में शिफ्ट कर दिया गया था। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है।

**सेवा तीर्थ कॉम्पलेक्स में कुल 3 इमारतें :**

सेवा तीर्थ कॉम्पलेक्स में कुल 3 इमारतें हैं- (सेवा तीर्थ-1, सेवा तीर्थ-2 और सेवा तीर्थ-3)। सेवा तीर्थ-1 में पीएमओ है। सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय और सेवा तीर्थ-3 में एनएससीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का ऑफिस है। ये सभी ऑफिस पहले अलग-अलग जगहों पर थे। कैबिनेट सचिवालय सितंबर 2025 में ही सेवा तीर्थ-2 में शिफ्ट हो चुका है। आज पीएमओ के साथ एनएससीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का ऑफिस भी यहां शिफ्ट हो गया है। पीएम आज कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन भी करने वाले हैं। यहां मंत्रालयों के नए ऑफिस होंगे। पहले नॉर्थ ब्लॉक मंत्रालयों का ठिकाना था।

**1189 करोड़ की लागत से बना सेवा तीर्थ :**

सेवा तीर्थ का मतलब है 'सेवा का स्थान'। पहले इसका नाम 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' रखा गया था, लेकिन 2 दिसंबर 2025 में इसका नाम बदलकर सेवा तीर्थ रखा गया। यह नई दिल्ली में दारा शिकोह रोड पर एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में स्थित है। यह करीब 2.26 लाख वर्ग फीट (करीब 5 एकड़) में बना है। इसे एल एंड टी कंपनी ने 1189 करोड़ में बनाया है। नए पीएमओ के पास ही प्रधानमंत्री का नया आवास भी बन रहा है। इसके तैयार होने के बाद प्रधानमंत्री 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित मौजूदा आवास से नए आवास में शिफ्ट हो जाएंगे। हालांकि, अभी इसकी तारीख सामने नहीं आई है।

**नॉर्थ-साउथ ब्लॉक बनेंगे नेशनल म्यूजियम :**

सरकार की योजना है कि नॉर्थ-साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारतों को 'युगे-युगेन भारत नेशनल म्यूजियम' में बदला जाएगा। इसे विश्वस्तरीय म्यूजियम के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां भारत की सभ्यता को दिखाया जाएगा। इसमें करीब 25 से 30 हजार कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी।

## बीजेपी सत्ता में आई तो भाग्यलक्ष्मी मंदिर बनेगा गोल्डन टेम्पल जैसा : बंडी संजय

### केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री व मेयर ने माँ भाग्यलक्ष्मी के दर्शन किए



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर से भाजपा सांसद व केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री बंड़ी संजय, करीमनगर मेयर कोलगानी श्रीनिवास और डिप्टी मेयर वाई. सुनील राव के नेतृत्व में करीमनगर के सभी भाजपा पार्षदों ने माँ भाग्यलक्ष्मी के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नेताओं ने नगरवासियों की सुख-समृद्धि और विकास के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान माँ भाग्यलक्ष्मी का आशीर्वाद सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री बंड़ी संजय कुमार ने मंगलवार को पुराने शहर के 'भाग्यलक्ष्मी मंदिर' को 'शक्तिशाली मंदिर' करार देते हुए कहा कि उनके राजनीतिक सफर में उन्हें देवी भग्यलक्ष्मी का आशीर्वाद हमेशा मिला है। करीमनगर संसदीय क्षेत्र के निगम पार्षदों और पार्षदों के साथ मंदिर में व्रत पूर्ति के लिए पहुंचे संजय ने बताया कि उन्होंने पहले भी करीमनगर नगर निगम महापौर का चुनाव इसी मंदिर के आशीर्वाद से जीता था। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी 'प्रजा संग्राम यात्रा' भी इसी मंदिर से शुरू हुई थी और 1,640 किलोमीटर की पदयात्रा बीआरएस सरकार की अड़चनों के बावजूद पूरी हुई। पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीजेपी हैदराबाद में हिंदू हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। >14

## इंफ्रास्ट्रक्चर और रेलवे परियोजनाओं के लिए 12,236 करोड़ मंजूर




नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए पीएम कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई पहली कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी।

बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 12,236 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इस बड़े निवेश का मुख्य हिस्सा रेलवे और शहरी परिवहन के विस्तार पर केंद्रित है, जिसमें गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए सबसे अधिक 5,236 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पुनरख-किऊल की तीसरी और चौथी लाइन के लिए 2,668 करोड़ रुपये तथा गम्हरिया-चांडिल की तीसरी व चौथी लाइन के लिए 1,168 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। विमानन और शहरी यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से श्रीनगर में 1,667 करोड़ रुपये की लागत से एक नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 28 के विस्तार (1,067 करोड़ रुपये) को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है। वित्तीय आवंटन के अलावा, कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण नीतिगत और कृषि संबंधी फैसलों पर भी मुहर लगाई है।

एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत, राज्य का नाम 'केरल' से बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। ऊर्जा क्षेत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए नए पावर सेक्टर रिफॉर्म्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र और किसानों को वित्तीय सुरक्षा देते हुए, कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है, जिसके लिए 430 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। पिछली बैठक 13 फरवरी को हुई थी, जो साउथ ब्लॉक के पुराने पीएम कार्यालय में हुई थी।

## 'गंभीर सुरक्षा चूक के बावजूद बीएसएफ को जमीन नहीं दे रही टीएमसी'

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से दो युवकों को पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अब पर इस मामले पर बीजेपी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। बीजेपी ने टीएमसी पर आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ है। मंगलवार के बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, मुर्शिदाबाद में गिरफ्तार किए गए आईएसआई से जुड़े गुर्गों पर आतंकी साजिशों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान में अपने हैंडलर्स को ओटीटीपी भेजने का आरोप है और यह नेटवर्क कई वर्षों से सक्रिय था।

**राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ है टीएमसी :**

ममता सरकार पर हमला बोलते हुए भंडारी ने कहा, इतनी गंभीर सुरक्षा चूक के बावजूद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार ने बॉर्डर पर बीएसएफ के बुनियादी ढांचे के लिए भूमि आवंटन को बार-बार रोक रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ है। मुर्शिदाबाद से दोनों आरोपियों को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया। उनके पास से कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक आरोपी, जुहाब शेख, जो मुर्शिदाबाद का निवासी है, को कुछ दिन पहले निगरानी के दौरान संदिग्ध गतिविधियां सामने आने के बाद गिरफ्तार किया गया था। >14

## पीएम ने अमेरिका से देश बेचने की डील की : राहुल गांधी



भोपाल, 24 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अदाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया।

राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया। राहुल ने कहा- हिंदुस्तान और अमेरिका का समझौता चार महीने के लिए रुका हुआ था। ये कृषि के मामले पर रुका था। हिंदुस्तान की सरकार नहीं चाहती थी कि अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियां, सोया, कपास, भुट्टा हिंदुस्तान में बेच पाएं। हिंदुस्तान का कोई किसान और नेता नहीं चाहता। चार महीने चर्चा बंद पड़ी थी। मैंने भाषण दिया। उसमें मैं सिर्फ नरवणे की बात नहीं कहना चाहता था। दो-तीन चीजें और कहने वाला था। मेरा भाषण खत्म होते ही पीएम गए और बिना कैबिनेट से पूछे उसी दिन ट्रंप को फोन लगाया। ट्रंप ने ट्वीट किया है कि हिंदुस्तान के पीएम ने मुझे फोन किया और कह दिया कि यूएस इंडिया डील को मैं साइन करने को तैयार हूं।

**राहुल ने मोदी-ट्रंप डील के ये दो कारण बताए :**

**पहला :** अमेरिका में लाखों फाइल, एपस्टीन की फाइल बंद पड़ी हुई हैं। तीस लाख फाइल। उसमें ईमेल है। मैसेज हैं। वीडियो हैं। सबकुछ है। वो रिलीज नहीं हुई हैं। बंद पड़ी हैं। धमकाने के लिए हरदीप पुरी का नाम रिलीज किया है। ये मैसेज है कि भैया आपने हमारी बात सुनी नहीं तो फिर उन फाइलों में से माल निकलेगा। भाइयो-बहनों अनिल अंबानी मेरा मित्र नहीं है। नरेंद्र मोदी जी आप बताइए अनिल अंबानी से आपका रिश्ता क्या है? अनिल एपस्टीन फाइल में है।

**दूसरा :** मैं अभी गाड़ी में आ रहा था। देखा अदाणी आईसीसी, जहां भी देखो अडाणी। ये जो अदाणी है मामूली कंपनी नहीं है। ये बीजेपी का नरेंद्र मोदी का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर है। दूसरी धमकी है कि अमेरिका में अदाणी पर क्रिमनल केस है। अदाणी अमेरिका नहीं जा सकते हैं। डरे हुए हैं कि मैं गया तो पकड़ लेंगे। दरअसल, उस केस का लक्ष्य अदाणी नहीं, नरेंद्र मोदी है।

## अब पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में होगी चुनाव के दिन राज्य पुलिस कर्मियों की तैनाती

> चुनाव आयोग का आदेश

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। चुनाव में पुलिस कर्मियों की इस तरह से तैनाती की प्रक्रिया (रैंडमाइजेशन) से निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। इसके तहत स्थानीय पुलिस को उनके मौजूदा थाना क्षेत्रों से बाहर तैनात किया जाता है, ताकि किसी तरह का पक्षपात न हो।

चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। इसमें आयोग ने कहा कि भविष्य में होने वाले सभी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर राज्य पुलिस कर्मियों की तैनाती की प्रक्रिया संबंधित जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में होगी। एक अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ही राज्य पुलिस कर्मियों की तैनाती करते हैं और वे आगे भी यह काम करते रहेंगे। लेकिन अब यह पूरी प्रक्रिया केंद्रीय पुलिस पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में होगी। केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, असम और पश्चिम बंगाल में अप्रैल में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इन राज्यों में यह नई व्यवस्था लागू की जाएगी। चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा करने, संवेदनशील मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी के लिए राज्य पुलिस, राज्य सशस्त्र पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय बलों को भी तैनात किया जाता है।

## शशि थरूर ने कसा तंज : अब अंग्रेजी में केरल के लोगों को क्या कहा जाएगा?



तिरुवनंतपुरम, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केरल का नाम बदलकर केरलम करने की पहल पर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। केंद्र सरकार इस प्रस्ताव को कैबिनेट में पास कर चुकी है। इससे पहले ही संभावित चर्चा के बीच तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस मुद्दे पर तंज कसते हुए नया सवाल खड़ा कर दिया है।

उन्होंने पूछा कि अगर राज्य का नाम केरलम हो गया तो अंग्रेजी में केरल के लोगों को क्या कहा जाएगा। उनके इस बयान से नाम बदलने की बहस को नया मोड़ मिल गया है। दरअसल, केरल विधानसभा दो बार प्रस्ताव पारित कर चुकी है, जिसमें केंद्र से संविधान में संशोधन की मांग की गई है। मांग यह है कि राज्य का नाम उसकी मलयालम वर्तनी के अनुसार केरलम किया जाए और इसे आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं में लागू किया जाए। अब केंद्र की कैबिनेट ने भी नाम बदलने वाली मांग पर मुहर लगा दी है। ऐसे में आधिकारिक तौर पर राज्य का नाम बदल जाएगा।

**थरूर का भाषाई सवाल :**

शशि थरूर ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलन शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और 'केरलमियन' किसी खनिज जैसा। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है। राज्य भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि केरलम नाम उपयुक्त है क्योंकि राज्य अपनी परंपराओं और संस्कृति की रक्षा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि लोग बदलाव चाहते हैं और प्रदर्शन की राजनीति को आगे लाना चाहते हैं।

## अरुणाचल की महिलाओं से नस्लीय दुर्व्यवहार

### गौरव गोगोई ने की निंदा, बोले-तुरंत कार्रवाई करे प्रशासन



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के साथ कथित तौर पर नस्लीय दुर्व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 20 फरवरी को दोपहर करीब 3:30 बजे हुई, जब महिलाओं के किराए के फ्लैट में ड्रिलिंग और बिजली का काम चल रहा था। बताया गया है कि मरम्मत कार्य को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई। इसी दौरान पड़ोसियों ने महिलाओं के साथ कथित रूप से नस्लीय टिप्पणी की और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। महिलाओं ने इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**कांग्रेस नेता गौरव गोगोई की प्रतिक्रिया :**

इस घटना पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि अरुणाचल की महिलाओं के साथ हुआ नस्लीय दुर्व्यवहार बेहद परेशान करने वाला और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपने ही देश में पराया जैसा महसूस नहीं कराया जाना चाहिए।

**प्रशासन से की तुरंत कार्रवाई की मांग :**

गोगोई ने कहा कि यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि उत्तर-पूर्व के लोगों के प्रति भेदभाव अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे, दोषियों को कानून के तहत जवाबदेह ठहराए और पीड़ित महिलाओं को पूरी सुरक्षा और सहयोग दे। उन्होंने यह भी कहा कि समान नागरिकता का मतलब देश के हर हिस्से में समान सम्मान और समान सुरक्षा मिलना होना चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।

## भाजपा ने राहुल गांधी को बताया मास्टरमाइंड

### संसदीय समिति में आया ये प्रस्ताव, एआई समिट के दौरान प्रदर्शन पर सियासी तूफान

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले दिनों नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस की ओर से शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। मंगलवार संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने अपनी बैठक में इस घटना को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया। संचार और सूचना प्रौद्योगिकी की स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने 20 फरवरी 2026 को हुई इस घटना की निंदा करते हुए इसकी जानकारी दी।

वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शर्ट उतारकर किए गए प्रदर्शन के मास्टरमाइंड कांग्रेस नेता राहुल गांधी थे। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने जोर देकर कहा कि कानून का लंबा हाथ जल्द ही उस 'बदमाश' तक पहुंचेगा जिसने पर्दे के पीछे से भारत को बदनाम करने के लिए अराजक घटना की साजिश रची थी।

## सीपीआई माओवादी के चार शीर्ष भूमिगत नेताओं ने छोड़ा संगठन

> तेलंगाना पुलिस के समक्ष मुख्यधारा में लौटे माओवादी > राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मिले 90 लाख रुपये



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। सीपीआई माओवादी के चार शीर्ष भूमिगत नेताओं ने संगठन छोड़ दिया है। वे तेलंगाना पुलिस के समक्ष मुख्यधारा में लौटे है। तेलंगाना में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी)को बड़ा झटका लगा है। संगठन के चार वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी, मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम, बडे चोक्का राव उर्फ दामोदर और नूने नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना शामिल हैं।

मुख्यधारा में लौटने वालों में पोलित ब्यूरो सदस्य (पीबीएम) टिप्पिरी थिरुपति उर्फ देवुजी उर्फ कुम्मा दादा, केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम) मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम, तेलंगाना राज्य समिति (टीएससी) के सचिव बडे चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन तथा राज्य समिति सदस्य (एससीएम) नूने नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना उर्फ सन्न दादा शामिल हैं। इन चारों नेताओं ने पुलिस महानिदेशक बी. शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। डीजीपी ने बताया कि पोलित ब्यूरो सदस्य देवुजी और केंद्रीय समिति सदस्य संग्राम के मुख्यधारा में लौटने से संगठन की शीर्ष संरचना प्रभावी रूप से ध्वस्त हो गई है। वहीं दामोदर (राज्य सचिव) और गंगन्ना (राज्य समिति सदस्य) की वापसी से तेलंगाना राज्य समिति भी निष्क्रिय हो गई है। देवुजी पिछले 44 वर्षों से भूमिगत थे और केंद्रीय सैन्य आयोग के प्रभारी के साथ संगठन के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में भी कार्यरत थे। संग्राम 46 वर्षों से भूमिगत रहकर दंडकारण्य सहित कई जोनल समितियों का नेतृत्व कर चुके थे। दामोदर 28 वर्षों से सक्रिय रहे और जनवरी 2025 से तेलंगाना राज्य समिति के सचिव थे।

गंगन्ना 36 वर्षों से संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा रहे थे और पीएलजीए की पहली बटालियन में राजनीतिक सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। आत्मसमर्पण के कारणों की चर्चा डीजीपी ने बताया कि इन नेताओं ने 21 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा की गई अपील से प्रेरित होकर हिंसा का मार्ग छोड़ने का निर्णय लिया। संगठन के भीतर वैचारिक मतभेद, आंतरिक कलह और जमीनी हकीकत से बढ़ती दूरी भी इस निर्णय के प्रमुख कारण बताए गए हैं। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत 90 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। देवुजी और संग्राम पर 25-25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। दामोदर और गंगन्ना पर 20-20 लाख रुपये का इनाम था। कुल 90 लाख रुपये की राशि डिमांड ड्राफ्ट/चेक के माध्यम से प्रदान की गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पुनर्वास नीति के सभी लाभ उन्हें समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएंगे। पुलिस के अनुसार वर्ष 2024 से 2026 के बीच कुल 591 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं, जिनमें चार केंद्रीय समिति सदस्य और 16 राज्य समिति सदस्य शामिल हैं। >14

# 'ओडिशा-झारखंड के अधिकारियों को कर सकते हैं तैनात'

## लेह जा रहे स्पाइसजेट के विमान का इंजन फेल

### दिल्ली में हुई इमरजेंसी लैंडिंग; 150 लोग थे सवार

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह लेह के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के एक विमान को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। विमान के इंजन में आई खराबी के बाद पायलट ने एहतियात बरतते हुए विमान को सुरक्षित दिल्ली में लैंड कराया। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे। स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-121 ने मंगलवार सुबह दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी थी।

उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही विमान के इंजन में कुछ तकनीकी समस्या महसूस की गई। पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी और विमान को वापस दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया। एटीसी की अनुमति के बाद विमान एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतरा और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि तकनीकी समस्या के कारण विमान को एहतियाती तौर पर वापस लाया गया था। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### बंगाल एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और ओडिशा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है।



### सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट को ये निर्देश दिए

**मुख्य न्यायाधीश अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर और जूनियर डिवीजन) तैनात कर सकते हैं, जिनके पास कम से कम तीन साल का अनुभव हो।**

**पहले से तैनात जिला और अतिरिक्त जिला जजों के अलावा जरूरत के अनुसार और न्यायिक अधिकारी लगाए जा सकते हैं।**

**यदि राज्य में उपलब्ध जज पर्याप्त न हों तो झारखंड और ओडिशा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद मांगी जा सकती है।**

**झारखंड और ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा गया है।**

**तैनात न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में आए दावों और आपत्तियों की निगरानी और सत्यापन में मदद करेंगे।**

**पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए,**

**यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।**

#### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने क्या बताया?

सुनवाई के दौरान बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है।

#### 50 लाख से ज्यादा मामलों में गड़बड़ी

सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि यह आपात सुनवाई इसलिए की गई क्योंकि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने पत्र लिखकर प्रक्रिया की विशालता और जटिलता की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार 50 लाख से अधिक मामलों में तार्किक विसंगतियां और अनमैप्ड प्रविष्टियां पाई गई हैं। यह एक बहुत बड़ा अभ्यास है, जिसे कम समय में पूरा करना चुनौती है।

#### 28 फरवरी को अंतिम सूची

अदालत ने चुनाव आयोग को 28 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है। साथ ही कहा है कि नामांकन की अंतिम तारीख तक पूरक सूची जारी की जा सकती है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अदालत ने आदेश दिया कि पूरक सूची में शामिल मतदाताओं को भी अंतिम सूची का हिस्सा माना जाएगा। सत्यापन के दौरान आधार कार्ड, कक्षा 10 की प्रवेश पत्र और पास प्रमाण पत्र को मान्य दस्तावेज माना जाएगा।

#### भरोसे के संकट पर भी की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में कहा था कि राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी के कारण गतिरोध की स्थिति बन गई है। इसी कारण न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में प्रक्रिया आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों की चिंताओं को संतुलित करते हुए चुनाव की शुचिता सुनिश्चित की जाएगी।

## "मंदिर में मत आओ दलित नव दंपत्ति को पूजा करने से रोका

तूमकुरु, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के तूमकुरु जिले के तुरुवेकेरे तालुक में स्थित गोनि गांव के अरसम्मा मंदिर में एक दलित परिवार के साथ कथित जातिगत दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत के अनुसार, एक नवविवाहित दलित दंपति, पुणीत और पंकजा, शादी के बाद मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे।

तभी वहां मौजूद एक ऊंची जाति के व्यक्ति नारायणप्पा ने कथित रूप से देवी का अवतार लेने का नाटक किया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए कहा कि दलितों को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। पीड़ित परिवार के मुताबिक, नारायणप्पा ने उन्हें फटकारते हुए मंदिर से बाहर जाने को कहा और पूजा घर पर करने की नसीहत दी। घटना के दौरान वहां मौजूद अन्य लोग तमाशा देखते रहे। घटना का वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद हो गया, जिसमें आरोपी को कहते सुना गया "दलितों का मंदिर में प्रवेश वर्जित है... बाहर जाओ। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज

## विधानसभा में दूसरे दिन भी विपक्ष का हंगामा

### सबरीमाला में सोने की हेराफेरी को लेकर कार्यवाही में रुकावट



कोच्चि, 24 फरवरी (एजेंसियां)। केरल विधानसभा में आज दूसरे दिन भी कार्यवाही ठीक से नहीं चल पाई। कांग्रेस की अगुवाई वाली यूडीएफ ने सबरीमाला से सोने की कथित हेराफेरी का मुद्दा उठाकर कार्यवाही में बाधा डाली। यूडीएफ ने सदन में प्लेकार्ड और बैनर पकड़े और सत्ताधारी लेफ्ट सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

विपक्ष सदन के वेल में बैठ गया और सत्ताधारी फ्रंट के खिलाफ नारे लगाता रहा। विपक्ष के विरोध के बाद, अध्यक्ष ए एन शमसीर ने प्रश्नकाल रोक दिया और दूसरा काम करने लगे। जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्ष ने सदन के अध्यक्ष को बताया कि वे सबरीमाला सोने के मुद्दे पर सरकार के रुख और मुख्य पुजारी) कंदाररू राजीवारू की गिरफ्तारी के कारण का सदन में सहयोग की कार्यवाही में सहयोग नहीं करेंगे। सत्तारूढ़ लेफ्ट सरकार ने अपने मंत्रियों पी राजीव और एम बी राजेश के द्वारा विपक्ष पर पलटवार किया। सरकार ने कहा कि यूडीएफ पिछले पांच वर्षों में सरकार के खिलाफ एक भी अविश्वास प्रस्ताव नहीं ला सका।

इसकी के साथ 21 मंत्रियों में से किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का मामला भी सामने नहीं ला पाई। केरल हाई कोर्ट के दावा गठित एसआईटी, सबरीमाला में द्वारपालक की मूर्तियों और श्रीकोविल के दरवाजों के फ्रेम से सोने की कथित हेराफेरी की जांच कर रही है।

### मयूर विहार इलाके के पार्किंग में मिला शव

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के मयूर विहार इलाके के स्टार सिटी मॉल में पार्किंग में लगी एक कार में एक शख्स मृत मिला है। सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में ऐसा लग रहा है कि शख्स की मौत नेचुरल हुई है। दिल्ली पुलिस अभी सीसीटीवी फुटेज तलाश रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम नरेंद्र है। उसके पिता का नाम करतार सिंह और वो नोएडा का निवासी है। पुलिस मौत के कारणों की तलाश में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।उन्होंने बताया कि फिलहाल देखने से ऐसा लग रहा है कि शख्स की मौत नेचुरल हुई हो।

## दिल्ली के रणहौला में स्कूल में आग लगी भीषण लपटों के बीच एक शख्स की मौत



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बाहरी दिल्ली के रणहौला इलाके में मौजूद एक स्कूल में आग लगने की खबर है। भीषण आग की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई। सूचना मिलते ही फायर डिपार्टमेंट की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस हादसे में जान गंवाने वाले कोई और नहीं, बल्कि स्कूल के गार्ड थे। बताया जा रहा है कि उनकी दम घुटने से मौत हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। आग की सूचना के बाद स्कूल और आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर डिपार्टमेंट और पुलिस को आग लगने की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची टीमों ने राहत बचाव का काम शुरू किया। घटना में और कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। न ही घटना के पीछे की वजह पता लग पाई है। पुलिस की टीम आग लगने के कारणों की खोज में जुटी है। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि दिल्ली के रणहौला इलाके में एक स्कूल में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। फायर विभाग को सुबह करीब 8 बजे आग लगने की सूचना मिली। जब टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि आग रात के दौरान लगी थी और इसकी जानकारी सुबह तब मिली, जब स्कूल का स्टाफ पहुंचा। आग गार्ड रूम में लगी थी, जहां से एक शव बरामद किया गया। मामले की जांच जारी है।

### अनुराग ठाकुर का हमला, बोले–कुप्रबंधन से राज्य गहरे संकट में

धर्मशाला, 24 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेशः भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुप्रबंधन के कारण प्रदेश आज गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ठाकुर ने कहा कि बढ़ते कर्ज की वजह से राज्य में आधारभूत ढांचे का विकास प्रभावित हुआ है। उनके मुताबिक बड़ी सड़कें, हवाई अड्डे, रेलवे लाइन, अस्पताल और शिक्षा केंद्र जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, क्योंकि सरकार के पास खर्च करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि मात्र तीन वर्षों में 35–40 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया है और जनता यह सवाल पूछ रही है कि इस धन का लाभ किसे मिला। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश का "बच्चा-बच्चा" इस स्थिति को समझ रहा है। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि उन्होंने पहले भी राज्य के मुख्यमंत्री और सरकार को सहयोग की पेशकश की थी। उनके अनुसार, जैसे केंद्र ने तेलंगाना की मदद की, वैसे ही हिमाचल की सहायता के लिए भी वे तैयार हैं।

## कांग्रेस को रास नहीं आया पीएम मोदी का इजराइल दौरा

### कहा- फलस्तीनियों के हित को सरकार ने छोड़ दिया



#### गाजा पर हमले को लेकर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि इजराइल की ओर से लगातार गाजा क्षेत्र में आम लोगों पर बेरहमी से हमले जारी हैं। उनका यह भी कहना है कि इजराइल और अमेरिका अब ईरान पर हवाई हमले की योजना बना रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, "फिर भी प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) कल बुधवार के इजराइल के दौरे पर जा रहे हैं (कुल मिलाकर जहां मोदानी कनेक्शन भी है), वहां वे अपने अच्छे दोस्त मिस्टर नेतन्याहू से गले लगेंगे, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के बहुत गंभीर आरोप चल रहे हैं।" उन्होंने कहा, "इजराइल में विपक्ष पीएम मोदी के इजराइली संसद में भाषण देने का बॉयकॉट करने की धमकी दे रहा है ताकि यह विरोध जताया जा सके कि पीएम नेतन्याहू अपने देश इजराइल में न्यायपालिका की आजादी को कैसे खत्म कर रहे हैं।"

#### आज इजराइल के लिए रवाना होंगे पीएम मोदी

रमेश ने दावा करते हुए कहा कि मोदी सरकार फिलिस्तीनियों के लिए अपने कमिटमेंट पर पाखंडभरे बयान देती है। उन्होंने कहा, "असलियत यही है कि मोदी सरकार ने उन्हें छोड़ दिया है, जबकि सरकार यह भूल गई कि भारत 18 नवंबर, 1988 को फिलिस्तीन के देश के रूप में मान्यता देने वाले शुरुआती देशों में से एक था।" दूसरी ओर, पीएम मोदी का इजराइल दौरा वहां की घरेलू राजनीति में उलझ गया है, क्योंकि विपक्ष ने मोदी के संसद में भाषण का बॉयकॉट करने की धमकी दी है, जब तक कि प्रोटोकॉल के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के चीफ को इसके लिए नहीं बुलाया जाता। पीएम मोदी कल बुधवार से 2 दिन के दौरे पर इजराइल दौरे पर रवाना हो रहे हैं। इस दौरान वे इजराइली संसद नेसेट को संबोधित करेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग से मुलाकात करेंगे।

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 साल के बाद इजराइल के दौरे पर जा रहे हैं, इस दौरै से दोनों देशों के बीच रिश्तों में और गर्माहट आने की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन कांग्रेस ने पीएम के इजराइल दौरे के समय को लेकर सवाल खड़े करते हुए कड़ी आलोचना की और कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने फलस्तीनियों और उनके हितों को छोड़ दिया है। उसका कहना है कि पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय हो रहा है जब इजराइल गाजा पट्टी में आम लोगों पर बेरहमी के साथ पेश आ रहा है और उनकी हत्या कर रहा है। कांग्रेस के संचार प्रमुख और पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार फिलिस्तीनियों से जुड़े अपने वादों को लेकर बेकार और हाइपोक्रिटिकल बयान देती रही है, लेकिन असल में सरकार ने उन्हें छोड़ दिया है। रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइल द्वारा कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हजारों की संख्या में फिलिस्तीनियों को बेदखल करना और वहां से हटाने का काम तेज हो गया है। पूरी दुनिया में इसकी आलोचना हो रही है।

### कुत्ते के काटने के बाद दहशत में आया बैंक कर्मचारी, कर ली आत्महत्या

ठाणे, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण ईस्ट इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां आवारा कुत्ते के काटने के बाद रेबीज के डर से एक युवक ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान ऐस विश्वनाथ अमीन के रूप में हुई है, जो तिसगांव नाका स्थित सहजीवन सोसायटी में रहता था और एक निजी बैंक में वरिष्ठ पद पर कार्यरत था। परिजनों और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले उसे एक आवारा कुत्ते ने पैर में काट लिया था, जिसके बाद उसने चिकित्सकीय सलाह लेकर एंटी-रेबीज के टीके भी लगवाए थे। बताया जा रहा है

### सिगनेचर ब्रिज पर 4 लड़के 3 बाइक पर कर रहे थे मस्ती दिल्ली पुलिस ने उतारा बाइकर्स के स्टंट का नशा

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की सड़कों पर खतरनाक स्टंट करते हुए बाइकर्स अकसर दिख जाते हैं। दिल्ली पुलिस इन स्टंट करने वाले बाइकर्स को सबक भी सिखाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में बाइकर्स की स्टंटबाजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। दिल्ली पुलिस ने इस पर एक्शन लिया है। 4 युवक दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर बीच सड़क पर 3 बाइक से खतरनाक बाइक चला रहे हैं।

वीडियो के बैकग्राउंड में हरियाणवी गाना भी बज रहा है। वीडियो के इंस्टाग्राम में वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने एक्शन लिया है। पुलिस ने सभी बाइकर्स को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बाइक भी जब्त कर ली गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, लापरवाह और खतरनाक बाइकिंग एक्टिविटी के बारे में इंस्टाग्राम पर मिली शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने लोगो को डिजिटल अरेस्ट के प्रति किया जागरुक

## कहा कानून में ऐसा कुछ नहीं

मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज विधानसभा में डिजिटल अरेस्ट को लेकर को लेकर बयान देते हुए इसे फ्रॉड बताया। उन्होंने इसे कानूनी तौर पर गलत बताया और लोगों से इससे बचने की अपील की। उन्होंने प्रश्नकाल में सपा नेता अबू आजमी के मुद्दे पर दखल देते हुए कहा कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर पीड़ित साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन 1930 पर गोल्डन आवर के अंदर करते हैं, तो लगभग 90 प्रतिशत पैसा वापस मिल सकता है। फडणवीस ने कहा, मैं नागरिकों को बताना चाहता हूं कि कानून में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई चीज़ नहीं है। अगर आपको कोई फ़ोन कॉल या वीडियो कॉल आता है जिसमें कहा जाता है कि आप डिजिटल अरेस्ट में हैं... तो समझ लें कि यह एक फ्रॉड है और 1930 (साइबरक्राइम हेल्पलाइन नंबर) पर रिपोर्ट करें। सीएम ने बाताया कि फ्रॉड करने वाले खुद को पुलिस, सीबीआई या कस्टम का अधिकारी



बताता है। वह आपको ड्रग्स केस या किसी आपराधिक घटना में आपका नाम आमे की जानकारी देकर डराता है। इस तरह आपको डिजिटल अरेस्ट कर लिया जाता है। पीड़ित को स्क्रीन के सामने से हटने के लिए मना किया जाता है। डरे हुए लोग फ्रॉ.करने वाले को पैसे भेज देते हैं। ऐसे फ्रॉड के मामलों में, मास्टरमाइंड विदेश में होता है, उन देशों में जिनके साथ भारत की कोई ट्रीटी नहीं है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन मनी ट्रांसफ़र दूसरे देशों के बैंक अकाउंट में भेजे जाते हैं।

### बाइक किसने तोड़ी,शक में 32 छात्रों को टीचर ने बेरहमी से पीटा, शरीर हो गया लाल, अब अरेस्ट

लातूर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल में छात्रों की पिटाई का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने 32 छात्रों के साथ कथित मारपीट करने के आरोप में एक टीचर को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद पैरेंट्स में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से टीचर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना 21 फरवरी की रात अहमदपुर कस्बे के पास स्थित एक निजी आवासीय स्कूल के हॉस्टल में हुई। हॉस्टल में पांचवीं से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र रहते हैं। आरोप है कि स्कूल के टीचर उज्ज्वल प्रकाश सोनी को संदेह था कि कुछ छात्रों ने उसकी बाइक को नुकसान पहुंचाया है। इसी शक के आधार पर उसने देर रात हॉस्टल में जाकर कई छात्रों को बाहर बुलाया और उनसे पूछताछ शुरू की। बताया जा रहा है कि टीचर ने आपा खो दिया और छात्रों को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने एक-एक कर कई छात्रों की लाठी से पिटाई की, जिससे कम से कम 32 छात्र प्रभावित हुए। कुछ बच्चों को चोटें भी आईं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना के दौरान छात्र भयभीत हो गए और कई रोते-बिलखते हॉस्टल कर्मियों के पास पहुंचे।

## दिल्ली से सटे गाजियाबाद में मूली के खेत में मरे पाए गए 10 राष्ट्रीय पक्षी मोर



गाजियाबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे यूपी के गाजियाबाद जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। गाजियाबाद के एक गांव में 10 मोर मारे पाए गए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मूली के खेत के पास बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पक्षी मोरों के मृत पाए जाने से हड़कंप मच गया। मरे हुए मोरों की संख्या 10 है और एक मोर बेहोश अवस्था में बरामद किया गया है। घटना का पता तब चला जब पचायारा गांव के एक किसान ने अपनी गेहूं की फसल की जांच करते समय गिरे हुए पक्षियों को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी, जो पशु चिकित्सकों के साथ घटनास्थल पर पहुंची।

#### एक मोर को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मामले की अधिक जानकारी देते हुए वन विभाग के उप-मंडल अधिकारी (एसडीओ) सलोनी ने कहा कि मूली के खेत में मिले 11 मोरों में से 10 की पहले ही मौत हो चुकी थी। एक पक्षी जीवित पाया गया जिसे प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद आगे के विशेष उपचार के लिए ले जाया गया है।

#### मोर के शवों को कराया जा रहा पोस्टमॉर्टम

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पक्षियों ने कीटनाशक जैसे अपचनीय या जहरीले पदार्थ का सेवन किया होगा या दूषित पानी पिया होगा। सलोनी ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत का सही कारण पता चल सके।

#### मिट्टी और पाने के लिए गए सैंपल

मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) ईशा सिंह ने बताया कि टीम के साथ आए फोरेंसिक विशेषज्ञों ने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए आसपास के क्षेत्र से मिट्टी और पानी के सैंपल एकत्र किए हैं। खास बात यह है कि पक्षियों के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले।

#### स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री मालिकों को बताया जिम्मेदार

वहीं, इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है, जो इनकी मौत के लिए फैक्ट्री मालिकों के लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पड़ोसी बागपत जिले के उद्योगों से निकलने वाले जहरीले पानी स्थानीय नालों और यमुना नदी में बहाया जा रहा है। एक निवासी ने दावा किया कि इस पानी को पीने से जानवर और पक्षी अक्सर मर रहे हैं।

#### एक ग्रामीण बोला, मोरों को दिया गया जहर

वहीं, घटनास्थल पर पहुंचे एक ग्रामीण रविंद्र सिंह ने साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि पक्षियों को जहर दिया गया था। उन्होंने बताया कि जहां मोर मिले थे, उसके आसपास से कीटनाशक के कई खाली पैकेट और बोतलें बरामद की गई हैं।

सुविचार: अगर आपको अच्छे बदलाव देखने है, तो पहले आपको खुद में बदलाव लाना होगा!

# तेलंगाना में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0 लागू होगा : मंत्री

## वैश्विक निवेश आकर्षित करने की तैयारी



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना सरकार राज्य को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0' लागू करने जा रही है। आईटी एवं उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने यह घोषणा मंगलवार को की। मंत्री ने एफटीसीसीआई द्वारा जुबली हिल्स स्थित जेआरसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'ग्रोथ एक्स 2026' सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि प्रस्तावित नीति हितधारकों से व्यापक परामर्श के बाद तैयार की जाएगी। इसका उद्देश्य औद्योगिक विकास को गति देना, निवेशकों का विश्वास मजबूत करना और उन्हें अधिक भरोसा प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि विकास आकस्मिक नहीं, बल्कि सुनियोजित होना चाहिए। इसी दृष्टि से सरकार ने दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार के लिए 'तेलंगाना विजन 2047' तैयार किया है। वर्तमान में 200 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला तेलंगाना वर्ष 2034 तक 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इंडस्ट्री 5.0 जैसी नई तकनीकें कार्य संस्कृति और व्यापार मॉडल को बदल रही हैं। भविष्य में प्रतिस्पर्धा मजबूत इकोसिस्टम पर निर्भर करेगी, न कि केवल व्यक्तिगत कंपनियों पर। सरकार नियामक संस्था के बजाय उद्योग की साझेदार बनकर काम करना चाहती है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रामचंदर राव, डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी, एफटीसीसीआई अध्यक्ष आर. रवि कुमार, स्काईरूट एयरोस्पेस के प्रतिनिधि तथा ग्रोथ एक्स 2026 के संयोजक पंकज दीवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कार्यालय हटाने के फैसले पर पूर्व मंत्री ने जताई आपत्ति

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री व बीआरएसएलपी के डिप्टी फ्लोर लीडर टी. हरीश राव ने हैदराबाद के पुराने शहर से सहायक नागरिक आपूर्ति अधिकारियों (एसीएसओ) के कार्यालयों को स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर चिंता जताई है। यह मामला बीआरएस के चारमीनार विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी मो. सलाउद्दीन लोधी ने पूर्व मंत्री के संज्ञान में लाकर कार्यालय का स्थानांतरण रोके जाने की मांग की थी।

पूर्व मंत्री ने इस संबंध में सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी को एक पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पत्र में हरीश राव ने बताया कि सर्कल 1, 2 और 3 के एसीएसओ कार्यालयों को पुराने शहर से नामपल्ली स्थित चंद्र विहार भवन में स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से हजारों राशन कार्डधारकों, विशेषकर बुजुर्गों, दिहाड़ी मजदूरों और निम्न आय वर्ग के परिवारों को गंभीर असुविधा होगी, जो आवश्यक वस्तुओं और दस्तावेजी कार्यों के लिए इन कार्यालयों पर निर्भर हैं।

# कांग्रेस शासन में हिंदू मंदिरों पर लगातार हमले बढ़े : रामचंद्र राव



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने मंगलवार को चंद्रयानगुट्टा के बारकास इलाके में श्री द्विमुखी हनुमान मंदिर पर कथित हमले की निंदा की और इसे 'घिनौना कृत्य' बताया।

पत्रकारों से बातचीत में राव ने कहा कि भगवान हनुमान की मूर्ति के तोड़फोड़ की यह घटना कांग्रेस शासन में हिंदू मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों की चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिरों और धार्मिक भावनाओं को निशाना बनाने की ये घटनाएं तेलंगाना में चल रहे 'अंतिहिंदू शासन' को दर्शाती हैं।

राज्य सरकार की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाते हुए बीजेपी नेता ने आरोप लगाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई और उन्होंने सभी आरोपियों की तत्काल पहचान और गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने तेलंगाना के मंदिरों में सुरक्षा बढ़ाने की भी वकालत की। राव ने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो विरोध और तेज किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी राज्य में हिंदू धार्मिक संस्थानों और सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## श्री श्री देवमुख अंजनेय स्वामी मंदिर में तोड़फोड़, क्षेत्र में तनाव

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार रात्रि बालापुर मार्ग पर स्थित श्री श्री देवमुख अंजनेय स्वामी मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मूर्तियों को कथित रूप से क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस के अनुसार कुछ लोगों ने मंदिर की लोहे की जाली तोड़कर परिसर में प्रवेश किया और वहां स्थापित मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया।

घटना की जानकारी प्रातः उस समय हुई जब स्थानीय पुजारी मंदिर पहुंचे और उन्होंने तोड़फोड़ देखी। सूचना मिलते ही मंदिर समिति के सदस्यों ने पुलिस को अवगत कराया। चंद्रयानगुट्टा के सहायक पुलिस आयुक्त एस. सुधाकर सहित पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद मकबूल कॉलोनी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, जहां मंदिर स्थित है। विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हैदराबाद में एमबीबीएस सीट दिलाने के नाम पर ठगी, शिक्षा परामर्श संस्था के विरूद्ध मामला दर्ज

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद केंद्रीय अपराध थाना पुलिस ने एमबीबीएस सीट दिलाने का झांसा देकर अनेक लोगों से धन ठगने के आरोप में एक शिक्षा परामर्श संस्था के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2025 में सामाजिक माध्यम पर चिकित्सा परामर्श से संबंधित विज्ञापन देखने के बाद मलकपेट स्थित तिरुमाला हिल्स क्षेत्र की एक चिकित्सक ने अमीरपेट स्थित उक्त संस्था के कार्यालय से संपर्क किया। संस्था ने कथित रूप से उनके पुत्र को एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया और सेवा शुल्क के रूप में पांच लाख रुपये प्राप्त किए। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि प्रवेश सुनिश्चित नहीं हुआ तो 45 दिनों के भीतर पूरी राशि लौटा दी जाएगी। नवंबर माह में आरोपियों ने एलबी नगर स्थित एक निजी चिकित्सकीय महाविद्यालय में सीट सुनिश्चित होने का दावा करते हुए कथित रूप से जाली आवंटन पत्र जारी किया और अतिरिक्त 13 लाख 90 हजार रुपये वसूल लिए। संदेह होने पर पीड़िता ने दस्तावेजों की जांच कराई, जिसमें वे जाली पाए गए। इसके बाद जब वह कार्यालय पहुंचीं तो पाया कि कार्यालय बंद हो चुका था। केंद्रीय अपराध थाना पुलिस के अनुसार संस्था पर इसी प्रकार के आश्वासन देकर कई लोगों से लगभग एक करोड़ 15 लाख रुपये वसूलने का संदेह है। शिकायत के आधार पर कंपनी के निदेशकों एवं अन्य सदस्यों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## टीजीएसपीडीसीएल सहायक अभियंता रिश्वत लेते पकड़ा गया

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार के खिलाफ अहम कार्रवाई में तेलंगाना स्टेट साउदर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (टीजीएसपीडीसीएल) के मसाब टैंक सेक्शन में तैनात सहायक अभियंता (ऑपरेशन्स) मामिडिसेट्टी श्रीनिवास राव को एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी), सिटी रेंज- II यूनिट ने 16 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता के जब्त बिजली मीटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई न करने के लिए रिश्वत की मांग की और रकम स्वीकार की। अधिकारी के कब्जे से 16,000 रुपये जब्त किए गए। एसीबी ने बताया कि आरोपी ने अपने पद का दुरूपयोग कर अनुचित लाभ प्राप्त करने की कोशिश की। उन्हें गिरफ्तार कर प्रथम अतिरिक्त विशेष न्यायालय (एसपीईएंड एसीबी केस), नामपल्ली में न्यायिक रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। मामला अभी जांचाधीन है। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी गई है।

## मलकपेट में दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मलकपेट थाना पुलिस ने मंगलवार को एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग ढाई लाख रुपये मूल्य की 12 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार मामला जनवरी माह का है, जब मूसा रामबाग मेट्रो स्टेशन के समीप खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। सोमवार रात्रि मूसा रामबाग क्षेत्र में नियमित वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक निजी कर्मचारी टी. वीरा वेंकट सत्यनारायण को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। पूछताछ में उसके कथित रूप से चोरी की घटनाओं में संलिप्त होने की पुष्टि हुई। उसके कथन के आधार पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से कुल 12 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर जब्त कर लीं।

## कर्मचारी और पेंशनर संघों के प्रतिनिधियों ने सीएम से मुलाकात की

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से आज विभिन्न कर्मचारी और पेंशनर संघों के प्रतिनिधियों ने उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस अवसर पर टीजीडीओ, टीएनजीडीओ, रेवेन्यू, शिक्षक और पेंशनर संघों के नेताओं तथा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। कर्मचारी संघों ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित प्रमुख योजनाएं- जोखिम बीमा और स्वास्थ्य कार्यक्रम उनके लंबे समय से प्रतीक्षित सपनों को साकार कर रही हैं। संघों ने इन योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये योजनाएं इतिहास में दर्ज हो जाएंगी। मुख्यमंत्री द्वारा 652 मान्यता प्राप्त सरकारी और निजी अस्पतालों में 1,998 बीमारियों के लिए नकद रहित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा पर कर्मचारियों ने विशेष खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री से मिलकर तेलंगाना कर्मचारी, शिक्षक और पेंशनर संयुक्त कार्यकारी समिति (जेएसी) के नेता मारा जगदीश्वर, ए.लूरी श्रीनिवास राव, वी. लच्छिरेड्डी, के. रामकृष्ण और अन्य ने योजना की सफलता और कर्मचारियों के हितों के लिए मुख्यमंत्री के योगदान की सराहना की।

# एटीएम कैश चोरी का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

### 34.90 लाख रुपये बरामद

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने गच्चीबोली थाना क्षेत्र में एटीएम में नकदी भरने वाले वाहन से 56 लाख रुपये की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 34,90,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2026 को गोपनपल्ली तांडा क्षेत्र में एटीएम में नकदी आपूर्ति करने वाले वाहन से 56 लाख रुपये चोरी हो गए थे। इस संबंध में गच्चीबोली थाने में अपराध संख्या 278/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों की जांच और संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि संगम सिक्योरिटी एजेंसी में चालक के रूप में कार्यरत 34 वर्षीय बडिगेरे अजीत कुमार उर्फ शिवा ने ड्यटी के दौरान ही वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, जब अन्य कर्मचारी एटीएम में नकदी भरने में व्यस्त थे, तब आरोपी वाहन लेकर फरार हो गया। करीब दो घंटे तक उसने सहकर्मियों को यह कहकर गुमराह किया कि वह पास के होटल में चाय पी रहा है। बाद में नल्लागंडला के गद्दार चौराहा के पास वाहन खड़ा कर नकदी से भरा ट्रंक बॉक्स निकाल लिया और ऑटो से फरार हो गया। उसी रात वह आरटीसी क्रॉस रोड स्थित एक लॉज में ठहरा और कुल्हाड़ी के ब्लेड से कैश बॉक्स खोलकर नकदी अपने बैग में रख ली।

इसके बाद वह अनंतपुर, बल्लारी, बेंगलुरू, पुणे आदि स्थानों पर घूमता रहा ताकि पुलिस से बच सके। 24 फरवरी की सुबह जब वह राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (शमशाबाद) से किसी अन्य स्थान के लिए रवाना होने की कोशिश कर रहा था, तभी साइबराबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच के लिए तीन विशेष टीमें गठित की गई थीं। तकनीकी साक्ष्य और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी गई। पूछताछ में उसके पास से 34.90 लाख रुपये बरामद कर पंचनामा के तहत जब्त किए गए। शेष राशि के बारे में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने उसे अपने निजी विलासितापूर्ण खर्चों में खर्च कर दिया। आरोपी को संबंधित धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने संगम सिक्योरिटी एजेंसी की लापरवाही पर भी कार्रवाई करने की बात कही है। एजेंसी के खिलाफ निजी सुरक्षा एजेंसियां विनियमन अधिनियम, 2005 (पीएसएआरए) के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पुलिस उपायुक्त, सेरिलिंगमपल्ली जोन, च. श्रीनिवास के पर्यवेक्षण और अतिरिक्त डीसीपी उदय कुमार के मार्गदर्शन में सुलझाया गया। जांच में सीसीएस माधापुर, गच्चीबोली एसएचओ बालराज, डिटेक्टिव इंस्पेक्टर और क्राइम टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने एसवीआर बस ट्रैवल्स के चालक उमाकांत की सतर्कता की भी सराहना की, जिनकी सूचना से मामले के खुलासे में मदद मिली। साइबराबाद पुलिस ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अपने कर्मचारियों का पूर्ण रिकॉर्ड रखने और पुलिस के साथ नियमित रूप से जानकारी साझा करने की सलाह दी है।

## हैदराबाद पुलिस की ईगल दल की कार्रवाई

### 6.88 करोड़ की संपत्ति जब्त

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस की ईगल दल ने संगारेड्डी में अल्प्राज़ोलम के अवैध निर्माण और बिक्री से जुड़े प्रकरण में आठ आरोपियों द्वारा कथित रूप से अर्जित 6 करोड़ 88 लाख रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त की हैं। वर्ष 2024 में मिलावटी अल्प्राज़ोलम के सेवन से 18 लोगों की मृत्यु के बाद 18 व्यक्तियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी चल-अचल संपत्तियों की पहचान की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच में कृषि भूमि, बैंक खाते, वाहन, भूखंड, विला तथा स्वतंत्र मकानों सहित अनेक संपत्तियां चिह्नित की गईं। विश्लेषण के उपरांत यह पाया गया कि ये संपत्तियां अल्प्राज़ोलम की अवैध बिक्री से अर्जित धन से खरीदी गई थीं। संबंधित प्राधिकरण से संपर्क करने के पश्चात अनुकूल आदेश प्राप्त हुआ और आठ संदिग्धों की संपत्तियों को विधिसम्मत रूप से जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जब्त की गई संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य अनुमानतः 33 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया है।

# कांग्रेस का मतलब ही गरीबों की सरकार : महेश गौड़



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष एवं एमएलसी महेश कुमार गौड़ आज मीरजापुर ग्राम पहुंचे और परिगी के विधायक के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत श्रमिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। महेश कुमार गौड़ ने कहा कि कांग्रेस का मतलब ही गरीबों की सरकार है।

उन्होंने पार्टी की उस गौरवशाली परंपरा का स्मरण कराया, जिसने देश में पेंशन प्रणाली की शुरूआत की और सामाजिक सुरक्षा की नींव रखी। उन्होंने बताया कि गरीब परिवारों को रोजगार सुरक्षा देने के उद्देश्य से कांग्रेस सरकार ने वार्षिक 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना लागू की है। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी योजनाओं जैसे सन्ना चावल वितरण, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त बिजली की सेवाओं के प्रभाव पर लोगों से बातचीत की। उपाधि गारंटी योजना के श्रमिकों को पेश आने वाली समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी उन्होंने दिया। इस अवसर पर उन्होंने मीरजापुर ग्राम में निर्माणाधीन इंदिरा आवास योजनाओं का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों और लाभार्थियों से प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया और हर योग्य परिवार को आवास सुविधा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस नेता, जनता प्रतिनिधि और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# वेमुलवाड़ा राजराजेश्वर स्वामी मंदिर विकास कार्यों को तेज करने के निर्देश

## मंत्रियों ने मंदिर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। देवास्य विभाग की मंत्री कोंडा सुरेखा और परिवहन मंत्री पोनम प्रभाकर ने वेमुलवाड़ा श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मंदिर विकास के लिए चार चरणों में 695 करोड़ रुपये की मास्टर योजना बनाई गई है। बैठक में पहले चरण के 111.25 करोड़ रुपये के कार्यों की समीक्षा की गई। मंत्री ने ठेकेदारों को निर्देश दिए कि पहले चरण के कार्य 31 मार्च 2027 तक पूर्ण कर लिए जाएं और इस वर्ष मानसून से पहले रूफ लेवल कार्य पूरे कर लिए जाएं। मंत्री सुरेखा ने कहा कि विकास कार्यों को तेज किया जाए ताकि भक्तों को किसी भी तरह की असुविधा न हो और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। श्रृंगेरी पीठाधिपति के सुझावों के अनुसार मंदिर विकास कार्य मुम्बर चल रहे हैं। 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला नित्य कल्याण मंडप निर्माण पूरा हुआ। नित्य अन्नदान सत्र के निर्माण में सभी सुविधाओं का प्रावधान होगा। दाताओं के सहयोग से अन्नदान सत्र के लिए 100 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड स्थापित किया जाएगा, जिसमें मंत्री सुरेखा ने 25 लाख रुपये का व्यक्तिगत योगदान देने की घोषणा की। तालाब पर चल रहे टैंक बैंड कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया। बच्चों के साथ आने वाली माताओं के लिए फीडिंग सेंटर की व्यवस्था करने का निर्देश। मंदिर में कौड़ेल संरक्षण हेतु विशेष पशु चिकित्सक और भक्तों के लिए पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना। मंत्री पोनम प्रभाकर ने कहा कि मंदिर निर्माण शास्त्रोक्त और भक्तों की सुविधा अनुसार होना चाहिए और कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाए।

इस बैठक में विप सदन सदस्य व वेमुलवाड़ा विधायक आदि श्रीनिवास, देवास्य मुख्य सचिव शैलजा रामअय्यर, कमिश्नर हरीश, राजन्ना सिरिसिला जिला कलेक्टर गरिमा अग्रवाल, देवास्य सलाहकार गोविंद हरि, एसआरआरडी ईओ रमादेवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मियापुर में सड़क हादसा, बस की चपेट में आने से पैदल यात्री की मृत्यु

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मियापुर क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में राज्य सड़क परिवहन निगम की बस की चपेट में आने से एक पैदल यात्री की मृत्यु हो गई। यह हादसा दीप्ति श्री नगर कॉलोनी के समीप उस समय हुआ, जब बीएचईएल से कुकाटपल्ली की ओर जा रही एक बस ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभी स्थापित नहीं हो सकी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, Ranajit Kr Biswas, Father of JC 782800P, Nb Sub, Sukanta Biswas, R/o, Dist: Nadia, West Bengal, changed my name from Ranajit Kr Biswas to Ranajit Kumar Biswas vide Affidavit No. 284737 dt. 20.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, Dropati Devi, Mother of No. 17025730P, CFN, Dharmendra Kumar Rawani, R/o, Dist: Dhanbad,Jharkhand, changed my name from Dropati Devi to Dropadi vide Affidavit No. 284760 dt.23.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पिकेट सिकंदराबाद

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

PMSHRI KENDRIYA VIDYALAYA PICKET SECUNDERABAD

TEL/FAX:040-29804096, 040-29804092

E-mail: principalkvpicket1521@ gmail.com Website : Kvpicket.edu.in

School . 59511 Affiliation No.100002

### साक्षात्कार/WALK-IN-INTERVIEW (2026-27)

| तारीख और समय | विषय |
|---|---|
| 06-03-2026 (शुक्रवार) | प्राथमिक शिक्षक, स्नातकोत्तर शिक्षक (कंप्यूटर साइंस) और कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर (संगणक प्रशिक्षक) |
| 09-03-2026 (सोमवार) | स्नातकोत्तर शिक्षक-अंग्रेजी, हिंदी, गणित, जीव विज्ञान, भौतिक, रसायन विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, वाणिज्य। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक-अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, विशेष शिक्षक। स्पोर्ट्स कोच, योगा कोच, आर्ट एंड क्राफ्ट कोच, वोकेशनल इंस्ट्रक्टर (व्यावसायिक प्रशिक्षक), तेलुगु कोच, डॉक्टर, नर्स काउंसलर। |

sd/-
प्राचार्या/PRINCIPAL

**स्थानः** पीएम श्री के वि पिकेट, प्राइमरी ब्लॉक, जुबली बस स्टेशन के निकट
पंजीकरणः सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक । विवरण हेतु https://picket.kvs.ac.in पर जाएं।

सीएम योगी के सिंगापुर दौरे का दूसरा दिन

# जेवर एयरपोर्ट पर दो प्रोजेक्ट्स में 4,458 करोड़ रुपए निवेश की मंजूरी



सिंगापुर/लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन राज्य को वैश्विक निवेश का एक और तोहफा मिला है। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी सैट्स के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। पहला एक अत्याधुनिक कार्गो कॉम्प्लेक्स और दूसरा एक विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन। इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर कंपनी 4,458 करोड़ रुपए निवेश करेगी। एमओयू के अनुसार, सैट्स लिमिटेड जेवर एयरपोर्ट परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो कॉम्प्लेक्स का निर्माण करेगी। यह कार्गो कॉम्प्लेक्स न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए एयर फ्रेट और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस परियोजना से निर्यात-आयात गतिविधियों को गति मिलेगी, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, और कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। जेवर एयरपोर्ट को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के साथ विकसित किया जा रहा है, जिससे यह कार्गो कॉम्प्लेक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक रणनीतिक हब के रूप में उभरेगा।

एमओयू के दूसरे प्रमुख निवेश के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ही एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन की स्थापना की जाएगी। यह किचेन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराएगा। विशेष बात यह है कि यहां तैयार किया गया भोजन केवल जेवर एयरपोर्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी सप्लाई पूरे उत्तर भारत के विभिन्न एयरपोर्ट्स पर भी की जाएगी। इससे क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग और सप्लाई चेन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी तथा हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे का उद्देश्य वैश्विक निवेशकों को उत्तर प्रदेश की संभावनाओं से जोड़ना है। दूसरे दिन हुए इस एमओयू को राज्य के एविएशन, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चालू होने के साथ ही यह कार्गो कॉम्प्लेक्स और एयर कैटरिंग सुविधा उत्तर भारत के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा देंगे और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर ज्यादा मजबूत स्थिति में स्थापित करेंगे।

एनडीए सरकार पर तेजस्वी यादव का हमला

# 21 साल में बिहार को सबसे गरीब-बेरोजगार बना दिया



पटना, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर एक बार फिर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों का दुर्भाग्य है कि उन्हें एक अचेत मुख्यमंत्री मिला है जो आपराधिक घटनाओं पर कार्रवाई करने में असमर्थ हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि 21 साल से एनडीए की सरकार चल रही है और 21 साल में बिहार देश का सबसे गरीब राज्य, सबसे बेरोजगार राज्य, सबसे ज्यादा पलायन, सबसे ज्यादा गरीबी और कारखाना निवेश के मामले में सबसे चौपट राज्य बन गया है।

बिहार की प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है और शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलकूद के मामले में सबसे फिसड्डी राज्य है। 21 साल बिहार की जनता ने एनडीए सरकार को मौका दिया और बिहार की गिनती देश में सबसे गरीब और बेरोजगार राज्य में होती है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में 21 वर्षों में केवल अपराध, घूसखोरी, कुशासन, तानाशाही और अफसरशाही बढ़ी है। उन्होंने बिहार के बजट में भारी वित्तीय संकट होने का दावा किया है। सरकार में भारी भ्रष्टाचार होने से खजाना खाली हो चुका है। स्थिति यह है कि आने वाले समय में सरकारी कर्मचारियों को सैलरी देने तक के लिए पैसा नहीं होगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लगातार सवाल उठा रहे हैं, लेकिन सरकार के पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं है। प्रदेश की एनडीए सरकार केवल ध्यान भटकाने के लिए नित नए प्रपंच रचती रहती है। सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर तंज कसते हुए कहा कि आए दिन हत्या, लूट, और रेप की घटनाएं हो रही हैं। कहीं कोई सुनवाई कार्रवाई नहीं हो रही है। बिहार के लोगों का दुर्भाग्य है कि उन्हें एक अचेत सीएम मिला है। तेजस्वी ने आरोप लगाया है कि हम लगातार बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल पूछ रहे हैं। सरकार से पूछ रहे हैं कि यह जो हो रहा है, उसे रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है।

# लखनऊ में डबल डेकर बस पलटी खिड़की से गिरीं लाशें

## 5 की मौत, 45 घायल-67 चालान के बावजूद दौड़ रही थी बस

लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर लहराकर बस पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, 45 लोग घायल हो गए। 28 घायलों को एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। इनमें 7 बच्चे, 12 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं। सोमवार को हादसे के बाद के फोटो-वीडियो सामने आए। वीडियो में दिख रहा है कि क्रेन से बस को सीधा करते ही खिड़कियों से शव सड़क पर गिर गए। सड़क पर चारों ओर खून फैल गया। बस सीधी होने के बाद भी कुछ घायल और मृत यात्री खिड़कियों से लटके रहे। तस्वीरों में कई यात्रियों के हाथ-पैर शरीर से अलग दिखाई दे रहे हैं। एक छोटा-सा जूता खून से सना पड़ा मिला।

बस लुधियाना (पंजाब) से मोतिहारी (बिहार) जा रही थी। हादसे के वक्त बस की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा बताई जा रही है। बस पलटते ही अफरा-तफरी मच गई। ड्राइवर और क्लीनर बस छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन की मदद से बस को सीधा कर टोल प्लाजा तक ले जाया गया। पुलिस ने सफाईकर्मियों से सड़क पर लगे खून को साफ कराया। मरने वालों में बीरेंद्र (30), अंजलि (8), प्रियांशु (15) के अलावा एक 6 साल का बच्चा और 30 साल का एक युवक शामिल है। यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर ने हादसे से करीब आधे घंटे पहले ढाबे पर शराब पी थी। वहीं, कुछ यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। ड्राइवर सोमपाल हरियाणा के पानीपत जिले के नौल्था का है। वह गिरफ्तार है।

## प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और सर्वे अमीन रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

पटना, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को मंगलवार को दो बड़ी सफलता मिली, जब सुपौल जिले के मुरैना अंचल में पदस्थापित एक सर्वे अमीन को और समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि सुपौल जिले के मुरैना अंचल के सर्वे अमीन विक्रम कुमार राम को 20 हजार बतौर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुरैना थाना क्षेत्र के खोरमा गांव निवासी जगनारायण यादव ने ब्यूरो मुख्यालय कार्यालय में शिकायत की थी कि सर्वे अमीन विक्रम राम जमीन से जुड़े लंबित सर्वे कार्य को करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

# यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पहुंचे इलाहाबाद हाईकोर्ट

## अग्रिम जमानत की याचिका लगाई



प्रयागराज, 24 फरवरी (एजेंसियां)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर दर्ज यौन शोषण का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को शंकराचार्य ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इस याचिका पर जल्द सुनवाई हो सकती है। इस बीच, प्रयागराज पुलिस शंकराचार्य से इस मामले में पूछताछ भी कर सकती है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज मुकदमे में आरोप है कि माघ मेले के दौरान उनके शिविर में नाबालिग बटुकों के साथ यौन शोषण हुआ था। शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की याचिका पर लोअर कोर्ट ने शंकराचार्य पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

इस बीच, पत्रकारों से वार्ता में शंकराचार्य ने कहा कि हमारी गिरफ्तारी हुई तो यह सीएम की इच्छा होगी। मैं पुलिस जांच में पूरा सहयोगी करूंगा। मुझ पर लगे आरोप झूठे हैं। हमारे चरित्र में कोई गड़बड़ी नहीं है। एफआईआर और कोर्ट के आदेश में सबूतों का जिक्र नहीं था हम निचली अदालत, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तीनों में कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। गिरफ्तारी करना या ना करना पुलिस की समझदारी पर निर्भर है। अगर वे गिरफ्तारी करते हैं तो ये उनके लिए बहुत खतरनाक होगा। आग से खेलने जैसा होगा।

गौरतलब है कि एडीजे रेप एवं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के निर्देश पर ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ प्रयागराज के झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है।

## शाहजहांपुर के पत्रकार ने लगाया आरोप

वाराणसी, 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर निवासी पत्रकार रमाशंकर दीक्षित सोमवार की देर शाम केदारघाट स्थित श्रीविद्या मठ पहुंचे और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एफआईआर की अर्जी देने वाले आशुतोष पांडेय पर गंभीर आरोप लगाए। रमाशंकर ने कहा कि आशुतोष ने फोन किया और दबाव बनाते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फंसाने के लिए कहा। कहा कि आरोप लगाओ कि बद्रीनाथ में अविमुक्तेश्वरानंद ने बच्ची का यौन शोषण किया था। तुम्हारा आर्थिक सहयोग किया जाएगा। हमने इन्कार कर दिया और कहा कि मेरे पिताजी दंडी संन्यासी थे इसलिए हमारी आत्मा गवाही नहीं दे रही है। इसपर आशुतोष ने धमकी देते हुए कहा कि अगर तुम हमारा साथ नहीं दोगे तो हमारे पास और रास्ते हैं।

विधानसभा में सीएम नीतीश ने विपक्ष से कहा

# फालतू बात मत करिए, सब दिन रहेगी हमारी सरकार-आप लोग गडबड करते हैं



पटना, 24 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। विपक्ष ने दफादार और चौकीदार संघ के सदस्यों की पिटाई के मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछा। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक कुमार सर्वजीत ने सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्मम तरीके से दफादारों और चौकीदारों को पीटा गया। इसके बाद विपक्ष के विधायक ₹लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी₹ का नारा लगाने लगे। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री ने उन्हें टोकते हुए कहा कि अगर सरकार नहीं चलेगी तो दफादार और चौकीदार संघ की बात कौन सुनेगा? विपक्ष फिर नारेबाजी करने लगा। सीएम नीतीश कुमार अचानक खड़े हो गए। उन्होंने विपक्ष से कहा कि आपलोग क्या बोल रहे हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी? सरकार सब दिन रहेगी। आप लोग अब कितना हो गए? कितनी कम संख्या हो गई आपलोगों की? हमलोगों की संख्या भी देख लीजिए।

**सीएम नीतीश बोले-आपलोग गड़बड़ करते थे**

राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने सीएम नीतीश कुमार से कहा कि लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी। इस पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि फालतू बात मत कीजिए। आपलोगों की सरकार ने कोई काम नहीं किया है। पहले तो लोग शाम को घर से बाहर निकलने से डरते थे। आपलोग गड़बड़ करते थे इसलिए आपलोगों को छोड़ दिए। आपकी सरकार ने कोई काम ही नहीं किया। अब आप जानते हैं कि बिहार कितना आगे बढ़ गया है। इसलिए फालतू बात मत कीजिए। बिना मतलब का प्रदर्शन मत कीजिए। आपलोग जो भी बात कर रहे हैं, उसका कोई मतलब नहीं है। आप अपनी संख्या की बात कीजिए न।

**सीएम नीतीश के सामने विपक्ष की नारेबाजी**

सीएम नीतीश कुमार की बातें सुनकर विपक्ष के विधायकों ने वेल में आकर जमकर नारेबाजी की। सीएम नीतीश कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि कहा कि जो सदन में गड़बड़ करे, उसे बाहर कर दीजिए। विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के विधायकों को समझाने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं माने।

सभी विधायक हंगामा करने लगे। विधायकों ने जमकर प्रदर्शन किया। ₹नीतीश सरकार होश में आओ और नीतीश सरकार हाय हाय₹ का नारा लगाने लगे। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री ने दफादार और चौकीदार संघ मामले पर विपक्ष के सवाल का जवाब दिया।

## अगले महीने काशी आ सकते हैं पीएम मोदी, कर सकते हैं जनसभा

वाराणसी, 24 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च के दूसरे सप्ताह में काशी आ सकते हैं। यह उनका 54वां दौरा होगा। इस बार कज्जाकपुरा आरओबी पर पीएम और सीएम की गाड़ियां भी फर्राटा भरेंगी। इससे पूर्व पीएम सात नवंबर को आए थे।

होली से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 फरवरी को आ सकते हैं। पीएम और सीएम के आगमन की प्रारंभिक सूचना पुलिस प्रशासन को मिल चुकी है। प्रशासनिक और भाजपा सूत्रों के अनुसार, महिला दिवस पर आठ महिलाओं को सम्मानित करने की भी योजना बन रही है। इस बार पीएम बरेका या संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में जनसभा कर सकते हैं।

# परिवार के 6 लोग घर में जिंदा जले

## इनमें जुड़वां बेटियों समेत 5 बच्चे; एक साथ उठा जनाजा तो कांपे लोग




मेरठ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। मेरठ में कपड़ा कारोबारी के परिवार के 6 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इनमें जुड़वां बेटियों समेत 5 बच्चे हैं। कारोबारी पिता सोमवार देर शाम नमाज पढ़ने गए थे, तभी तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। उस वक्त घर में महिलाएं, बच्चों समेत 12 लोग थे। ग्राउंड फ्लोर में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को बाहर निकलने का वक्त नहीं मिला। सभी लपटों के बीच अंदर फंस गए। पड़ोसियों ने तुरंत फर्स्ट फ्लोर में फंसे 5 लोगों को सीढ़ी लगाकर बाहर निकाल लिया। लेकिन, सेकंड फ्लोर में एक महिला और 5 बच्चे फंस गए। आग-धुआं देखकर महिला डर गई, उसने बचने के लिए सभी बच्चों के साथ खुद को कमरे में बंद कर लिया। थोड़ी देर में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग के बीच सेकंड फ्लोर तक पहुंचने को कोई रास्ता नहीं मिला तो पड़ोसी की दीवार तोड़ी गई। लेकिन, इतनी देर में महिला और 5 बच्चों की मौत हो गई। हादसे में कपड़ा कारोबारी आसिम की पत्नी रुखसार (30), जुड़वा बेटियां अनाबिया, इनायत (6 माह) अकदस (3 साल) और भाई फारुक के दो बच्चे महविश (12), हम्माद (4 साल) की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह घर से एक साथ जनाजा उठा। नौचंदी में स्थिति बाले मियां कब्रिस्तान में सभी को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

# धर्मांतरण कराने के आरोप में युवक गिरफ्तार

## प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने को प्रेरित करता था



बलिया, 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बलिया के सिकंदरपुर पुलिस ने धर्मांतरण कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम जोसे थामस बताया गया है जो मूल रूप से पटना का निवासी है और अस्थाई रूप से केरला प्रांत में भी रहता था। सुबह 7:10 बजे सिकंदरपुर कस्बे से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि थामस लोगों को पैसे, नौकरी और अन्य प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता था।

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार शुक्ला के अनुसार, थामस खासतौर पर लोगों को नौकरी और पैसों का प्रलोभन देता था और उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहता था। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि थामस ने उन्हीं को भी इसी तरह के प्रलोभन दिए। यह गिरफ्तारी 22 फरवरी को सिकंदरपुर थाने में दर्ज शिकायत के बाद हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि डॉ. फरीद के मकान, कस्बा सिकंदरपुर वार्ड नंबर 5 में थामस रहता है। वह एक ईसाई पादरी है और वर्तमान में 15-20 महिलाओं और कुछ बच्चों को इकट्ठा कर रहा था। शिकायत में यह भी कहा गया कि थामस हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ गाली-गलौज करता और अपने ईसाई धर्म की महानता बताते हुए प्रभु यीशु की कृपालुता की बातें करता था।

# यूपी में अखिलेश का चुनावी कैंपेन संभालेगी पीके की कंपनी

लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव और सीएम योगी को टक्कर देने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने फिल्डिंग सजा दी है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) की कंपनी -पीएसी यूपी में अखिलेश यादव के चुनावी कैंपेन की स्ट्रैटजी बनाएगी। पीके की टीम जल्द ही लखनऊ में अपना काम संभालेगी। जानकार बताते हैं कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीके की कंपनी की हायर करने की सलाह अखिलेश यादव को दी थी।

अखिलेश ने पीके के साथ दिसंबर, 2025 में दिल्ली में पहली मीटिंग की, फिर बीते दिनों जब बंगाल गए तो दोबारा मुलाकात की। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने हायर किया है। सूत्रों का कहना है कि 28 मार्च को अखिलेश यादव नोएडा से अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत करने जा रहे हैं। वे नोएडा में पीडीए भागीदारी रैली करेंगे।

**कई कंपनियों को हायर कर रही है सपा**

सपा अलग-अलग कामों के लिए अलग-अलग कंपनियों को हायर कर रही है। इसमें डेटा एनालिसिस और उसके आधार पर रणनीति का काम मुम्बई की कंपनी शो टाइम कंसल्टिंग को दिया गया है। सर्वे का काम कर्नाटक की एक कंपनी पूर्वी उत्तर प्रदेश से शुरू कर चुकी है। अखिलेश यादव के लिए 2027 का चुनाव करो या मरो का है।

# शादी के तीसरे दिन गूंजी किलकारी

## 60 साल के स्कूल ऑनर ने 28 साल की शिक्षिका का थामा था हाथ



मुजफ्फरपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। शादी के तीन दिन बाद ही एक महिला शिक्षिका मां बन गई। बिहार के मुजफ्फरपुर में 60 साल के स्कूल संचालक राकेश कुमार साह ने उनसे नेपाल में जाकर शादी की थी। 28 वर्षीय शिक्षिका शाइस्ता परवीन और स्कूल संचालक राकेश साह पहले से शादीशुदा हैं, दोनों का भरा-पूरा परिवार है। शाइस्ता ने 21 फरवरी को सीतामढ़ी के एक निजी अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। फिलहाल, उनका इलाज पुलिस कस्टडी में चल रहा है।

**थाने पहुंचा शिक्षिका शादी का मामला**

बताया गया कि राकेश साह और शाइस्ता परवीन ने 18 फरवरी को नेपाल के जनकपुर में जाकर शादी की थी। दोनों ने अपनी शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की थी। इसके तीन दिन बाद 21 फरवरी को शाइस्ता ने बच्ची को जन्म दिया।

शादी के बाद मामला उस समय तूल पकड़ लिया जब शाइस्ता के भाई ने औराई थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि राकेश साह ने उनकी बहन को डरा-धमकाकर और बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया और जबरन शादी की। आवेदन में कहा गया कि 18 फरवरी की सुबह शाइस्ता इंग्लिश मॉडर्न स्कूल पढ़ाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। खोजबीन के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि स्कूल संचालक राकेश साह ने उन्हें अपने कब्जे में रखा है। भाई ने आशंका जताई कि बहन को औराई चौक स्थित बजरंग श्रृंगार पैलेस के ऊपर एक कमरे में रखा गया है।

## 5 कॉलोनियों में कारों पर पथराव

इंदौर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में बदमाशों ने एक के बाद एक कई वाहनों के कांच फोड़ दिए। मंगलवार सुबह जब रहवासी जागे तब घटना की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार राजनगर, रामानंद नगर, नंदन नगर, दामोदर नगर और पंचमूर्ति नगर में देर रात वाहनों को निशाना बनाया गया। करीब एक दर्जन वाहनों के कांच तोड़े गए हैं। इनमें पूर्व पार्षद राजेश चौहान की कार भी है। एक कार में ईंट भी मिली है। सूचना के बाद डायल 112 और बीट के जवान मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात 8 बजे के बाद क्षेत्र में नशेड़ी सक्रिय हो जाते हैं। कई बार इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। रहवासियों के मुताबिक 15 से ज्यादा गाड़ियों के कांच फोड़े गए हैं, जबकि पुलिस के अनुसार चंदन नगर में 2, एरोड्रम, छत्रीपुरा और मल्हारगंज क्षेत्र में मिलाकर करीब 6 कारों के कांच तोड़े गए हैं।

### जयललिता की करीबी रहीं शशिकला बनाएंगी नई सियासी पार्टी

## अम्मा की जयंती पर बोलीं- अच्छी खबर आएगी

चेन्नई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच, राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री जे। जयललिता की करीबी रहीं और अन्नाद्रमुक से निष्कासित वीके शशिकला ने मंगलवार को राजनीति में अपनी नई पारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। जयललिता (अम्मा) की जयंती समारोह के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए शशिकला ने कहा, आज अम्मा के जन्मदिन का कार्यक्रम है और इस आयोजन में एक अच्छी खबर सामने आएगी।

शशिकला के इस बयान के बाद तमिलनाडु के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि वह अपनी नई राजनीतिक पार्टी का ऐलान कर सकती हैं। अन्नाद्रमुक से निष्कासित होने के बाद से ही वह अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने की



कोशिश में हैं। कार्यक्रम से पहले उन्होंने अन्नाद्रमुक के संस्थापक एम।जी। रामचंद्रन और जयललिता को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी निष्ठा जाहिर की।

**2026 विधानसभा चुनाव पर नजर**

शशिकला की यह सक्रियता 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को देखते हुए काफी अहम मानी जा रही है। आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा काटने और पार्टी से बाहर किए जाने के बाद वह अब 2026 के चुनावों के जरिए सत्ता में वापसी की राह देख रही हैं। ऐसे में अगर शशिकला अपनी नई पार्टी का ऐलान करती हैं, तो वह अन्नाद्रमुक के पारंपरिक वोट बैंक में बड़ी सेंध लगा सकती हैं। शशिकला ने चेन्नई में अपने समर्थकों के साथ एक बैठक की थी। उनके एक समर्थक अरसन ने कहा, हम चिन्नम्मा के साथ हैं और चाहे कुछ भी हो जाए, हम उनका समर्थन करते रहेंगे। आगामी 2026 के चुनावों में वह जो भी निर्णय लेंगी, हम उनके साथ खड़े रहेंगे। मैं बचपन से ही वीके शशिकला और उनके पति नटराजन का बहुत वफादार समर्थक रहा हूं। यह हमेशा जारी रहेगा।

**2021 के क्या रहे नतीजे?**

तमिलनाडु विधानसभा के 234 सदस्यों के लिए 2026 के पहले छह महीनों में चुनाव होंगे, जहां सत्ताधारी एमके स्टालिन के नेतृत्व वाला गठबंधन बीजेपी-अन्नाद्रमुक गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए 'द्रविड़ मॉडल 2.0' का नारा लगाएगा। अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कज़गम' के साथ मैदान में उतरने से तमिलनाडु चुनाव त्रिकोणीय मुकाबले में तब्दील होने की आशंका है।

## स्कूली छात्र की हत्या के बाद शिवमोगा में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

बंगलूरू, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के शिवमोगा जिले में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां के सुलेबैलू इलाके के एक सरकारी स्कूल के बाहर 16 साल के छात्र की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान संकेत के रूप में हुई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है, जिसे देखते हुए पुलिस ने शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। यह घटना तब हुई जब उरगाडूरू के सरकारी हाई स्कूल का छात्र संकेत अपनी परीक्षाओं से पहले एक स्पेशल क्लास में शामिल होने गया था।

पुलिस अधीक्षक एसपी निखिल बी ने बताया कि स्कूल के बाहर लड़कों का एक ग्रुप आपस में बहस कर रहा था। संकेत ने उस झगड़े में दखल दिया और बीच-बचाव करने की कोशिश की। एसपी ने जानकारी दी कि झगड़ा करने वाले लड़के संकेत को पहले से जानते थे और वे भी नाबालिग हैं। बहस के दौरान उन्होंने संकेत पर अपने हाथों से हमला किया, जिससे उसे सीने के पास चोट लगी और वह वहीं गिर गया। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने तक उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है।

अधिकारी ने कहा कि पुलिस इस घटना में शामिल अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। जो भी इसमें शामिल मिलेगा, हम उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे। हत्या की असली वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। एसपी का कहना है कि पूरी जांच के बाद ही सही कारण पता चलेगा। कुछ लोगों का कहना है कि यह झगड़ा किसी छोटी सी बात पर शुरू हुआ था। हालांकि इसकी पुष्टी नहीं हुई है। फिलहाल इस घटना ने सांप्रदायिक रंग ले लिया है, जिसके बाद अधिकारियों ने शांति बनाए रखने के लिए पूरे शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है।

### मार्क कार्नी ने भारत यात्रा से पहले उठाया बड़ा कदम

## मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की नागरिकता छीनेगा कनाडा



मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी दो दिन बाद 26 फरवरी को भारत दौरे पर आने वाले हैं। उनके इस दौरे से पहले कनाडा सरकार तहव्वुर राणा के खिलाफ बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। खबर है कि कनाडा सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के कथित मास्टरमाइंड ताहव्वुर हुसैन राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, राणा पर आरोप है कि उसने नागरिकता के लिए आवेदन करते समय जानबूझकर गलत जानकारी दी थी, जिसके आधार पर उसे वर्ष 2001 में कनाडा की नागरिकता मिल गई। 65 वर्षीय ताहव्वुर राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ था।

वह वर्ष 1997 में कनाडा आया और साल 2000 में नागरिकता के लिए आवेदन किया। आवेदन में उसने दावा किया कि वह पिछले चार वर्षों से ओटावा और टोरंटो में रह रहा था और इस दौरान केवल छह दिन के लिए ही कनाडा से बाहर गया था। हालांकि, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की जांच में सामने आया कि उस समय राणा का अधिकांश वक्त अमेरिका के शिकागो में बीत रहा था, जहां उसकी कई संपत्तियां और व्यवसाय थे, जिनमें एक इमिग्रेशन फर्म और एक किराना स्टोर भी शामिल था।

कनाडा के इमिग्रेशन विभाग इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज़ एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) ने अपने फैसले में कहा है कि राणा ने 'गंभीर और जानबूझकर धोखा' दिया। विभाग के अनुसार, नागरिकता रद्द करने की यह कार्रवाई आतंकवाद के आरोपों की वजह से नहीं, बल्कि नागरिकता आवेदन में गलत जानकारी देने के कारण की जा रही है। आईआरसीसी ने 31 मई 2024 को राणा को लिखे पत्र में कहा कि उसने कनाडा में अपने निवास से जुड़ी जानकारी छिपाई, जिससे अधिकारियों को यह गलतफहमी हुई कि वह नागरिकता के लिए जरूरी निवास शर्तों को पूरा करता है। इसी आधार पर उसे नागरिकता दे दी गई, जो अब नियमों के खिलाफ पाई गई है।

## पांच बेटियों ने मां की अर्थी को दिया कंधा

इंदौर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर से ममता, संस्कार और समाज सेवा की मिसाल सामने आई है। दरअसल, सुदामा नगर निवासी 79 वर्षीय संतोष वर्मा के निधन के बाद उनकी पांच बेटियों ने न केवल उनकी अर्थी को कंधा दिया, बल्कि मां की अंतिम इच्छा और उनके परोपकारी स्वभाव को देखते हुए उनकी बॉडी मेडिकल रिसर्च के लिए दान कर दी। शासन की ओर से इस काम के लिए स्व। संतोष वर्मा को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। करीब 40 साल पहले संतोष वर्मा के पति रविशंकर का निधन हो गया था। उनके कोई बेटा नहीं था। उन्होंने अपनी पांचों बेटियों मृदुला चौधरी, कुमुदिनी महालहा, कीर्ति वर्मा, वंदना वर्मा और मयूरी गालर को ऐसे संस्कार दिए कि आज उन्होंने समाज की रूढ़ियों को पीछे छोड़ दिया।

### भुवनेश्वर की सुपरमार्केट में लगी भीषण आग

## 11 घंटे बाद भी बुझाया नहीं जा सका



भुवनेश्वर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सोमवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। लिंगिपुर इलाके के पास स्थित एक सुपरमार्केट में देर रात भीषण आग लग गई। इस घटना से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार, आग रात करीब 10 बजे बहुमंजिला इमारत की तीसरी मंजिल से अचानक भड़की। देखते ही देखते लपटें तेजी से फैलने लगीं। बताया जा रहा है कि तीसरी मंजिल पर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील घरेलू सामान रखा हुआ था, जिसकी वजह से आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। आग लगते ही इमारत से घना धुआं निकलने लगा, जो दूर से ही दिखाई दे रहा था। आसपास के स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही कई दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया।

दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग की तीव्रता इतनी ज्यादा है कि उसे बुझाने में 11 घंटे से अधिक समय लग रहा है। अभी तक आग पूरी तरह से नियंत्रित नहीं हो पाई है। प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामग्री के बड़े स्टॉक के कारण आग बार-बार भड़क रही है, जिससे राहत कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। घटना के समय तीसरी मंजिल पर कुछ लोग फंसे होने की जानकारी मिली थी। दमकल टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

राहत की बात यह रही कि इस हादसे में अभी तक किसी के आहत होने की खबर नहीं है। आग में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक के सामान, स्टील के बर्तन और अन्य घरेलू वस्तुएं जलकर नष्ट हो गईं। इससे सुपरमार्केट मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरुआती आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।

## बंदूक के दम पर युवती को नचाया

ग्वालियर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। ग्वालियर में बंदूक के दम पर एक युवती से डांस करवाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा युवक कुर्सी पर बैठकर राइफल से हवाई फायर करते हुए युवती से नाचने को कह रहा है। सोमवार रात सामने आया 47 सेकेंड का ये वीडियो बेहट थाना क्षेत्र के रहवाली इलाके का बताया जा रहा है। बेहट थाने की पुलिस रात में ही रहवाली पहुंची, जहां से पता चला कि युवक हस्तिनापुर का है। पुलिस वहां पहुंचकर जानकारी जुटा रही है। वीडियो में बॉलीवुड मूवी में बाहुबली अंदाज में दिखाए जाने वाले किरदार की स्टाइल में युवक .315 बोर की राइफल लेकर कुर्सी पर बैठा है। उसके इशारे पर सामने एक युवती डांस कर रही है। इसी दौरान युवक राइफल लोड करता है और रुक-रुककर दो बार फायरिंग करता है। वीडियो में यह भी नजर आ रहा है कि गोली चलने के बाद एक नाबालिग बालक मौके पर आता है और खाली खोखा उठाकर वहां से चला जाता है। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो की सत्यता और घटना की परिस्थितियों की जांच में जुटी हुई है।

## धर्मांतरण करातीं, हाईप्रोफाइल पार्टियों में लड़कियां परोसती थीं

### भोपाल में रैकेट चलाने वाली दो बहनें गिरफ्तार; झुग्गी में रहती थीं, अब करोड़ों का लग्जरी विला

भोपाल, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल में दो बहनों की चौंकाने वाली करतूत सामने आई है। उनका काम अमीर युवकों को लड़कियां सप्लाई करना और धर्मांतरण कराना था। इससे जो काली कमाई हुई, उसके बूते वे अब्बास नगर की झुग्गी से निकलकर आशिमा मॉल के पास स्थित सागर रॉयल विला में आलीशान घर तक पहुंच गईं। अमरीन और आफरीन नाम की ये बहनें लग्जरी लाइफ स्टाइल जीती थीं। मामले का खुलासा तब हुआ, जब भोपाल और छत्तीसगढ़ की रहने वाली दो युवतियां राजधानी के बाग सेवनिया थाने पहुंच गईं।

दोनों ने थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई। 21 और 32 साल की दोनों लड़कियों की आपसी पहचान इंस्टाग्राम चैट के जरिए हुई थी। पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया। अमरीन, आफरीन और चंदन यादव



चंदन यादव आरोपी | अमरीन उर्फ माहिरा आरोपी | आफरीन आरोपी

को गिरफ्तार कर लिया। तीन अन्य आरोपी बिलाल, चानू और यासिर की तलाश की जा रही है। अमरीन और आफरीन ने पुलिस को बताया कि वे गरीब घरों की लड़कियों को टारगेट करती थीं।

पहले मदद के नाम पर घरेलू काम के लिए रखती थीं। फिर हाई प्रोफाइल लाइफ स्टाइल का सपना दिखाकर बड़ी पार्टीज में ले जाती थीं। वहां उन्हें रईसजादों के आगे परोस दिया करती थीं। पीड़िताओं ने एफआईआर में बताया है कि चंदन यादव सागर रॉयल विला में अमरीन-आफरीन के साथ रहता है। वह दोनों बहनों के संपर्क में आने के बाद इस्लाम अपना चुका है। अमरीन और आफरीन दोनों पीड़िताओं को गुजरात और मुंबई ले गई थीं। वहां भी उन्होंने अनजान लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। वे शराब पीने और एमडी ड्रग्स लेने के लिए भी दबाव डालती थीं। पुलिस ने अमरीन, आफरीन और चंदन के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। इनकी जांच कराई जाएगी।

अमरीन के मोबाइल में कई संदिग्ध वॉट्सएप ग्रुप मिले हैं। उसमें कई युवतियों के फोटो भी हैं। पुलिस को अमरीन और आफरीन के देह व्यापार गिरोह से जुड़े होने के भी सबूत मिले हैं। उनके गिरोह में चंदन यादव के अलावा बिलाल और यासिर भी काम करते थे। दोनों पीड़िताओं से तीनों युवक कई बार रेप कर चुके। वे किसी को भी वारदात के बारे में बताने पर बदनाम करने की धमकी देते थे। भोपाल की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया- मैं अमरीन के घर काम करती थी। एक दिन चंदन और अमरीन के बीच विवाद हो गया। चंदन नाराज होकर कहीं चला गया। अमरीन ने मुझे कहा कि चंदन को तलाशने चलना है।

मैं उसके साथ चली गई। हम दोनों नारायण नगर में रहने वाली चंदन की बहन के घर पहुंचे। वहां चंदन मिला। कुछ देर बाद अमरीन कहीं चली गई। इस दौरान चंदन ने पहली बार मेरे साथ रेप किया। किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बदनामी का डर भी दिखाया। चंदन ने कहा- मैं इस्लाम अपना चुका हूं। तुम भी मुस्लिम बन जाओ। तुम्हारी शादी अच्छी जगह करा दूंगा। चंदन की बातों में आकर मैं मुस्लिम बन गई। इसके बाद अमरीन ने मुझे बुर्का पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया।

## भोजशाला में 12वीं सदी के संस्कृत शिलालेख प्राचीन मंदिर के भागों से मिलकर बनी मस्जिद

भोपाल, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भोजशाला विवाद में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने एएसआई, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) की रिपोर्ट पर दोनों पक्षों से दो हफ्तों में आपत्तियां दर्ज कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि एएसआई 98 दिनों के सर्वेक्षण के बाद तैयार की 10 खंडों में 2089 पन्नों की रिपोर्ट पेश कर चुका है। रिपोर्ट में कई पुरातात्विक और धार्मिक साक्ष्यों का उल्लेख किया गया है। सर्वे रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि परिसर में भगवान शिव, विष्णु, वासुकी नाग, और गणेश सहित कई प्राचीन मूर्तियां और शिल्प मिले हैं, जिनका केमिकल ट्रीटमेंट कर उन्हें वैज्ञानिक साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

इसके अलावा सर्वे में यह भी प्रमाण मिले हैं कि कमाल मौला मस्जिद के निर्माण में भोजशाला के प्राचीन अवशेषों का उपयोग किया गया था। यह निष्कर्ष मामले को और भी संवेदनशील बना देता है। रिपोर्ट के अनुसार, एएसआई को भगवान शिव और 'वासुकी नाग' (सात फन वाला सांप) की पौराणिक मूर्तियों सहित कई पुरातात्विक अवशेष मिले हैं। सर्वेक्षण के दौरान 1700 से अधिक कलाकृतियां उजागर हुई हैं, जिनमें कई मूर्तियां, संरचनाएं, स्तंभ, दीवारें और भित्ति चित्र शामिल हैं। एएसआई के सर्वे, उत्खनन, अभिलेखीय अध्ययन और शिलालेखों के परीक्षण में परिसर के भीतर और आसपास बड़ी संख्या में संस्कृत, देवनागरी और नागरी लिपि के अभिलेख, स्तंभों पर खुदे श्लोक, देवी–देवताओं की प्रतिमाओं के अवशेष, मंदिर स्थापत्य के अंग और वास्तु सामग्री मिलने का उल्लेख किया गया है। कई शिलालेख 11वीं–12वीं शताब्दी के बताए गए हैं,

जिनका संबंध परमार काल से जोड़ा गया है। कुछ अभिलेखों में संस्कृत के श्लोक और देवी सरस्वती की स्तुति संबंधी उल्लेख दर्ज होने की बात कही गई है। अंशों में "श्री सरस्वत्यै नमः" जैसे उद्घोषों और शिक्षण परंपरा से जुड़े संकेतों का उल्लेख है। एएसआई ने इन शिलालेखों की लिपि शैली, भाषा और शिल्प के आधार पर इन्हें मध्य कालीन हिंदू मंदिर परंपरा से संबद्ध माना है। परिसर के स्तंभों, बीम और आधार पत्थरों पर पुष्प आकृतियां, कलात्मक बेलबूटे, कीर्तिमुख, कमल आकृतियां और देवी–देवताओं की मूर्तिकारी के चिह्न दर्ज किए गए हैं।

## मानसिक रूप से बीमार भाई ने बहन की कोयते से काटा बचाव कराने आई मां घायल

नालासोपारा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नालासोपारा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नालासोपारा ईस्ट के टाकी रोड स्थित सर्वोदय कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक मानसिक रूप से बीमार युवक ने अपनी ही बहन की दरांती (कोयता) से हमला कर हत्या कर दी, जबकि बीच-बचाव करने आई मां को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना सुबह करीब 5 से 5:30 बजे के बीच हुई। बताया जा रहा है कि सर्वोदय कॉलोनी की साईधाम वेलफेयर चॉल में 35 साल की सुप्रिया कनाडे रहती थीं। उनकी मां और भाई पास ही रहते थे। सुप्रिया के पति गांव गए हुए थे, जिससे वह घर पर अकेली थीं। मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर सुप्रिया और उनके 40 साल के भाई अजीत मालुश्ते के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अजीत ने गुस्से में आकर कोयते से सुप्रिया पर हमला कर दिया। हमले में सुप्रिया की गर्दन और सीने पर गंभीर वार किए गए, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ीं।

## एयरपोर्ट पर कस्टम्स की बड़ी कार्रवाई 5.42 करोड़ का सोना, लग्जरी घड़ियां जब्त




नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला यात्री से करोड़ों रुपये का सोना, हीरे के गहने, चांदी के बर्तन और विदेशी करेंसी बरामद की है। 18 फरवरी 2026 को टर्मिनल-3 पर हांगकांग से फ्लाइट नंबर सीएकेस-695 से पहुंची एक महिला यात्री को कस्टम्स अधिकारियों ने स्पॉट प्रोफाइलिंग के आधार पर रोका। महिला के पास अमेरिकी पासपोर्ट है। संदेह के आधार पर उसके सामान की पहले एक्स-रे स्क्रीनिंग की गई और फिर कानूनी प्रक्रिया के तहत विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान जो बरामदगी हुई, उसने अधिकारियों को भी चौंका दिया। जांच में महिला के पास से करीब एक किलोग्राम से ज्यादा सोने के गहने। कई किलो चांदी के बर्तन भी मिले। इसके अलावा महंगी घड़ियां भी मिलीं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 5.42 करोड़ आंकी गई है। कस्टम विभाग के मुताबिक यह पूरा सामान घोषित नहीं किया गया था, जो कि सीमा शुल्क ए सी, 1962 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसलिए इसे धारा 110 के तहत जब्त कर लिया गया। हालांकि, जांच के दौरान 552 ग्राम घरेलू खरीदा हुआ सोना मिला, जिसे जब्त नहीं किया गया और यात्री को वापस कर दिया गया। महिला यात्री को धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 25 साल बाद परिवार से मिली महिला

कोलकाता, 24 फरवरी (एजेंसियां)। 25 साल बाद अपने परिवार से मिली महिला को उसके परिवार ने सिर्फ इसलिए अपनाने से इनकार कर दिया क्योंकि महिला ने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया था। महिला के बेटे ने शर्त रखी कि अगर उसकी मां ईसाई धर्म छोड़कर, हिंदू धर्म अपना ले तो वे उसे अपना सकते हैं। झारखंड के गोड्डा जिले की रहने वाली एक महिला 25 साल पहले लापता हो गई थी। करीब 70 वर्षीय महिला अपने पति की मौत के बाद घर से निकल गई और भटककर कोलकाता पहुंच गई, जहां एक शेल्टर होम में उसे आश्रय मिला। महिला बीते 25 वर्षों से कोलकाता के शेल्टर होम में रह रही थी।

इस दौरान महिला को मिशनरी के लोग मिले और उन लोगों ने महिला की मदद की, जिसके बाद महिला ने ईसाई धर्म अपना लिया था। शेल्टर होम में महिला अपने परिजनों को याद करती थी तो शेल्टर होम के कर्मचारियों ने महिला के परिवार को खोजने की कोशिश की। किसी तरह से महिला के परिवार को खोज लिया गया और उनकी वीडियो कॉल पर गोड्डा के गांव दहुपनगर में रहने वाले उनके बेटे से बात कराई गई।

## मथानी टोल पर 505 किलो गांजा बरामद

### ओडिशा से मुंबई जा रहा था ये खेप, करोड़ों में है कीमत



नागपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। नागपुर के मौदा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में माथनी टोल प्लाजा के पास खड़े एक ट्रक से 505 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया गया है। इस खेप की बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 72 लाख रुपये आंकी गई है। नागपुर रूरल पुलिस और एनडीपीएस टीम ने सुबह करीब 5 बजे कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल 24 फरवरी की सुबह 5 बजे नागपुर एनडीपीएस टीम को खुफिया सूचना मिली कि ओडिशा के संबलपुर से मुंबई भेजा जा रहा करीब 505 किलो गांजा नागपुर के रास्ते गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही टीम को मौदा टोल बूथ की ओर रवाना किया गया। टोल बूथ से कुछ दूरी पर आर्यन रेस्टोरेंट ढाबे के पास एक 12 पहियों वाला ट्रक नंबर डब्ल्यू बी 23 बी 7992 संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर ट्रक को अपने कब्जे में लिया और चालक से पूछताछ शुरू की।

**तलाशी में खुला बड़ा राज**

पकड़े गए चालक की पहचान संजय यादव के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने दावा किया कि ट्रक ओडिशा के संबलपुर से मुंबई जा रहा है और उसमें लोहा भरा हुआ है। पुलिस को उसके जवाब पर संदेह हुआ और ट्रक की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में रखी 20 बोरियों से करीब 505 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 72 लाख रुपये बताई जा रही है।

**जांच जारी, अन्य आरोपियों की तलाश**

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि गांजा ओडिशा के संबलपुर से लोड किया गया था और इसे मुंबई पहुंचाया जाना था। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि इतनी बड़ी मात्रा में यह खेप मुंबई में किसे सौंपी जानी थी। पुलिस सब-इंस्पेक्टर शिवाजी तिपुरने ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस को शक है कि इस तस्करी नेटवर्क में और भी लोग शामिल हो सकते हैं।

# अमेरिका का दावा-चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट किया

## 6 साल में 400 परमाणु हथियार बनाए, 2030 तक 1000 से ज्यादा होंगे

वॉशिंगटन, 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था।

यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है।

येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि



2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच जाएगी।

यह दावा ऐसे समय में आया है जब इस महीने अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता न्यू स्टार्ट संधि खत्म हो गया है।

इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे नए न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ की आशंका बढ़ गई है।

अमेरिका अब चीन और रूस से पारदर्शिता और खतरनाक हथियारों को सीमित करने की मांग कर रहा है, जबकि चीन इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहा है।

येव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण (हथियारों का त्याग) कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू स्टार्ट समझौते की सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसमें चीन के तेजी से बढ़ते और गोपनीय परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया। पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी।

इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1,550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बॉम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था।

ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा परमाणु समझौते की कोशिश की थी, लेकिन यह असफल रही।

# ईरान पर डोनाल्ड ट्रंप के 3 विकल्प

## डिप्लोमेसी से खामेनेई के तख्तापलट तक, क्या करने जा रहा अमेरिका?

वॉशिंगटन, 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी सेना के ईरान के पास डेरा डालने से क्षेत्र में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। इराक युद्ध के बाद पहली बार मिडिल ईस्ट में इतनी बड़ी तादाद में अमेरिकी मिलिट्री तैयारी जमा हुई है। अमेरिकी जंगी जहाजों और लड़ाकू विमानों के ईरान के आसपास पहुंचने के बाद अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप को हमले पर आखिरी फैसला लेना है। डोनाल्ड ट्रंप हमले की धमकी दे रहे हैं और ईरान-अमेरिका की न्यूक्लियर बातचीत भी जारी है। एक्सपर्ट का मानना है कि ईरान मुद्दे डोनाल्ड ट्रंप के पास फिलहाल तीन विकल्प मौजूद हैं।

सीएनएन के मुताबिक, अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के पास ईरान मुद्दे पर जो तीन विकल्प हैं, उन पर वह हालिया हफ्तों में चर्चा कर चुके हैं। मामले से जुड़े लोगों का कहना है कि ये ऑप्शन अलग-अलग तरह के हैं। इन विकल्पों के जोखिम और नतीजों को लेकर ट्रंप ने अपने करीबियों और सलाहकारों से सलाह-मशविरा किया है।

डोनाल्ड ट्रंप किसी मिलिट्री



एक्शन का ऑर्डर देने से बच सकते हैं। वह उम्मीद करेंगे कि ईरान के तटों पर दो एयरक्राफ्ट कैरियर, दर्जनों वॉरशिप और सैकड़ों वॉरप्लेन की मौजूदगी से तेहरान शासन अमेरिकी की शर्तों पर डील के लिए मान जाएगा। वाइट हाउस के अधिकारियों का कहना है कि उनकी पसंद ईरान के साथ ऐसी डील करना है, जिससे मिलिट्री लड़ाई से बचा जा सके। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि हमले में जल्दी नहीं होनी चाहिए।

डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेड कुशनर ईरानी अधिकारियों से इनडायरेक्ट बातचीत कर रहे हैं। इन दोनों ने प्रेसिडेंट ट्रंप से कहा है कि वे इसके लिए समय दें कि क्या कोई डील मुमकिन है। ईरानी भी ऐसे प्रपोजल पर काम कर रहे हैं, जिससे रास्ता निकले। गुरुवार की जिनेवा की हाई-स्टेक बातचीत से पहले ओमान के मीडिएटर्स के साथ इसे शेयर करने की उम्मीद है। गुरुवार को साफ हो सकता है कि डील होगी या नहीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपनी मांगों को मनवाने के लिए ईरान में मिलिट्री टारगेट पर लिमिटेड स्ट्राइक का ऑर्डर दे सकते हैं। इसके तहत अमेरिकी सेना ईरान के न्यूक्लियर हथियार बनाने के संभावित ठिकानों पर हमला कर सकता है। इससे यह मैसेज भी जाएगा कि डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य एक्शन की धमकियां असली हैं।

इस विकल्प में अमेरिकी सेना के टारगेट में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल साइट, न्यूक्लियर प्रोग्राम से जुड़ी फैसिलिटी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकाने शामिल हो सकते हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा है कि वह लिमिटेड स्ट्राइक पर सोच सकते हैं। वाइट हाउस में उन्होंने कहा कि मैं इसके लिए कह सकता हूं।

डोनाल्ड ट्रंप तीसरे विकल्प के तौर पर ईरान में सत्ता परिवर्तन यानी अली खामेनेई को हटाने के मकसद से बड़े हमले को मंजूरी दे सकते हैं। इसमें अमेरिकी सेना तेहरान की सत्ता के शीर्ष लोगों को टारगेट करेगी। भले ही यह साफ ना हो कि उनकी जगह कौन लेगा। डिप्लोमेसी फेल हो जाती है तो ट्रंप ईरानी सरकार को गिराने के लिए एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू कर सकते हैं।

## ईरान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश सब्जी मार्केट पर गिरा

### पायलट समेत 4 लोगों की मौत

तेहरान, 24 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार को एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर फल और सब्जी मार्केट पर गिर गया। हादसे में पायलट और को-पायलट समेत चार लोगों की मौत हो गई। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक, सेना का हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग पर था। क्रैश के बाद बाजार इलाके से धुआं उठता दिखा। घटनास्थल पर हादसे के बाद चारों तरह मलबा बिखर गया। बाजार में मौजूद दो नागरिकों की भी मौत हुई। ईरान में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा सैन्य विमान हादसा है। इससे पहले पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक एफ-4 फाइटर जेट क्रैश हुआ था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई थी। ईरान में सैन्य और कमर्शियल विमानन बेड़ा काफी पुराना है। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण विमान के स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिसके चलते मेंटेनेंस और ऑपरेशन पर असर पड़ता रहा है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वैन पर हमला

## घेरकर बरसाईं गोलियां, डीएसपी समेत 7 की मौत

इस्लामाबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस वाहन पर हुए हमले में सात लोगों की मौत हो गई है। यह हमला मंगलवार को कोहट जिले में हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने बताया है कि हमलावरों ने दूर-दराज के इलाके में पुलिस मोबाइल वैन को घेरते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें असद महमूद नाम के डिप्टी सुपरिटेंडेंट (डीएसपी) समेत छह पुलिसवालों और एक आम शहरी की मौत हो गई। वैन के पास से गुजर रहे कुछ लोग भी फायरिंग की घटना में घायल हुए हैं।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों ने लाची डीएसपी असद को निशाना बनाते हुए घात लगाकर यह अटैक किया। शकरदरा रोड के पास जंगलों में हथियारबंद हमलावरों ने गाड़ी



पर कई तरफ से जबरदस्त अचानक फायरिंग की। इससे डीएसपी और उनके गार्ड मौके पर ही मारे गए। हमले के बाद हमलावरों ने पुलिस वैन को आग लगा दी और फरार हो गए।

**हमलावरों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन**

पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि डीएसपी समेत 7 लोगों के मारे जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने इलाके को घेर लिया है। इलाके में पुलिस की कई टुकड़ियां भेजी गईं हैं और हमलावरों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। केपी गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने इसे आतंकवादी हमला बताया है और हमलावरों को सबक सिखाने की बात कही है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांत में लगातार हिंसा की वारदातें हो रही हैं। खासतौर से पुलिस और पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाते हुए हमले किए जा रहे हैं। पाकिस्तानी सेना और सरकार इन हमलों के लिए टीटीपी और बीएलए जैसे गुटों को जिम्मेदार मानती है। दोनों गुट लंबे समय से पाकिस्तानी सेना को टारगेट कर रहे हैं। केपी के करक जिले में एक दिन पहले भी फेडरल कांस्टेबुलरी (एफसी) के जवानों को निशाना बनाते हुए हमला किया गया था। इस हमले में तीन जवान मारे गए थे और कम से कम तीन घायल हो गए थे। बीते हफ्ते केपी के बाजौर जिले में एक सैन्य चेकपोस्ट को भी खुदकुश हमलावर निशाना बना चुका है। इससे पहले राजधानी इस्लामाबाद में भी बड़ा आतंकी हमला हो चुका है।

# अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर पर टॉयलेट की दिक्कत

तेल अवीव, 24 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट बंद हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है।

संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी।

यूएसएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार ऑपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है।

करीब 13 बिलियन डॉलर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था।

सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड वीसीएचटी सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टॉयलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है।

वीसीएचटी का पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टॉयलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है।

घर के टॉयलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता

वीसीएचटी सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है।

# चीन का 'भूतिया विमान' फिर लगाने लगा अंतरिक्ष से चक्कर

बीजिंग, 24 फरवरी (एजेंसियां)। चीन ने अपने गोपनीय रीयूज़ेबल स्पेस प्लेन को चौथी बार ऑर्बिट में लॉन्च किया है। यह बीजिंग की लगातार मजबूत होती स्पेस क्षमता का एक और उदाहरण है। लेकिन अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है कि ये स्पेसक्राफ्ट असल में ऑर्बिट में कर क्या रहा है? स्पेस की दुनिया में काम करने वाले वैज्ञानिक चीन के इस स्पेसक्राफ्ट को शेनलॉन्ग यानि 'डिवाइन ड्रैगन' कहते हैं। ये स्पेसक्राफ्ट 7 फरवरी को उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च-2F रॉकेट पर उड़ान भरी थी।

हैरान करने वाली बात ये है कि ये स्पेसक्राफ्ट 2020 के बाद से



ही भेजा जा रहा है, फिर भी चीन के ऑफिशियल सोर्स ने यान, उसके मकसद या यह ऑर्बिट में कितने समय तक रहेगा, इसके बारे में बहुत कम जानकारी दी है। दुनियाभर के स्पेस वैज्ञानिकों के लिए चीन का ये इस रहस्यमय विमान एक पहेली बना हुआ है। ताजा अपडेट रिपोर्ट्स के मुताबिक इसने 7 फरवरी 2026 को अपनी चौथी सफल लॉन्चिंग की है और यह अभी भी पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहा है।

चीन के सरकारी मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इसे सरकार ने स्पेस प्लेन प्रोग्राम को टेक्नोलॉजी टेस्टिंग का हिस्सा बताया है, जो भविष्य में स्पेस के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए ज्यादा आसान और सस्ते राउंड-ट्रिप तरीकों को सपोर्ट करेगा। लेकिन स्पेसक्राफ्ट के सही डिजाइन, पेलोड या ऑपरेशन्स जानकारियों के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। इसीलिए कई एक्सपर्ट लगातार इस स्पेसक्राफ्ट पर नजर बनाए रखते हैं। इसके ऑर्बिटल ट्रैकिंग और सैटेलाइट डेटा जुटाने की कोशिश करते हैं। यह एक मानवरहित विमान है, जिसका बार बार इस्तेमाल हो सकता है। ये देखने में बहुत हद तक अमेरिका के X-37B स्पेस प्लेन जैसा लगता है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

चाईबासा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के तांतनगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को पकड़ा। जानकारी के अनुसार, पीड़िता शनिवार को अपनी सहेली के घर मागे पर्व मनाने गई थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। इसके बाद बच्ची को एक सुनसान जगह पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद पीड़िता अपने घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने रविवार को मंझारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# भूपेश बोले-चैट जीपीटी से लिखवाया बजट

## बुद्धि का उपयोग नहीं हुआ, बैज बोले-गति की दुर्गति, ज्ञान का अल्पज्ञान हो गया, मंत्री नेताम ने कहा-चहुंमुखी विकास होगा

रायपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार का तीसरा बजट पेश किया। उन्होंने सदन में 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा। इस बार बजट की थीम 'संकल्प' रखी गई थी। वित्त मंत्री ने करीब 2 घंटे से ज्यादा समय तक बजट भाषण पढ़ा।

बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई है। साथ ही 18 साल पूरे होने पर बेटियों को डेढ़ लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। राज्य में 23 नए उद्योग खोलने की भी योजना है। बजट पेश होने के बाद पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसे चैट जीपीटी बजट बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जनता जुमलों की यह पतंग काट देगी। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि ओपी चौधरी ने बजट को बहुत अच्छे और आकर्षक शब्दों



में पेश किया है, लेकिन असल में इसमें खास कुछ नहीं है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि बजट में पंचायत, बस्तर और बेटियों के भविष्य पर बड़ा फोकस रहा है।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरकार ने इस बजट में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, बुजुर्ग और महिलाओं का खास ध्यान रखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ज्ञान का अल्पज्ञान हो गया, गति की दुर्गति हो गई और अब संकल्प के बजट पर भी मुझे भरोसा नहीं है, रोजगार, धान, किसान किसी पर बात नहीं हुई है। वहीं कैशलेस इलाज का राज्य कर्मचारियों ने स्वागत किया है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा- चैट जीपीटी बजट, पिछले बजट में मैंने पतंग उड़ाने की घोषणा की थी, इस बजट में मैं पतंग के कन्ने बांधने की घोषणा करता हूं, फिर अगले बजट में मैं पतंग में मांझा बांधने का ऐलान करूंगा, फिर उसके अगले बजट में पतंग उड़ाने की कोशिश करूँगा और फिर जनता जुमलों की यह पतंग काट देगी।

कुछ ऐसा ही बजट आज विधानसभा में देरी से पहुंचे वित्तमंत्री ने पेश किया। अपनी अज्ञानता से प्रदेश की दुर्गति करने के बाद आज जो ट्रकों के पीछे लिखी शायरी पढ़कर एक भाषण दिया गया, वह जनता को बार-बार याद दिला रहा है कि सिर्फ कांग्रेस ही विकल्प है।

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि ओपी चौधरी ने बजट को बहुत अच्छे और आकर्षक शब्दों में पेश किया है, लेकिन असल में इसमें खास कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो छत्तीसगढ़ के किसानों को कुछ दे।

इस बजट में ऐसा कुछ नहीं है, जो छत्तीसगढ़ के नौजवानों के लिए कुछ दे। आम नागरिकों को चिकित्सा, शिक्षा की जरूरत है।

बजट को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा- ज्ञान का अल्पज्ञान हो गया, गति की दुर्गति हो गई और अब संकल्प के बजट पर भी मुझे भरोसा नहीं है, रोजगार, धान, किसान किसी पर बात नहीं हुई है।

# नागालैंड पासिंग गाड़ी से 5-करोड़ का गांजा पकड़ाया

## ओडिशा से राजस्थान जा रही थी खेप, 900 किलो की 30 बोरियां जब्त



कवर्धा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में नागालैंड की पासिंग गाड़ी से 5 करोड़ का गांजा पकड़ाया है। 24 फरवरी की सुबह रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर वाहन चेकिंग के दौरान गाड़ी पकड़ाई है। कंटेनर 900 किलो गांजे से भरा था, जो ओडिशा से राजस्थान ले जाया जा रहा था। मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर कार्रवाई की। गाड़ी के सीक्रेट चैंबर में भी गांजा भरा था। कंटेनर ड्राइवर आयाज खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है। उससे पूछताछ जारी है।

पुलिस के मुताबिक, नागालैंड पासिंग कंटेनर ओडिशा नई फोरव्हीलर गाड़ी छोड़ने गई थी। वहां से खाली आती है, जिसमें कंटेनर में विशेष सीक्रेट चैंबर बनाकर ओडिशा से गांजा लोड कर राजस्थान ले जा रहे थे।

एएसपी अमित पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कंटेनर में 30 बोरियां भरी हुई थी। हर बोरी का वजन 30 किलो था। कुल मिलाकर 9 क्विंटल (900 किलो) गांजा बरामद हुआ है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपये हैं। जब्त कंटेनर की कीमत लगभग 50 लाख रुपये हैं।

कवर्धा पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कंटेनर में सीक्रेट चैंबर बना रखा था। जहां बड़ी मात्रा में गांजा छुपा कर लाए थे। पुलिस ने चैंबर तोड़कर गांजा बाहर निकाला। अभी सभी तथ्यों की जांच जारी है।

## पुलिस ने चोरी की 23 मोटरसाइकिल बरामद की

हजारीबाग, 24 फरवरी (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले में पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान एक संगठित बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 23 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर जिले के सभी थाना और ओपी प्रभारियों को मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया गया था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी टीम का गठन किया गया।

# अमेरिका और ईरान के तनाव में हुई चीन की एंट्री

## शिया देश को देगा युद्धपोत को डुबो देनी वाली मिसाइल

तेहरान, 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी हमले के अंदेशे का सामना कर रहे ईरान ने चीन के साथ मिसाल खरीद की डील की है। ईरानी सेना चीन से सुपरसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल खरीद रही है। रॉयटर्स ने डील से जुड़े करीबी लोगों के हवाले से दावा किया है कि ईरान और चीन के बीच मिसाइल डील तकरीबन फाइनल हो गई है। चीन से जंगी जहाजों पर हमले करने वाली यह मिसाइल तेहरान ऐसे समय ले रहा है, जब अमेरिका के एयरक्राफ्ट कैरियर और जंगी बेड़े ने ईरान के पास डेरा डाले हुए हैं और ट्रंप बार-बार हमले की धमकी दे रहे हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों ने कहा कि चीन में बनी CM-302 मिसाइलों की डील पूरी हो चुकी है लेकिन डिलीवरी की तारीख तय नहीं की गई है। बताया गया है कि इस डील के बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी ना देकर सीक्रेट तरीके से काम हो रहा है। चीन से अगले कुछ दिनों में इन मिसाइलों के ईरान पहुंचने की संभावना जताई गई है।

सीएम-302 को चीन की सरकारी कंपनी चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन (सीएएसआईसी) बनाती है। सीएएसआईसी का दावा है कि यह सबसे अच्छी एंटी-शिप मिसाइल है, जो किसी भी एयरक्राफ्ट कैरियर या डिस्ट्रॉयर को डुबो सकती है। इस वेपन सिस्टम को जहाजों, एयरक्राफ्ट या मोबाइल ग्राउंड गाड़ियों पर लगाया जा सकता है।

चीन की इन मिसाइलों से ईरानी सेना अमेरिकी जंगी जहाजों के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। इन मिसाइलों की रेंज 290 किमी है। ऐसे में ईरान के समुद्री पड़ोस में तैनात अमेरिकी जहाज इसकी जद में आ जाएंगे। इस मिसाइल की एक बड़ी खासियत यह है कि यह समुद्र ही नहीं बल्कि जमीन पर भी टारगेट को मार सकती है। चीन में बनी सीएम-302 मिसाइलों को नीचे और तेज रफ्तार से उड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे यह आधुनिक जंगी जहाजों के लिए मुश्किल पैदा करती हैं। डिफेंस एक्सपर्ट का कहना है कि इन मिसाइलों के मिलने से ईरान की स्ट्राइक क्षमता काफी ज्यादा बढ़ जाएगी और इलाके में मौजूद अमेरिकी नेवल फोर्स के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा।

सूत्रों ने कहा कि इस डील पर दोनों देशों की बातचीत नई नहीं है। डील पर चर्चा दो साल पहले शुरू हुई थी। पिछले साल इजरायल से 12 दिन की लड़ाई के बाद ईरान के सीनियर मिलिट्री और सरकारी अधिकारियों ने चीन जाकर इन मिसाइलों की जल्दी डिलीवरी के लिए कहा।

# खीरी में तंत्र के देवता के रूप में होती है भगवान शिव की पूजा





देश के हर शिवालय में शिवलिंग के सामने उनके अनन्य भक्त नंदी महाराज की प्रतिमा मौजूद रहती है, जहां बैठकर वे अपने आराध्य को निहारते हैं। नंदी महाराज की पूजा के बिना शिव की आराधना अधूरी मानी जाती है, लेकिन क्या आप उत्तर प्रदेश के ऐसे मंदिर में गए हैं, जहां भगवान शिव की सवारी नंदी नहीं, बल्कि मेंढ़क है और नंदी महाराज खड़े होकर अपने आराध्य को निहार रहे हैं? ऐसा अद्भुत नजारा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिलता है, जिसे इच्छापूर्ति महादेव कहा जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर के तार तंत्र-मंत्र से जुड़े हुए हैं और यहां भगवान शिव मेंढक की पीठ पर विराजमान हैं। आइए जानते हैं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के बारे में खास बातें...

**मंदिर का भार एक मेंढक की पीठ पर**

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से लगभग 11-13 किमी दूर ओयल कस्बे के पास नर्मदेश्वर महादेव मंदिर स्थापित है, जिसे मेंढक मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर की वास्तुकला और इतिहास दोनों ही बाकी मंदिरों से काफी अलग हैं। पहले बात करते हैं मंदिर के स्थापत्य की। ऐसा लगता है कि मंदिर का भार एक मेंढक ने अपनी पीठ पर ले रखा है और बीचोबीच महादेव का शिवलिंग स्थापित है। मेंढक की पीठ पर आठ कमल की पंखुड़ियों जैसा आर्किटेक्ट भी देखा गया है। देखने पर ऐसा लगता है कि महादेव मेंढक की पीठ पर कमर की पंखुड़ियों के बीच स्थित है। मंदिर के चारों कोनों पर प्राचीन स्तंभ भी मौजूद हैं, जो शैव तंत्र का प्रमाण देते हैं।

**तंत्र-मंत्र से जुड़ा है नर्मदेश्वर महादेव मंदिर**

माना जाता है कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के तार तंत्र से जुड़े हैं और यही कारण है कि भगवान शिव मेंढक की पीठ पर हैं। सामान्य भाषा में इसे 'मंडूक तंत्र' के नाम से भी जाना जाता है। धन और समृद्धि को आकर्षित करने, साधना और तंत्र कार्यों में सहायक और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए 'मंडूक तंत्र' का इस्तेमाल होता है और यह देश का पहला मंदिर है, जो 'मंडूक तंत्र' का प्रतिनिधित्व करता है।

**शैव संप्रदाय का प्रमुख तंत्र का केंद्र**

मंदिर का निर्माण ओयल स्टेट के राजा बख्श सिंह ने कराया था, जिसे शैव संप्रदाय का प्रमुख तंत्र का केंद्र माना गया। मंदिर को बनाने का उद्देश्य तंत्र के साथ-साथ राज्य को बाढ़ और सूखे से भी बचाना था। मंदिर की भीतरी वास्तुकला भी चौंका देती है, जहां मंदिर के भीतर बनी भूलभुलैया आज भी रहस्य बनी हुई है। किसी को नहीं पता कि भूलभुलैया का रास्ता कहां जाता है।

**दिन में तीन बार रंग बदलता है शिवलिंग**

मंदिर की स्थापना को लेकर कई किंवदंती मौजूद हैं। माना जाता है कि राज्य को सूखे की मार से बचाने के लिए ओयल स्टेट के राजा बख्श सिंह ने एक तांत्रिक के कहने पर मंडूक तंत्र का सहारा लिया था और राज्य में भारी बारिश की कारवाई थी। तभी से ये मंदिर तंत्र सिद्धि के लिए मशहूर है। मंदिर के गर्भगृह में मौजूद शिवलिंग और नंदी महाराज की प्रतिमा भी चमत्कारी है। स्थानीय मान्यता की मानें तो शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है और नंदी महाराज की प्रतिमा अपने चारों पैरों पर खड़ी है। ये देखने में अचंभित करने वाला है, लेकिन भक्त इसे भगवान का चमत्कार मानते हैं।

# खाटूश्याम मेला, 27 फरवरी को क्यों उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**राजस्थान के सीकर जिले में स्थित हारे के सहारे बाबा श्याम का दरबार इन दिनों जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज रहा है. विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेला 2026 जिसका आगाज हो चुका है. यूं तो मेले के हर दिन लाखों भक्त पहुंच रहे हैं, लेकिन 27 फरवरी को लेकर प्रशासन और भक्तों में विशेष उत्साह है. आइए जानते हैं इस खास दिन और बाबा खाटूश्याम से जुड़ी खास बातों के बारे में.**





अगर आप भी हारे के सहारे बाबा श्याम के दर्शनों की योजना बना रहे हैं, तो राजस्थान के सीकर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध खाटूधाम में वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेला 2026 की शुरुआत 21 फरवरी से हो चुकी है, जो 28 फरवरी तक धूमधाम से चलेगा।इस मेले का सबसे प्रमुख दिन 27 फरवरी (फाल्गुन शुक्ल एकादशी) है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। यही वजह है कि इस दिन लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से खाटू पहुंचते हैं और मंदिर परिसर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है। आइए जानते हैं इस दिन की महत्ता और बाबा श्याम से जुड़ी वो बातें जो उन्हें कलियुग का अवतारी बनाती हैं।

**कौन हैं बाबा खाटू श्याम?**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, खाटूश्याम को भगवान श्रीकृष्ण का कलियुग अवतार माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, वे महाभारत के वीर योद्धा बर्बरीक थे, जो भीम के पौत्र थे। भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें वरदान दिया था कि कलियुग में वे श्याम नाम से पूजे जाएंगे और जो भी सच्चे मन से उन्हें पुकारेगा, उसकी मनोकामना पूरी होगी। इसलिए मान्यता है जो भी भक्त सच्चे मन से खाटू श्माम बाबा की पूजा पुकारता है उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है।

**27 फरवरी को क्यों खास है दिन?**

फाल्गुन शुक्ल एकादशी को बाबा श्याम का जन्मदिन माना जाता है। इस दिन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशाल शोभायात्रा का आयोजन होता है। श्रद्धालु बाबा को केसरिया ध्वज, चूरमा और फूलों की चादर अर्पित करते हैं।इस अवसर पर खाटू नगरी दुल्हन की तरह सजाई जाती है और पूरी रात भजन संध्या का आयोजन होता है।

**बाबा खाटू श्याम से जुड़ी 10 खास बातें**

बर्बरीक का शीशः खाटू में बाबा के शीश की पूजा की जाती है, जिसे महाभारत युद्ध के बाद यहां स्थापित किया गया था।

**हारे का सहाराः** बाबा श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति जीवन में निराश हो, उसे बाबा सहारा देते हैं।

भीम के पौत्र थे बर्बरीकः महाभारत कथा के अनुसार, बर्बरीक, पांडवों में से भीम और उनकी पत्नी हिडिंबा के पुत्र घटोत्कच के बेटे थे।

**तीन बाणधारीः** बर्बरीक को तीन बाणों का वरदान प्राप्त था, जिससे वे पूरी सेना को पलभर में परास्त कर सकते थे।

**कृष्ण का वरदानः** भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजे जाने का आशीर्वाद दिया।

**लक्खी मेले की परंपराः** फाल्गुन महीने में लगने वाला लक्खी मेला देश के बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है।

**विशेष प्रसादः** बाबा को चूरमा, केसरिया ध्वज और इत्र अर्पित करना शुभ माना जाता है।

**निशान यात्राः** भक्त पैदल यात्रा कर निशान लेकर बाबा के दरबार में पहुंचते हैं।

**मनोकामना पूर्ति की मान्यताः** सच्चे मन से मांगी गई हर इच्छा बाबा पूरी करते हैं, ऐसी भक्तों की आस्था है।

खाटूधाम कहां है? प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं।

# रोहिणी व्रत आज

## क्यों भगवान कृष्ण से जुड़ा है इस नक्षत्र का गहरा नाता?



पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि यानी 25 फरवरी 2026 को रोहिणी व्रत रखा जाएगा। इस दिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस अवधि में पूजा-अर्चना करना बहुत ही शुभ माना गया है। भक्त इस समय भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा कर सकते हैं।

**रोहिणी नक्षत्र और भगवान श्रीकृष्ण का संबंध**

रोहिणी नक्षत्र का संबंध सीधे तौर पर भगवान कृष्ण से माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान कृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। यही कारण है कि यह नक्षत्र श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय माना जाता है। रोहिणी नक्षत्र को चंद्रमा का सबसे प्रिय नक्षत्र भी कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में इसे सौंदर्य, प्रेम, समृद्धि और आकर्षण का प्रतीक माना गया है।

कैसे करें रोहिणी व्रत की पूजा?

रोहिणी व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद घर के पूजा स्थल पर श्रीकृष्ण की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। भगवान श्रीकृष्ण को पंचामृत से स्नान कराएं। पीले फूल, तुलसी दल और माखन-मिश्री अर्पित करें। घी का दीपक जलाकर आरती करें। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। श्रीकृष्ण कथा या गीता पाठ करें। इस दिन व्रत रखने वाले लोग फलाहार कर सकते हैं और शाम को पूजा के बाद व्रत खोल सकते हैं।

**रोहिणी व्रत का महत्व**

धार्मिक मान्यता है कि रोहिणी व्रत रखने से दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ता है। संतान प्राप्ति की इच्छा पूर्ण होती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, साथ ही मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति मिलती है। यह व्रत विशेष रूप से महिलाओं के लिए मंगलकारी माना गया है, लेकिन पुरुष भी इसे पूरी श्रद्धा से रख सकते हैं। इस व्रत की खास बात होती है इस दिन पड़ने वाला रोहिणी नक्षत्र। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रोहिणी नक्षत्र 27 नक्षत्रों में चौथा नक्षत्र है और इसका स्वामी चंद्रमा है। इसे आकर्षण और रचनात्मकता का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार, इस नक्षत्र में किया गया शुभ कार्य लंबे समय तक सकारात्मक फल देता है।

# ग्रहण और भद्रा के बीच कैसे करें होलिका पूजन?



साल 2026 की होली ज्योतिषीय दृष्टि से बहुत ही विशेष होने वाली है। 3 मार्च 2026 को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है, जो भारत में भी दिखाई देगा। जब भी होली जैसे बड़े पर्व पर ग्रहण का साया होता है, तो शुभ मुहूर्त के चयन में विशेष सावधानी बरती जाती है। शास्त्रों के अनुसार, ग्रहण और सूतक काल के दौरान शुभ कार्य वर्जित होते हैं, लेकिन होलिका दहन का निर्णय पूर्णिमा तिथि, प्रदोष काल और भद्रा की स्थिति को देखकर लिया जाता है।

**चंद्र ग्रहण का समय और सूतक काल का प्रभाव**

3 मार्च 2026 को लगने वाला यह पूर्ण चंद्र ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 03:20 बजे शुरू होगा और शाम 06:47 बजे समाप्त होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले, यानी सुबह लगभग 06:20 बजे से ही शुरु हो जाएगा। सूतक काल के दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहते हैं और किसी भी प्रकार की नई शुरुआत या पूजा-पाठ की मनाही होती है। क्योंकि ग्रहण शाम 06:47 बजे समाप्त हो रहा है, इसलिए होलिका दहन का कोई भी विधान इस समय के बाद ही किया जाना चाहिए।

**होलिका दहन के लिए सबसे सटीक मुहूर्त**

इस वर्ष होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 06:22 बजे से रात 08:50 बजे तक बताया जा रहा है। हालांकि, ग्रहण शाम 06:47 बजे समाप्त हो रहा है, इसलिए पंचांग के अनुसार शाम 06:48 बजे से रात 08:50 बजे तक का समय दहन के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा। यह समय प्रदोष काल में भी आता है और ग्रहण के दोष से भी मुक्त है। इस दौरान भद्रा का प्रभाव भी नहीं रहेगा, जिससे यह मुहूर्त साधना और दहन के लिए अत्यंत फलदायी हो जाता है। सही समय पर किया गया यह अनुष्ठान आपके घर से नकारात्मक ऊर्जा को बाहर निकालने में पूरी मदद करता है।

चंद्र ग्रहण के कारण इस बार रंगों वाली होली की तिथि को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। 3 मार्च की शाम तक ग्रहण का प्रभाव रहने के कारण 4 मार्च 2026, बुधवार को रंग खेलना सबसे उत्तम रहेगा। ग्रहण के तुरंत बाद उत्सव मनाना शुभ नहीं माना जाता, इसलिए अगले दिन शुद्ध और पवित्र वातावरण में होली खेलना खुशियां लाने वाला होगा। इस दिन पूर्वा फाल्गुनी और उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र का संयोग रहेगा, जो रिश्तों में मधुरता बढ़ाने में सहायक होता है। नियमों का यह पालन न केवल आपकी आस्था को और मजबूत कर सकता है बल्कि आपके जीवन में सकारात्मकता का कारण भी बन सकता है।

# 5 राजयोगों में पड़ेगी इस साल होली

## *इन 4 राशि वालों को होगा खूब लाभ!*

सनातन धर्म में व्रत और त्योहार बड़े महत्वपूर्ण माने जाते हैं। व्रत और त्योहारों का समय भी बहुत विशेष होता है। व्रत और त्योहारों पर ग्रह मिलकर कई शुभ राजयोग बनाते हैं, जिनका असर सभी 12 राशियों के जातकों पर पड़ता है। होली के त्योहार में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है। इस साल 03 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिका दहन किया जाएगा। उसके अगले रोज यानी 04 मार्च को रंगों के साथ होली खेली जाएगी।

ज्योतिष के अनुसार, इस साल की होली बड़ी विशेष मानी जा रही है। क्योंकि होली के दिन कुंभ राशि में चार ग्रहों का जमावड़ा रहेगा, जिससे मालव्य समेत एक साथ कई राजयोग बनेंगे। इन राजयोगों से चार राशि के जातकों के लिए सफलता का नया दौर शुरू हो सकता है। इन राशि वालों को बंपर लाभ हो सकता है। आइए जानते हैं कि होली के दिन कौन-कौन से राजयोग बनेंगे और ये चार राशियां कौन सी है?

**बनेंगे ये राजयोग**

कुंभ राशि में सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य राजयोग, मंगल-सूर्य की



युति से मंगलादित्य राजयोग बनेगा। इसके अलावा कुंभ में सूर्य, बुध, मंगल और राहु की मौजूदगी से चतुर्ग्रही योग बनेगा। वहीं होली से पहले 2 मार्च 2026 को शुक्र ग्रह मीन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। शुक्र के उच्च राशि मीन में होने पर मालव्य राजयोग बनता है। होली पर ये योग सक्रिय रहेगा और 26 मार्च 2026 तक रहेगा।

**वृष राशि**

वृष राशि का स्वामित्व शुक्र के पास है। मालव्य समेत अन्य राजयोगों के बनने से इस राशि के जातकों को सीधा लाभ हो सकता है। जीवन में धन-समृद्धि बढ़ सकती है। करियर में तरक्की मिल सकती है।

**मिथुन राशि**

मिथुन राशि वालों के लिए बुधादित्य राजयोग विशेष लाभदायक साबित हो सकता है। इससे आपकी बुद्धिमता और कौशल बढ़ सकता है। नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

**सिंह राशि**

सिंह राशि वालों को इस समय पद-प्रतिष्ठा मिल सकती है। नेतृत्व क्षमता बेहतर हो सकती है। जो लोग लंबे समय से प्रमोशन की राह देख रहे हैं उनको प्रमोशन मिल सकता है।

**तुला राशि**

तुला राशि के स्वामी शुक्र हैं और इस समय इन लोगों के अच्छे दिनों की शुरुआत हो सकती है। आपकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। सफलता की राह मिल सकती है।

# तिरुमला में बिना सर्टिफिकेट गैर हिंदू नहीं कर पाएंगे दर्शन



आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुमला श्रीवारी मंदिर की पवित्रता की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उसने दर्शन संबंधी नियमों को और सख्त बनाने का फैसला किया है। इसके तहत, सरकार ने तिरुमला मंदिर प्रशासन (टीटीडी) को नियमों का सख्ती से पालन करने का आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अब से यदि कोई गैर-हिंदू व्यक्ति भगवान के दर्शन करना चाहता है, तो उसे एक घोषणा पत्र देना होगा। अब तक, इस नियम का ज्यादा पालन नहीं हुआ है। कुछ लोग स्वेच्छा से घोषणा पत्र दे रहे हैं, जबकि कुछ लोग बिना घोषणा पत्र दिए ही दर्शन कर रहे हैं।

सरकार ने अब से इन नियमों को सख्ती से लागू करने का फैसला है। तिरुमाला मंदिर की पवित्रता की रक्षा के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। फिलहाल आंध्र प्रदेश विधानसभा में बैठकें चल रही हैं। इस दौरान तिरुमाला लड्डू में मिलावट का मुद्दा विधानसभा में गरमागरम बहस का विषय बना हुआ है।

**तिरुमाला को लेकर नया कानून लाने की योजना में सरकार**

सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी बहस हो रही है। इसी संदर्भ में कई मंत्रियों ने विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू से मुलाकात की। इस दौरान चंद्रबाबू ने मंत्रियों के साथ तिरुमाला में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की। इस अवसर पर चंद्रबाबू ने अधिकारियों को स्वर्ण मंदिर अधिनियम का अध्ययन करने का निर्देश दिया।

वहीं, सरकार स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर तिरुमाला में एक नया कानून लाने की योजना बना रही है। इस कानून के लागू होने से दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की संभावना बनेगी। सरकार स्वर्ण मंदिर अधिनियम का अध्ययन करने के बाद विधानसभा में विधेयक पेश करेगी। विधेयक पारित होने के बाद नया कानून लागू हो जाएगा।

**तिरुमला लड्डू में मिलावटी घी का मुद्दा गरमाया**

हाल ही में तिरुमला को लेकर कई विवाद सामने आए हैं। इसी संदर्भ में सरकार नए कानून में कड़े प्रावधान लाने की योजना बना रही है। पिछले एक साल से तिरुमाला लड्डू में मिलावटी घी का मुद्दा राज्य की राजनीति में हलचल मचा रहा है। एसआईटी जांच हो चुकी है और मिलावट की पुष्टि भी हो चुकी है। हालांकि, वाईएसआरसीपी का कहना है कि मिलावट नहीं हुई है। फिलहाल विधानसभा सत्रों में भी इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक गहमागहमी बनी हुई है।

स्वतंत्र वार्ता
बुधवार, 25 फरवरी - 2026

## खाड़ी में मंडराता संकट

ईरान और अमेरिका के बीच जिनेवा में वार्ता का तीसरा दौर शुरू होने जा रहा है, लेकिन संवाद की मेज पर बैठने से पहले ही हालात जिस तेजी से बिगड़ रहे हैं, वह परेशान करने वाला है। कूटनीति की भाषा शांति की बात करती है, पर जमीन पर सैन्य तैयारियां किसी और कहानी का संकेत दे रही हैं। मध्य-पूर्व एशिया एक बार फिर उस मोड़ पर खड़ा है, जहां छोटी-सी चूक बड़े संघर्ष में बदल सकती है। अमेरिका ने खाड़ी क्षेत्र में फाइटर जेट और एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती बढ़ा दी है। दूसरी ओर, ईरान ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में युद्धाभ्यास कर अपनी हुंकार भर दी है। यह वही समुद्री रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल आपूर्ति पाता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का सैन्य तनाव केवल क्षेत्रीय मुद्दा नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोरने वाला होगा। भारत के लिए भी यह स्थिति सामान्य नहीं है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी एडवाइजरी बताती है कि हालात कितने गंभीर हो सकते हैं। खाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय कामगार और पेशेवर मौजूद हैं। यदि टकराव बढ़ता है तो उनकी सुरक्षा, भारत की ऊर्जा जरूरतें और व्यापारिक हित तीनों पर सीधा असर पड़ेगा। भारत अपनी कूटनीतिक संतुलन नीति के लिए जाना जाता है, लेकिन ऐसे समय में संतुलन साधना आसान नहीं होगा। भारत ने अपने लोगों को वहां से लौटने की भी एडवाइजरी जारी कर दी है। बहरहाल, अविश्वास इस पूरे संकट का सबसे खतरनाक पहलू है। वार्ता के दौरान भी दोनों पक्ष सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहे हैं। जो दर्शाता है कि संवाद केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए। अमेरिका का मानना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है। वहीं ईरान का आरोप है कि उस पर बेवजह दबाव बनाया जा रहा है और उसकी संप्रभुता में हस्तक्षेप किया जा रहा है। पूर्व के अनुभव से भी आशंका को बढ़ाते हैं। पिछले वर्षों में जब-जब ईरान-इजराइल या अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ा, तब तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। एक दिन में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए, यह सीधा आर्थिक झटका होता है। महंगाई, राजकोषीय दबाव और चालू खाते का घाटा सभी पर इसका असर पड़ता है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी रुख अधिक आक्रामक दिखाई देता रहा है। यदि अमेरिका किसी सैन्य कार्रवाई का निर्णय लेता है तो उसके दूरगामी परिणाम होंगे। ईरान भी स्पष्ट संकेत दे चुका है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं। ऐसे में जिद और शक्ति-प्रदर्शन का टकराव व्यापक युद्ध का रूप ले सकता है। यह केवल दो देशों का मामला नहीं रहेगा, बल्कि रूस, चीन और यूरोपीय शक्तियों की भी भूमिका सामने आ सकती है। भारत को इस पूरे घटनाक्रम पर सतर्क निगाह रखनी होगी। एक ओर अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ ऐतिहासिक और ऊर्जा संबंध। चाबहार बंदरगाह जैसे परियोजनाएं भारत के क्षेत्रीय हितों से जुड़ी हैं। इसलिए भारत को सक्रिय कूटनीति के माध्यम से शांति की पहल का समर्थन करना चाहिए और अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। आज आवश्यकता है कि जिनेवा की वार्ता ठोस परिणाम दे। यदि मध्य-पूर्व फिर से युद्ध की आग में झुलसा, तो उसकी तपिश पूरी दुनिया को महसूस होगी।

# राष्ट्र की जीवनरेखा रेलवे


राम बाबू वाविलपल्ली

16 अप्रैल 1853 को बोरी बंदर से ठाणे के बीच पहली ट्रेन चलने के 172 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। समय के साथ भारतीय रेल राष्ट्र की अविभाज्य जीवनरेखा बन गई है- जिसने क्षेत्रों को जोड़ा, वाणिज्य को गति दी और किफायती तथा पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ जन परिवहन उपलब्ध कराया। फिर भी दशकों तक यह भीड़भाड़, क्रमिक सुधारों और वित्तीय सीमाओं का पर्याय बनी रही। पिछले दस वर्षों में यह परिदृश्य पूरी तरह बदल गई है। यह परिवर्तन केवल कथनात्मक नहीं, बल्कि मापनीय है। नेटवर्क का विस्तार और नवीनीकरण औपनिवेशिक काल के नेटवर्क के विस्तार पर छह दशकों औपनिवेशिक काल के नेटवर्क के विस्तार पर छह दशकों से अधिक समय तक राजकोषीय व्यय में अधिकतर वृद्धि ही हुई। 2004-14 के दौरान कुल रेल पूंजीगत व्यय लगभग 3.62 लाख करोड़ था। हालांकि, 2014-24 के दशक में यह बढ़कर 17 लाख करोड़ से अधिक हो गया, जो नाममात्र रूप से चार गुना से भी अधिक है।इस बड़े कैपेक्स प्रोत्साहन का नेटवर्क विस्तार और बाधा-निवारण की गति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। 2004-14 के दौरान जहाँ नई लाइनों, दोहरीकरण और बहु-ट्रैकिंग का औसत वार्षिक कमीशनिंग 1499 किमी था, वहीं 2014-24 में यह बढ़कर 3118 किमी हो गया तथा चरम वर्षों में 4000 किमी तक पहुँचा। साथ ही 2014-24 के दौरान 45000 किमी से अधिक मौजूदा पटरियों का नवीनीकरण किया गया। डीएफसी का 96% से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें 2,843 किमी को रसद दक्षता बढ़ाने के लिए चालू किया गया है, जिसमें पूर्ण रूप से संचालित पूर्वी डीएफसी भी शामिल है। 2014-25 के बीच 4090 किलोमीटर प्रति वर्ष की दर से 45,000 किलोमीटर से अधिक रूटों का विद्युतीकरण किया गया, जिससे बीजी नेटवर्क का 99.2% हिस्सा विद्युतीकृत हो गया, जबकि पिछले छह दशकों में केवल 21,800 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ था। इससे लागत में भारी बचत हुई है और वित्तीय दक्षता में वृद्धि हुई है। डीजल पर निर्भरता कम होने से वित्त वर्ष 2023-24 में ही 4,700 करोड़ से अधिक की बचत हुई है, जिससे भारतीय रेलवे 2030 तक 'नेट ज़ीरो' इकाई बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

**रोलिंग स्टॉक में वृद्धि**

कोच, वैगन और लोकोमोटिव के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। 2014-2025 के बीच 42,600 एलएचबी कोचों का निर्माण एवं तैनाती की गई, जिससे संरक्षा और आराम में सुधार हुआ। 2019 में सेमी-हाई स्पीड, स्व-चालित ट्रेनसेट वंदे भारत एक्सप्रैस की शुरुआत हुई और दिसंबर 2025 तक 164 ट्रेनें सेवा में लाई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त लंबी दूरी की नॉन-एसी पुश-पुल अमृत भारत एक्सप्रेस तथा कम दूरी की नमो भारत रैपिड रेल भी प्रारंभ की गई हैं। इन प्रीमियम और सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों ने परिवहन के मानकों को पुनर्परिभाषित किया है। वैगनों के फ्लीट आकार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पिछले तीन वर्षों में ही 1 लाख से अधिक वैगनों का निर्माण हुआ, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 41,929 वैगन शामिल हैं। अब ध्यान उच्च क्षमता (25 टन एक्सल लोड), विशेष (ऑटोमोबाइल एवं कंटेनर ट्रैफिक) तथा अधिक टिकाऊ (माइल्ड स्टील से स्टेनलेस स्टील) वैगनों पर केंद्रित है। 2014-24 के दौरान कुल 9,168 लोकोमोटिव का निर्माण हुआ, जिससे वार्षिक औसत बढ़कर लगभग 917 हो गया, जो 2004-14 के दौरान 470 प्रति वर्ष था।

**बेहतर संरक्षा**

संरक्षा में सुधार हेतु व्यापक स्तर पर एलएचबी कोचों की शुरुआत, कवच (ट्रेन कोलिशन एवॉयडेंस सिस्टम) का कार्यान्वयन, बड़ी संख्या में स्टेशनों पर विद्युत अंतरपार्शन की स्थापना, समपार फाटक का उन्मूलन करते हुए 13,600 से अधिक रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज (आरओबी/आरयूबी) का निर्माण तथा संरक्षा बजट में तीन गुना वृद्धि के साथ पटरियों के नवीनीकरण में तेजी लाने जैसे उपायों के माध्यम से पिछले दशक में रेल परिचालन की संरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। परिणामस्वरूप, 2004-14 की अवधि में 1,711 (171 प्रतिवर्ष) परिणामी ट्रेन दुर्घटनाएँ थीं, जो 2014-2025 में घटकर लगभग 678 (61 प्रतिवर्ष) रह गईं और 2024-25 में केवल दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं। इससे रेलवे को परिवहन के एक संरक्षित साधन के रूप में देखने की धारणा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और यात्रियों का विश्वास बढ़ा है।

**यात्री अनुभव का पुनर्परिभाषण**

दशकों तक भारतीय रेल को उसके विशाल स्तर और व्यापक पहुंच के आधार पर परिभाषित किया जाता था, यह व्यवस्था पुरानी अवसंरचना, जर्जर हो चुके रोलिंग स्टॉक तथा क्षमता संबंधी दबावों से चिह्नित थी। वर्ष 2014 के बाद से दृष्टिकोण में एक मौलिक परिवर्तन आया है, जो केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि आकांक्षात्मक भी है। अब सुरक्षा, संरक्षा, आराम, गति, सुविधा, स्वच्छता, गरिमा और सुगमता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेनों, अमृत भारत ट्रेनों की शुरुआत और एलएचबी कोचों को शामिल करने से न केवल आधुनिक इंटीरियर, विशेष सुविधाएं और शानदार माहौल आया है, बल्कि संरक्षा, यात्रा की गुणवत्ता और गति में भी सुधार हुआ है। अमृत भारत स्टेशन योजना ने रेलवे स्टेशनों को एकीकृत गतिशीलता केंद्रों और आधुनिक शहरी केंद्रों के रूप में नया रूप दिया है। आधुनिक अग्रभाग, बेहतर प्रतीक्षा कक्ष, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, एस्केलेटर, लिफ्ट और आकर्षक सूचना पट्टो ने यात्रियों के साथ संवाद करने के तरीके को बदल दिया है और यात्रियों के आवागमन, पहुंच और गरिमा को बेहतर बनाया है। डिजिटल परिवर्तन ने टिकट बुकिंग, वास्तविक समय में ट्रेन ट्रैकिंग, कोच की स्थिति, ट्रेन में मनोरंजन की सुविधा, मुफ्त वाई-फाई, ई-कैटरिंग आदि क्षेत्रों में यात्रा अनुभव को नया रूप दिया है। रेलमदद के आगमन ने भारतीय रेलवे में ग्राहक इंटरफ़ेस को पूरी तरह से बदल दिया है। इसने वास्तविक समय में प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के नए आयाम खोले हैं और ग्राहक का पुनः ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय रेलवे ने 2014 से माल ढुलाई में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। 2004-14 में 8,473 मीट्रिक टन माल ढुलाई की तुलना में 2014-25 के दौरान कुल 14,200 मीट्रिक टन माल ढुलाई हुई। 2024-25 में 1,617.38 मीट्रिक टन माल ढुलाई के साथ सर्वकालिक उच्च स्तर दर्ज किया गया। इसी प्रकार, माल ढुलाई से प्राप्त राजस्व भी 2013-14 में 1 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 2.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। कोविड महामारी के बाद मांग में आए बदलाव के कारण कुल यात्री यातायात में गिरावट आई है, लेकिन यात्री राजस्व में 8.5% की सीएजीआर से वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण मध्यम वर्ग की बढ़ती आय और वंदे भारत जैसी तेज ट्रेनों की शुरुआत के चलते प्रीमियम और आरक्षित यात्रा (एसी श्रेणी) की ओर संरचनात्मक बदलाव है। कोविड व्यवधान के बाद वित्त वर्ष 2022-23 से यात्री संख्या में स्पष्ट वृद्धि देखी गई है। भारतीय रेल "अनजुड़े को जोड़ना" लक्ष्य के तहत सीमावर्ती, पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बहु-चरणीय विस्तार कर रही है। पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों को 2030 तक जोड़ने का लक्ष्य है। **जारी...लेखक दमरे में आईआरटीएस अधिकारी हैं।**

## तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस की 'जिद' या डीएमके की 'अकड़'


अशोक भाटिया

जैसा कि हम जानते है इसी साल तमिलनाडु में विधान सभा चुनाव होने हैं। एक ओर डीएमके और कांग्रेस समेत अन्य दल का अलायंस है तो दूसरी ओर एआईडीएमके, भारतीय जनता पार्टी और अन्य पार्टियों का गठबंधन है। हालांकि, चुनाव से पहले ही सत्तारूढ़ डीएमके और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर माथापच्ची देखने को मिल रही है। मार्च 2024 में डीएमके अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ बैठक के दौरान कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल (बीच में)। दोनों नेताओं ने 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा करने के लिए 22 फरवरी को फिर से मुलाकात की, लेकिन किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। । द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम (डीएमके) और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच स्पष्ट और स्थापित मित्रता के बावजूद, तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पार्टियां सीट बंटवारे की बातचीत में कोई प्रगति नहीं कर पाई हैं। एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि डीएमके कांग्रेस के लिए अतिरिक्त सीटों पर विचार करने से इनकार करने पर अडिग है।

दोनों पक्षों के बीच तनाव कम करने के कांग्रेस के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा डीएमके गठबंधन की 2026 के चुनाव में जीत होने पर सत्ता में हिस्सेदारी की मांग के बाद, पार्टी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात का अनुरोध किया। वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने 22 फरवरी को स्टालिन से बातचीत की।

बातचीत सौहार्दपूर्ण रही, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। स्टालिन को डीएमके की उप महासचिव और हाल ही में दिल्ली में संपर्क सूत्र रहीं कनिमोझी करुणानिधि का सहयोग प्राप्त था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा भी बातचीत में शामिल थे।सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने अतिरिक्त सीटों की मांग की और स्टालिन ने अपनी मजबूरियों के बारे में बताया। डीएमके नेताओं ने मांग को सिरे से खारिज करने के बजाय यह बताया कि गठबंधन में कुछ और पार्टियां शामिल हो गई हैं। चुनाव की प्रकृति को देखते हुए, जिसमें डीएमके को जीत हासिल करने और 1967 में सत्ता में आने के बाद दूसरी बार सत्ता-विरोधी लहर को मात देने की उम्मीद है, पार्टी को सभी पक्षों की राय को ध्यान में रखना पड़ा। एक सूत्र ने कहा, बातचीत अप्रिय नहीं रही। बताया जा रहा है कि सत्ता-साझेदारी का मुद्दा बातचीत में नहीं उठा; सीटों में वृद्धि ही मुख्य मुद्दा था। कांग्रेस कम से कम 30 सीटें चाहती है। एक कांग्रेस नेता ने कहा, "हमने 2021 में जितनी सीटों पर चुनाव लड़ा था, उससे अधिक सीटों की मांग की है क्योंकि हमारा स्ट्राइक रेट बहुत अच्छा था।" डीएमके नेता ने कहा, "हमारे नेता [स्टालिन] ने उन्हें एक संख्या बताई है। वे कांग्रेस की मांग एक विस्तृत आंतरिक समीक्षा के आधार पर की है। इस पर चर्चा करेंगे और फिर हमसे संपर्क करेंगे।"

वेणुगोपाल को कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर द्वारा सत्ता में हिस्सेदारी की बार-बार मांग करने के पीछे के व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। द्रमुक को उनसे निपटने के लिए मजबूर होना पड़ता है क्योंकि उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वेणुगोपाल को द्रमुक और कांग्रेस को अच्छे संबंध बनाए रखने की जरूरत पर सलाह दी है। खड़गे का राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है और उन्हें कर्नाटक से पार्टी द्वारा फिर से नामित किए जाने की उम्मीद है। उनका नेता प्रतिपक्ष का दर्जा भी खतरे में नहीं है, बशर्ते कांग्रेस राज्यसभा चुनाव में कम से कम चार सीटें जीतने में सक्षम हो। खड़गे को विपक्ष का नेता बने रहने के लिए कांग्रेस को कम से कम 25 सदस्यों (सदन की संख्या का 10 प्रतिशत) की आवश्यकता है। तेलंगाना और कर्नाटक में अपनी ताकत के कारण कांग्रेस 25 का आंकड़ा पार कर सकती है। (कांग्रेस के 27 में से छह सांसद जल्द ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पार्टी ने इससे पहले द्रमुक से सीट का अनुरोध किया था। कांग्रेस और द्रमुक के बीच मतभेद तब खुल गए जब कांग्रेस ने दावा किया कि द्रमुक ने 2019 और 2021 में राज्यसभा सीट का वादा किया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया। पार्टी इस बात से भी नाराज थी कि द्रमुक ने पिछले साल खाली हुई सीट के लिए खड़गे के अनुरोध को ठुकरा दिया था और इसके बजाय इसे मक्कल निधि मय्यम के नेता कमल हासन को आवंटित कर दिया था। 22 फरवरी की बैठक के लहजे और कार्यकाल को देखते हुए, ऐसा लगता है कि द्रमुक छोटी जाति या प्रभाव समूहों को जीतने के प्रयास में राजनीतिक दलों के सभी वर्गों को समायोजित करने के अपने 2001 के परीक्षण और असफल मॉडल पर लौट रही है।

कांग्रेस का मानना है कि यह एक परखी हुई शक्ति है और द्रमुक के लिए महत्वपूर्ण मूल्य जोड़ती है। अगर द्रमुक कांग्रेस की दो मांगों में से एक – अधिक सीट आवंटन और सत्ता में हिस्सेदारी – को नहीं मानता है तो पार्टी को हार के रूप में देखा जाएगा। यह उन पांच राज्यों में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चर्चा का विषय बन जाएगा, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। संक्षेप में, कांग्रेस पीछे हटने में सक्षम होगी, लेकिन डीएमके से की गई सभी मांगों को पूरी तरह से छोड़ नहीं पाएगी। द्रमुक नेताओं को चिंता है कि कांग्रेस के साथ मतभेद जिलों में प्रकट होने लगेंगे। एक जिला सचिव, जो स्टालिन कैबिनेट में मंत्री भी हैं, ने कहाः मुझे अपने जिले में पहले से ही समस्याएं दिखाई दे रही हैं। जब तक इस मुद्दे को जल्द ही सुलझाया नहीं जाता है, तब तक यह कई स्तरों पर जमीनी स्तर पर समन्वय को प्रभावित करेगा। 23 फरवरी को, एक समाचार टेलीविजन चैनल के साथ बातचीत के दौरान, स्टालिन ने कहा कि लड़ाई कुछ सीटों या सत्ता की लूट के बारे में नहीं थी। उन्होंने कहा, 'यह फासीवाद के खिलाफ लड़ाई है। मैं तमिलनाडु के लोगों पर विश्वास करता हूं। दरअसल, 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने 173 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से 133 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि 40 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। इन हारों में अधिकांश सीटों पर एआईएडीएमके और भाजपा के खिलाफ गई थीं।अब विवाद सिर्फ सीटों तक सीमित नहीं है, बल्कि 'गठबंधन सरकार' को लेकर भी है। हाल ही में एक निजी कार्यक्रम में एमके स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया था कि सरकार में सत्ता की साझेदारी की कोई व्यवस्था नहीं होगी।

## राष्ट्र सुरक्षा का नवदर्शन अब प्रतिक्रिया नहीं, प्रहार


आरके जैन

भारत ने 23 फरवरी 2026 को अपनी पहली व्यापक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति 'प्रहार' के शुभारंभ के साथ सुरक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम उठाया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आठ पृष्ठों वाले इस नीति दस्तावेज में केवल दशकों से चले आ रहे आतंकवाद विरोधी प्रयासों का औपचारिकीकरण नहीं किया गया है, बल्कि भविष्य में उभरते खतरों- जैसे साइबर हमले, ड्रोन का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी के जरिए वित्त पोषण, और डार्क वेब पर रेडिकलाइजेशन-से निपटने के लिए ठोस और निर्णायक रणनीतियाँ भी प्रस्तुत की गई हैं।

नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आतंकवाद का न तो कोई धर्म है, न कोई जाति, न कोई राष्ट्रीयता और न ही कोई सभ्यता। यह एक कृत्य है, जिसे किसी भी वैचारिक या धार्मिक औचित्य के साथ सही नहीं ठहराया जा सकता। केंद्र सरकार की यह नीति सामाजिक सद्भाव को बनाये रखते हुए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली दूरदर्शिता का प्रतीक है। 'प्रहार' शब्द का चयन स्वयं सरकार की अडिग इच्छाशक्ति और सक्रिय रणनीति की अभिव्यक्ति है। यह नीति केवल रक्षात्मक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रोएक्टिव और खुफ़िया-आधारित अभियान संचालित करने की दिशा में स्पष्ट संकेत देती है। यह नीति सात अडिग स्तंभों की उस संगठित शक्ति पर खड़ी है, जिन्हें 'प्रहार' के अक्षरों में इस तरह संहिताबद्ध किया गया है कि हर अक्षर स्वयं एक रणनीतिक संकल्प बन जाता है। इनमें पहला है प्रिवेंशन- आतंकवादी हमलों की पूर्वानुमानित रोकथाम, जो पूरी तरह से खुफ़िया जानकारी और विश्लेषण पर आधारित होगी। दूसरा स्तंभ है रिस्पॉन्स-तेज़, संतुलित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की क्षमता। तीसरा स्तंभ है एग्रीगेटिंग कैपेसिटीज़-सरकारी आंतरिक क्षमताओं का समन्वय और एकीकृत उपयोग। चौथा है ह्यूमन राइट्स और रूल ऑफ़ लॉ-सभी ऑपरेशंस में मानवाधिकारों और कानूनी ढांचे का कड़ाई से पालन।

पांचवां स्तंभ है अटेन्यूएटिंग कंडीशन्स-वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ जिन्हें कम करके रेडिकलाइजेशन और आतंकवाद के बीजारोपण को रोका जा सके। छठा स्तंभ है अलाइनिंग इंटरनेशनल एफर्ट्स-वैश्विक सहयोग और साझेदारी के माध्यम से आतंकवादियों को वित्तीय संसाधनों, हथियारों की आपूर्ति और सुरक्षित पनाहगाहों से वंचित करना। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वित कार्रवाई और कूटनीतिक सक्रियता का स्पष्ट संकेत देता है। सातवां स्तंभ है रिकवरी और रिज़िलियंस—आतंकवादी घटनाओं से प्रभावित पीड़ितों की समुचित सहायता, समाज की सामूहिक मानसिक और सामाजिक मजबूती, तथा पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता देना। ये सातों स्तंभ सामूहिक रूप से भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को एक व्यवस्थित, समग्र और बहुआयामी ढांचा प्रदान करते हैं। यह केवल सिद्धांतों का संकलन नहीं, बल्कि एक सुसंगठित और क्रियान्वयन-केन्द्रित रणनीति का आधार है। पारंपरिक और सीमित रिएक्टिव सोच की परिधि से बाहर निकलते हुए यह नीति अब प्रिवेंटिव, प्रोएक्टिव और फ्यूचर-प्रूफ दृष्टिकोण को आत्मसात करती है, जो बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करता है।

जहाँ पहले आतंकवाद को मुख्यतः सीमा-पार गतिविधियों तक सीमित समझा जाता था, वहीं 'प्रहार' अब जल, थल और आकाश-तीनों आयामों में उभरते खतरों की व्यापक पहचान करता है। यह नीति सुरक्षा की पारंपरिक परिभाषा से आगे बढ़कर बहु-स्तरीय और सर्वांगीण दृष्टिकोण अपनाती है। इसमें बिजली, रेलवे, एविएशन, पोर्ट्स, डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सामरिक क्षेत्रों के लिए मल्टी-लेयर सुरक्षा प्रावधानों को सुदृढ़ रूप से शामिल किया गया है, ताकि राष्ट्रीय अवसंरचना किसी भी प्रकार की आतंकी या विघटनकारी गतिविधि से सुरक्षित रह सके। साइबर और ड्रोन युग में, जब दुश्मन अदृश्य, डिजिटल और तकनीकी रूप से अत्याधुनिक हो चुका है, सरकार ने क्रिमिनल हैकर्स, नेशन-स्टेट एक्टर्स, डार्क वेब नेटवर्क, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाली फंडिंग तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कठोर और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट संकल्प व्यक्त किया है। 'प्रहार' की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसका समावेशी और सहभागी दृष्टिकोण है। यह नीति आतंकवाद को केवल सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं मानती, बल्कि पूरे समाज को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। स्कूल, कॉलेज, मीडिया संस्थान, सामुदायिक नेतृत्व और जागरूक नागरिक-सभी को रेडिकलाइजेशन की रोकथाम और सामाजिक समरसता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

नीति में स्पष्ट किया गया है कि अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठनों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, किंतु किसी भी समुदाय को सामूहिक रूप से दोषी ठहराने की प्रवृत्ति को स्थान नहीं दिया जाएगा। यह संतुलित और संवेदनशील दृष्टिकोण सुरक्षा की कठोरता तथा सामाजिक सौहार्द—दोनों के बीच सार्थक सामंजस्य स्थापित करता है।

## मेरठ रैपिड रेल के बहाने भाजपा ने 2027 का चुनावी गणित साधा


संजय सक्सेना

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को हुआ रैपिड रेल और मेट्रो परियोजना का उद्घाटन एक सामान्य सरकारी कार्यक्रम नहीं था। यह ऐसा मंच था जहां विकास के आंकड़े, राजनीतिक संदेश और भविष्य की चुनावी रणनीति एक साथ रखी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद अब खुले तौर पर रखी जा रही है।दिल्ली–मेरठ नमो भारत रैपिड रेल कॉरिडोर देश की सबसे महत्वाकांक्षी क्षेत्रीय परिवहन परियोजनाओं में गिना जा रहा है। इसकी कुल लंबाई करीब 82 किलोमीटर है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस परियोजना पर 12 हजार 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आई है। अब दिल्ली से मेरठ का सफर 50 से 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जबकि पहले यही दूरी सड़क मार्ग से तय करने में औसतन ढाई से तीन घंटे लगते थे। रैपिड रेल की अधिकतम डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है, जो इसे देश की सबसे तेज रफ्तार ट्रांजिट प्रणालियों में शामिल करती है। इसी कॉरिडोर के साथ मेरठ मेट्रो का संचालन भी शुरू किया गया है। इसका मकसद केवल दिल्ली से कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि शहर के भीतर आवाजाही को भी आसान बनाना है। सरकार का दावा है कि इससे रोजाना हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और ट्रैफिक का दबाव कम होगा। अधिकारियों के अनुसार, पूर्ण संचालन के बाद इस कॉरिडोर से हर दिन करीब ढाई से तीन लाख यात्रियों के सफर करने की क्षमता विकसित की गई है।प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इन आंकड़ों को विकास की उपलब्धि के रूप में पेश किया, लेकिन संदेश सिर्फ इतना नहीं था। मंच से यह बार-बार रेखांकित किया गया कि इतने बड़े प्रोजेक्ट तभी संभव हो पाए जब केंद्र और राज्य सरकारें एक साथ काम कर रही हों। योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कानून-व्यवस्था, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर को उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया गया। यह सीधा संकेत था कि भाजपा 'डबल इंजन सरकार' के नैरेटिव को 2027 तक और मजबूत करने जा रही है।राजनीतिक दृष्टि से सबसे दिलचस्प पहलू विपक्ष पर किया गया हमला रहा। इस मंच से कांग्रेस पर तीखे शब्दों में निशाना साधा गया। पहली नजर में यह अटपटा लग सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से माना जाता है। लेकिन राजनीति में विमर्श तय करना भी रणनीति का हिस्सा होता है। कांग्रेस को केंद्र में रखकर हमला करने से विपक्षी खेमे के भीतर नेतृत्व और दिशा को लेकर असमंजस पैदा करने की कोशिश साफ दिखी।इसका सीधा असर समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव पर पड़ता है। यदि विपक्षी राजनीति का केंद्र कांग्रेस बनती है, तो सपा को न केवल अपने पारंपरिक वोट बैंक को संभालना होगा, बल्कि विपक्षी एकता में अपनी भूमिका को भी नए सिरे से परिभाषित करना पड़ेगा। यह दबाव केवल सीटों का नहीं, बल्कि नेतृत्व और वैचारिक दिशा का भी है।

मेरठ का मंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखकर चुना गया। यह इलाका किसान आंदोलन, जातीय समीकरण और शहरीकरण तीनों के लिहाज से अहम माना जाता है। रैपिड रेल जैसी परियोजना के जरिए भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि विकास का लाभ सीधे इसी क्षेत्र को मिल रहा है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस कॉरिडोर से जुड़े क्षेत्रों में जमीन के दाम, औद्योगिक निवेश और निजी प्रोजेक्ट्स में पहले ही बढ़ोतरी देखी जा रही है।सरकार का दावा है कि परियोजना के निर्माण और संचालन के दौरान करीब 30 हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अलावा, दिल्ली–एनसीआर के औद्योगिक और कॉरपोरेट हब तक तेज पहुंच मिलने से मेरठ, मोदीनगर और आसपास के शहरों के युवाओं के लिए नौकरी के नए विकल्प खुलेंगे।

## प्रजातांत्रिक भूत का रहस्य


डॉ. सुरेश कुमार

शिवपालगंज की धरती पर जब भी कुछ रहस्यमयी होता है, तो समझ लीजिए कि या तो किसी की भैंस चोरी हुई है या फिर चुनाव आने वाले हैं। इस बार मामला ज़रा 'हाइब्रिड' था। कस्बे के बीचों-बीच बने पुराने डाकबंगले के कमरे नंबर 4 में पिछले तीन दिनों से एक रहस्यमयी परछाईं देखी जा रही थी। खिड़की पर भारी परदे गिरे थे और अंदर से ऐसी आवाजें आ रही थीं जैसे कोई प्रेतात्मा टाइपराइटर पर अपनी आत्मकथा लिख रही हो। गंजामल जी, जो कस्बे के स्वयंभू जासूस और खाली वक्त में पटवारी थे, ने अपनी चपटी नाक पर चश्मा टिकाते हुए कहा, बेटा, ये मामूली भूत नहीं है। ये 'प्रजातांत्रिक भूत' है। सुन रहे हो अंदर से फाइलें पलटने की आवाज? ये आवाज़ व्यवस्था की अंतरात्मा की है। देखते ही देखते डाकबंगले के बाहर मेले जैसा माहौल हो गया। बद्री पहलवान अपनी लंगोट कसकर आए थे ताकि अगर भूत कुश्ती के मूड में हो तो दो-दो हाथ हो जाएं। मास्टर साहब ने तर्क दिया कि यह विदेशी जासूस हो सकता है, जो हमारे कस्बे की धूल के नमूनों को चुराकर मंगल ग्रह पर भेजने की फिराक में है। रहस्य की परतें तब और गहरी हो गईं जब स्थानीय दरोगा जी ने अपनी भारी भरकम तोंद संभालते हुए ऐलान किया, अंदर जो भी है, उसके पास राशन कार्ड नहीं है। और जिसके पास राशन कार्ड नहीं, उसे इस देश की हवा में सांस लेने का कोई अधिकार नहीं है। यह घुसपैठिया है! अगले दो घंटों तक योजनाएं बनीं। तय हुआ कि दरवाज़ा तोड़ा जाए। पूरा गंज उत्सुकता के मारे हिचकिचाहट और रोमांच के बीच झूल रहा था। क्या अंदर कोई आतंकवादी है? क्या कोई बाबा है जो नोट दुगने करने की मशीन चला रहा है? या शायद कोई ऐसा नेता जो भ्रष्टाचार के बोझ से थककर यहाँ 'एकांतवास' में है? दरोगा जी ने ललकारा— कानून के लंबे हाथ तुम्हारी गर्दन तक पहुँच रहे हैं, बाहर आओ! अंदर से कोई जवाब नहीं आया, बस टाइपराइटर की खट-खट तेज हो गई। माहौल में सस्पेंस इतना बढ़ गया कि बद्री पहलवान को पसीना आने लगा। आखिरकार, भारी भरकम लात मारकर दरवाज़ा तोड़ा गया। धुआं छंटा, और सबकी आँखें फटी की फटी रह गईं।

अंदर न कोई आतंकवादी था, न कोई विदेशी जासूस, और न ही कोई चमत्कारी बाबा। कमरे के बीचों-बीच एक दुबला-पतला क्लर्क बैठा था, जिसके चारों तरफ फाइलों का पहाड़ था। वह पागलों की तरह टाइपराइटर पर उंगलियां चला रहा था। दरोगा जी ने उसे कॉलर से पकड़ा, कौन हो तुम? यहाँ छिपकर क्या साजिश रच रहे हो? क्लर्क ने चश्मा ठीक किया, उसकी आँखों में एक अजीब सी चमक थी। उसने कांपती आवाज़ में कहा, साहब, मैं साजिश नहीं रच रहा। मैं 'सत्य' लिख रहा हूँ। सत्य? कैसा सत्य? मास्टर साहब ने पूछा। क्लर्क ने मेज पर रखे एक कागज़ को हवा में लहराया और बोला, साहब, मुझे पिछले दस साल से वेतन नहीं मिला क्योंकि फाइलों में मैं 'मृत' घोषित कर दिया गया था। मैं पिछले तीन दिनों से यहाँ छिपकर खुद के 'जीवित' होने का प्रमाण पत्र टाइप कर रहा था। लेकिन लिखते-लिखते मुझे अहसास हुआ कि अगर मैं जीवित साबित हो गया, तो मुझे फिर से वही गुलामी करनी पड़ेगी, टैक्स भरने पड़ेंगे और कतारों में खड़ा होना पड़ेगा। इसलिए मैंने अपनी ही मौत का ऐसा 'परफेक्ट' सरकारी दस्तावेज़ तैयार किया है कि अब यमराज भी आएँ तो उन्हें अपनी ड्यूटी छोड़कर भागना पड़ेगा। उसने वह कागज़ दरोगा जी की तरफ बढ़ाया। उसमें लिखा था- प्रमाणित किया जाता है कि यह व्यक्ति पूर्णतः मृत है, और इसके जीवित होने की जो भी आवाज़ें आ रही हैं, वह केवल प्रजातंत्र की गूँज (इको) है, जिसे कानूनन अनसुना किया जाना अनिवार्य है।

# होली पर रिश्तों में रंग कैसे भरें? कपल्स के लिए खास आइडियाज



होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का भी मौका है। होली पर लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर नई शुरुआत करते हैं। ऐसे में कपल्स के लिए यह समय रिश्ते को और मजबूत बनाने का बेहतरीन अवसर हो सकता है। इस बार कोशिश करें कि आपके रिश्ते में भी प्यार, समझ और अपनापन के रंग घुलें। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव लाते हैं।

होली पर रंगों के साथ भावनाएं भी खुलकर सामने आती हैं, जिससे रिश्ता और मजबूत होता है। अगर आप चाहते हैं कि इस बार की होली सिर्फ रंगों तक सीमित न रहे, बल्कि आपके रिश्ते में भी नई ऊर्जा भर दे, तो ये 7 खास आइडियाज जरूर अपनाएं।

हालांकि होली पर इस बात का भी ध्यान रखें कि पार्टनर की सहमति के बिना रंग न लगाएं। केमिकल वाले रंगों से बचें और मजाक की सीमा रखें। साथ ही एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

**सुबह की शुरुआत साथ में करें**

होली की सुबह पार्टनर को एक प्यारा सा मैसेज या सरप्राइज दें। चाहें तो खुद उनके हाथों से गुलाल लगाकर "हैप्पी होली" कहें। यह छोटा सा जेस्चर दिन को खास बना देगा।

**साथ में होली स्पेशल पकवान बनाएं**

गुजिया, दही भल्ले या कांजी वड़ा मिलकर बनाएं। किचन में साथ समय बिताना बॉन्डिंग को मजबूत करता है। एक साथ कुकिंग करने से टीमवर्क और समझ दोनों बढ़ते हैं।

**"नो फोन" होली डेट प्लान करें**

होली के दिन कुछ घंटों के लिए फोन और सोशल मीडिया से दूर रहें। सिर्फ एक-दूसरे के साथ वक्त बिताएं। यह डिजिटल डिटॉक्स रिश्ते को नई ताजगी देगा।

**पुराने गिले-शिकवे खत्म करें**

होली को माफी और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। अगर रिश्ते में कोई छोटी-मोटी नाराजगी है, तो इस दिन दिल से माफ करें और आगे बढ़ें। एक सच्ची Sorry रिश्ते में बड़ा बदलाव ला सकती है।

**साथ में रंगों का छोटा सा फोटोशूट**

हल्के-फुल्के रंगों के साथ घर की छत या गार्डन में एक प्यारा सा फोटोशूट करें। ये तस्वीरें वर्षों तक यादों को ताजा रखेंगी।

रोमांटिक होली प्लेलिस्ट बनाएं

पुराने और नए रोमांटिक गाने मिलाकर एक खास प्लेलिस्ट तैयार करें। जैसे, रंग बरसे, बलम पिचकारी आदि। साथ में डांस करें और माहौल को और भी खुशनुमा बनाएं।

**शाम को खास सरप्राइज प्लान करें**

दिनभर की मस्ती के बाद कैंडल लाइट डिनर या घर पर मूवी नाइट प्लान करें। आप चाहें तो ये जवानी है दीवानी जैसी फील-गुड मूवी देखकर दिन खत्म करें।

# होली के लिए 5 स्वादिष्ट और आसान स्नैक्स, जिसे पहले से बनाकर करें तैयार

रंगों के त्योहार होली की रौनक सिर्फ गुलाल और पक्के रंग तक सीमित नहीं होती, बल्कि स्वादिष्ट पकवानों से भी इस पर्व की मिठास बढ़ती है। इसी के चलते होली पर हर घर में गुजिया, नमकीन, मिठाइयां और तरह-तरह के स्नैक्स बनाए जाते हैं, जिनका स्वाद परिवार और मेहमानों के साथ मिलकर लिया जाता है।

पर, होली के आस-पास के दिनों में इतना काम होता है कि महिलाओं को समझ नहीं आता कि स्नैक्स में क्या बनाएं। तो अगर इस होली 2026 पर आप भी पारंपरिक पकवानों के साथ कुछ आसान और टेस्टी स्नैक्स पहले से बनाकर तैयार करना चाहते हैं तो यहां उनकी रेसिपी दी जा रही है। यहां हम आपको 5 ऐसी सरल रेसिपी बता रहे हैं, जिन्हें आप कम सामग्री और कम समय में तैयार कर सकते हैं।



## 1. नमकपारा

नमकपारा एक क्लासिक होली स्नैक है, जो कुरकुरा और स्वाद में हल्का नमकीन होता है। इसे बनाने के लिए मैदा लें, उसमें थोड़ा नमक और अजवाइन मिलाएं। फिर घी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। आटे को बेल कर छोटे चौकोर टुकड़ों में काट लें। कड़ाही में घी गरम करें और धीमी आंच पर नमकपारे को सुनहरा होने तक तलें। पूरी तरह ठंडा होने के बाद एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करें।

## 2. मठरी

मठरी भी होली में पसंद किया जाने वाला कुरकुरा नमकीन है। मैदा में थोड़ा नमक और गर्म घी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। छोटी गोलियों या लंबे पतले रोल्स बना लें और गर्म तेल में धीमी आंच पर तलें। मठरी को पूरी तरह ठंडा होने पर रख दें, ताकि यह 2–3 हफ्ते तक क्रिस्पी बनी रहे।

## 3. नमकीन सेव

नमकीन सेव बनाने के लिए बेसन में हल्का नमक, हल्दी और अजवाइन डालकर गाढ़ा आटा तैयार करें। इसे सेव मेकर या हाथ से पतली लम्बी स्ट्रिप्स में डालें और तेल में सुनहरा होने तक तलें। पूरी तरह ठंडा होने के बाद एयरटाइट जार में रख दें। यह कुरकुरा स्नैक कई दिनों तक ताज़ा रहता है।

## 4. नमकीन काजू

नमकीन काजू बनाने के लिए काजू को हल्का भूनें। फिर इसमें थोड़ा तेल डालकर नमक, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। धीमी आंच पर मसाले अच्छे से चिपकने तक भूनें। ठंडा होने पर एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें। यह स्नैक होली पार्टी या चाय के साथ परोसने के लिए बिल्कुल परफेक्ट है।

## 5. शक्करपारा

शक्करपारा मिठाई और स्नैक दोनों का कॉम्बिनेशन है। मैदा में घी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। आटे को बेलकर छोटे टुकड़ों में काटें। एक पैन में चीनी और पानी की चाशनी बनाएं और उसमें कटे हुए टुकड़े डालकर हल्का भूनें। फिर इन्हें गरम तेल में सुनहरा होने तक तलें। पूरी तरह ठंडा होने पर एयरटाइट डिब्बे में रखें।

# नई बहू की पहली होली? सास भूलकर भी न करें ये गलतियां!

शादी के बाद हर त्योहार खास होता है, लेकिन पहली होली का महत्व अलग ही होता है। यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि नए रिश्तों को मजबूत करने का अवसर भी है। खासतौर पर सास के लिए यह मौका होता है कि वह बहू को अपनापन और सम्मान का अहसास कराए। प्यार, सम्मान और समझदारी से मनाई गई होली पूरे परिवार के लिए यादगार बन सकती है।

**फैशन**

नई बहू के लिए पहली होली नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक है। यह समय होता है जब बहू अपने नए परिवार में पूरी तरह से घुलने-मिलने की कोशिश करती है। ऐसे में सास का सहयोग और स्नेह रिश्ते को मजबूत बना सकता है। अगर आपके घर में इस साल नई बहू की पहली होली है तो इन जरूरी बातों का ध्यान जरूर रखें।

**पहली होली का रिवाज**

भारत में अधिकतर जगहों पर शादी के बाद पहली होली बहू अपने मायके में ही मनाती है। बहू की पहली होली ससुराल में नहीं होती। ससुराल में दूसरी होली ही उनकी पहली होली होती है। वहीं जो दुल्हन अपने ससुराल में ही पहली बार होली मना रही हैं, ये टिप्स उनको खास महसूस कराने के लिए हैं।

**1. बहू की पसंद-नापसंद जानें**

हर किसी की होली खेलने की अपनी पसंद होती है। कुछ लोगों को सूखी होली पसंद होती है, तो कुछ रंगों से दूर रहना चाहते हैं। सास को चाहिए कि पहले बहू से उसकी पसंद पूछ लें, ताकि वह सहज महसूस करे।



**2. रस्मों में शामिल करें, लेकिन दबाव न बनाएं**

कई घरों में पहली होली पर खास रस्में होती हैं। जैसे पगड़ी रस्म, पहली गुजिया बनवाना या परिवार के साथ रंग खेलना। रस्मों में बहू को जरूर शामिल करें, लेकिन किसी भी चीज के लिए जबरदस्ती न करें।

**3. खास तोहफा देना न भूलें**

पहली होली पर सास की तरफ से बहू को गिफ्ट देना शुभ माना जाता है। आप साड़ी, सूट, ज्वेलरी या उसकी पसंद की कोई चीज दे सकती हैं। इससे रिश्ते में मिठास बढ़ती है।

**4. मायके जाने का मौका दें**

कई परिवारों में परंपरा होती है कि पहली होली पर बेटी मायके जाती है। अगर आपकी बहू भी अपने माता-पिता के साथ त्योहार मनाना चाहती है, तो उसे खुशी-खुशी अनुमति दें। इससे वह खुद को सम्मानित और समझा हुआ महसूस करेगी।

**5. घर का माहौल खुशनुमा रखें**

होली का त्योहार खुशी और रंगों का प्रतीक है। छोटी-छोटी बातों पर नाराजगी से बचें और घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखें। पहली होली की यादें जीवनभर साथ रहती हैं।

**6. सेहत और सुरक्षा का ध्यान रखें**

केमिकल वाले रंगों से बचें

आंखों और त्वचा की सुरक्षा का ध्यान रखें

ज्यादा भीड़-भाड़ से बचें

त्योहार में आराम का भी समय दें

# दूसरों की खुशी के लिए खुद से बेईमानी न करें अपने वजूद को बचाएं और अभी बदल लें ये आदतें

कई बार हम दूसरों को खुश करने या उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के चक्कर में खुद को ही भूल जाते हैं। उनकी पसंद-नापसंद के हिसाब से खुद को ढालने की कोशिश करते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में हम अपनी पहचान और आत्मसम्मान से समझौता कर बैठते हैं। सच तो ये है कि जो लोग आपसे सच में प्यार करते हैं, वे आपको आपके असली रूप में ही स्वीकार करेंगे। इसलिए, अपनी ये अनमोल आदतें कभी न छोड़ें, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों।

**ईमानदारी**

ईमानदारी वो गहना है, जो कभी फीका नहीं पड़ता। सच्चाई से बढ़कर कोई ताकत नहीं होती। अगर आप दूसरों को खुश करने के लिए सच बोलने से कतराते हैं या सच को तोड़-मरोड़कर पेश करते हैं, तो धीरे-धीरे आप अपनी आत्मा से ही दूर हो जाएंगे। खुद



से झूठ बोलना सबसे बड़ा अपराध होता है। इसलिए, किसी भी स्थिति में अपनी ईमानदारी को बनाए रखें।

**स्वाभिमान**

स्वाभिमान ही इंसान की असली ताकत है। अगर कोई आपकी इज्जत नहीं करता, तो वहां झुकने की जरूरत नहीं है। सम्मान पाने के लिए दूसरों की शर्तों पर मत चलिए। खुद की इज्जत करना सीखिए, तभी दुनिया आपकी इज्जत करेगी।

**अपनी सोच और मूल्य**

आपकी सोच और मूल्य आपके व्यक्तित्व की नींव होते हैं। अगर आप दूसरों की राय के अनुसार अपने सिद्धांतों को बदलने लगेंगे, तो अपनी पहचान खो बैठेंगे। अपनी सोच और मूल्यों को बनाए रखें ,चाहे दुनिया कुछ भी कहे।

**स्वतंत्रता**

आजादी इंसान की सबसे बड़ी पूंजी होती है। किसी भी रिश्ते या परिस्थिति को अपनी आजादी छीनने मत दीजिए। अपनी जिंदगी के फैसले खुद लें और जो सही लगे, वही करें। जो लोग आपसे सच में प्यार करते हैं, वे आपकी स्वतंत्रता का सम्मान करेंगे।

**करुणा और दयालुता**

दयालुता को कमजोरी समझने की गलती मत कीजिए। यह आपकी ताकत है, कमजोरी नहीं। अगर कोई आपकी भलमनसाहत का गलत फायदा उठाता है, तो ये उसकी गलती है, आपकी नहीं। दयालु बने रहिए , दुनिया में अच्छाई की हमेशा जरूरत होती है।

# घुटने और कोहनी के कालेपन से हैं परेशान तो इन घरेलू उपायों से चमकेगी आपकी त्वचा

हम अपने चेहरे और बालों की देखभाल में काफी समय बिताते हैं, लेकिन कोहनी और घुटनों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अक्सर ये देखने को मिलता है कि हमारा कुहनी और घुटनों के त्वचा का रंग शरीर के थोड़ा काला होता है, थोड़ा बहुत रंग का अंतर होना सामान्य है। मगर घुटनों या कुहनी का रंग ज्यादा काला है तो आपको उसे साफ करना चाहिए।

दरअसल, समय के साथ इन हिस्सों पर मृत कोशिकाओं की परत जमने और घर्षण के कारण त्वचा काली और सख्त हो जाती है। मेडिकल भाषा में इसे 'हाइपरपिग्मेंटेशन' कहा जा सकता है, जो मेलानिन के अधिक जमाव के कारण होता है। कोहनी और घुटनों की त्वचा में तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे ये हिस्से जल्दी रूखे हो जाते हैं और गंदगी को सोख लेते हैं।

बाजार में मिलने वाली महंगी क्रीमों के बजाय, आपकी रसोई में मौजूद प्राकृतिक सामग्रियां जैसे नींबू, बेकिंग सोडा, और एलोवेरा इस कालेपन को दूर करने में रामबाण साबित हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि ये उपाय न सिर्फ सुरक्षित हैं बल्कि त्वचा को गहराई से एक्सफोलिएट कर उसे नरम और चमकदार भी बनाते हैं। आइए इस लेख में उन असरदार घरेलू नुस्खे को बारे में जानते हैं, जो आपको इस समस्या से निजात दिला सकते हैं।



**नींबू और चीनी का प्राकृतिक स्क्रब**

नींबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है जिसमें विटामिन-C प्रचुर मात्रा में होता है, जबकि चीनी के दाने बेहतरीन एक्सफोलिएटर का काम करते हैं। आधा कटा हुआ नींबू लें और उस पर थोड़ी चीनी छिड़कें। अब इसे कोहनी और घुटनों पर 5-10 मिनट तक रगड़ें। यह न सिर्फ मृत त्वचा को हटाएगा बल्कि काले धब्बों को हल्का करने में भी मदद करेगा। अच्छे परिणाम के लिए इसे सप्ताह में दो बार दोहराएं।

बेकिंग सोडा और दूध का पेस्ट

बेकिंग सोडा त्वचा की गहरी सफाई करने में मदद करता है और दूध त्वचा को नमी प्रदान करता है। एक चम्मच बेकिंग सोडा में थोड़ा दूध मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे प्रभावित हिस्सों पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह मिश्रण त्वचा के pH स्तर को संतुलित करता है और धीरे-धीरे कालेपन की परत को साफ कर देता है।

**एलोवेरा जेल और नारियल तेल की नमी**

रूखापन कालेपन का सबसे बड़ा कारण है, इसलिए त्वचा को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है। एलोवेरा जेल में मौजूद एलोसिन मेलानिन के उत्पादन को कम करता है, जबकि नारियल तेल विटामिन-E से भरपूर होता है। रात को सोने से पहले ताज़ा एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाकर मालिश करें। यह तरीका त्वचा की मरम्मत करता है और उसे कोमल बनाता है, जिससे कालापन दोबारा नहीं लौटता।

**नियमितता और सावधानी है जरूरी**

इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी घरेलू उपाय का असर रातों-रात नहीं दिखता, इसलिए धैर्य और नियमितता बेहद जरूरी है। धूप में निकलने से पहले इन हिस्सों पर सनस्क्रीन लगाना न भूलें, क्योंकि यूवी किरणें कालेपन को और बढ़ा सकती हैं। इसके साथ ही खूब पानी पिएं और संतुलित आहार लें। अगर त्वचा पर किसी तरह की एलर्जी या कट लगा हो, तो इन उपायों को आजमाने से पहले किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

# तीन कारणों से होते हैं सबसे ज्यादा तलाक शादी बचाने के लिए जान लें कपल

भारतीय समाज में शादी बेहद अहम और खूबसूरत रिश्ता होता है जिसे जन्मों- जन्मों के बंधन के रूप में हमारी संस्कृति में शामिल किया गया है। हालांकि आज के दौर में कपल्स के बीच अलगाव के मामले तेजी से बढ़े हैं। डिवोर्स या तलाक होना सामान्य होता जा रहा है। कई बार कुछ गलतफहमियों, बिगड़ी परिस्थितियों से रिश्ता कमजोर हो जाता है और युगल एक दूसरे से दूर जाने का फैसला ले लेते हैं।

नए युगलों या युवा कपल्स के बीच एक दूसरे को नासमझना आम बात है लेकिन इस दौर में कई ऐसे कपल अलग हो रहे हैं जो कि सालों तक साथ रहे हों। सालों साथ रहने के बाद भी ऐसा क्या है जो उन्हें तलाक लेने के लिए मजबूर कर देता है। यानी शादी न निभा पाने के सबसे सामान्य कारण क्या होते हैं, जिसके कारण पति-पत्नी अपने जन्मों का रिश्ता इसी जन्म में खत्म करके अलग हो जाते हैं। आज के दौर में तलाक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके पीछे कुछ खास वजहें होती हैं। अगर कपल इन कारणों को पहले से समझ लें और समय रहते इन पर काम करें, तो अपनी शादीशुदा जिंदगी को बेहतर बना सकते हैं। आइए जानते हैं तलाक के तीन सबसे बड़े कारण और उन्हें रोकने के उपाय।

**भरोसा और वफादारी की कमी**

सबसे अधिक शादी टूटने की वजह बेवफाई होती है। शादी के बाद एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर पति-पत्नी को एक दूसरे से दूर कर सकता है। झूठ बोलना, बातें छुपाना, सोशल मीडिया और बाहरी लोगों पर ज्यादा ध्यान देने से कपल एक दूसरे पर भरोसा नहीं कर पाते हैं। जहां भरोसा नहीं, वहां रिश्ता कैसे? इसी विचार के साथ लोग अपने पार्टनर से दूरी बनाना ही बेहतर समझते हैं और पहुंच जाते हैं कोर्ट, सात वचनों और फेरों को रिवर्स करने।

अगर आप नहीं चाहते कि आपका रिश्ता तलाक की अर्जियों तक पहुंचे तो अपने रिश्ते और पार्टनर से ईमानदारी बनाए रखें। पार्टनर संग भरोसे को मजबूत बनाने के लिए रिश्ते में पारदर्शिता लाएं। अगर किसी बात से परेशानी है तो उसे खुलकर कहें, छुपाएं नहीं।

**आर्थिक परेशानियां**

बड़े-बूढ़ों को कहावत है, ना बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा रुपया।₹ ये कहावत सिर्फ बाप-भाई पर नहीं, बल्कि पति-पत्नी पर भी लागू होने लगी है। इस दौर में पैसों और आर्थिक परेशानियों को लेकर विवाद तलाक तक पहुंचने लगा है। कपल पैसे को लेकर बहस करते हैं या असहमति जताते हैं। उनकी खर्च करने की आदतों में बड़ा अंतर, या आर्थिक जिम्मेदारियों को ठीक से न निभा पाने के कारण उनके बीच अलगाव की संभावनाएं बढ़ने लगती हैं। पैसों की तंगी अच्छे रिश्ते पर भी दबाव डालती है और शादी में तनाव व दिक्कत शुरू हो जाती हैं।

अब अगर आपको नहीं चाहिए कि पैसा आपके रिश्ते को काला नाग बनकर डसे, तो पार्टनर संग पैसे से जुड़े मामलों पर खुलकर चर्चा करें और मिलकर निर्णय लें। वित्तीय या आर्थिक योजनाएं बनाएं और जरूरतों को प्राथमिकता दें। बजट बनाकर काम करें, बेवजह के ख़र्चों से बचें।

**संवाद**

किसी भी रिश्ते में अलगाव का सबसे सामान्य कारण संवाद होता है। बातचीत होती ही नहीं तो समस्या का समाधान कैसे निकलेगा। हर रिश्ते में मनमुटाव, समझ की कमी, गलतफहमियां होना स्वाभाविक है लेकिन संवाद के जरिए इन चीजों को दूर किया जा सकता है। लेकिन जब पति-पत्नी खुलकर बातचीत ही नहीं करते तो उनका रिश्ता छोटी सी समस्या आने पर ही डोल जाता है। समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय चुप रहना या झगड़ना दूरियां बढ़ाता है। इसका एक नुकसान ये भी है कि आप अपने पार्टनर की भावनाओं को समझ नहीं पाते और न ही उन्हें आपको समझने का मौका देते हैं।

आपकी चुप्पी रिश्ते में जहर की तरह न खुल जाए, इसके लिए अपने पार्टनर से खुलकर भावनाओं की अभिव्यक्ति करें। झगड़े के दौरान भी संवाद बनाए रखें और एक-दूसरे को सुनें। कोई गलतफहमी है तो उसे बातचीत से हल करें ना कि बातें इग्नोर करें।

# धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में रणवीर सिंह को कोर्ट से राहत

## पुलिस को दिया सख्त कदम नहीं लेने का निर्देश



गोवा में आयोजित इफ्फी 2025 में रणवीर सिंह ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' के एक सीन की नकल की थी। इसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया था।

अभिनेता के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर शिकायत दर्ज हुई। मामला कोर्ट तक पहुंच चका है। आज मंगलवार को कर्नाटक हाईकोर्ट की तरफ से उन्हें राहत मिली है। 'रणवीर सिंह को राहत देते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह एक स्थानीय देवता का कथित तौर पर मजाक उड़ाने के मामले में बॉलीवुड एक्टर के खिलाफ कोई सख्त कदम न उठाए।

### कोर्ट का रवैया सख्त, अभिनेता को लगाई फटकार

बेशक रणवीर सिंह को कोर्ट ने राहत दे दी हो, मगर साथ ही फटकार भी लगाई। गोवा में एक इवेंट के दौरान कर्नाटक के देवता का कथित तौर पर मजाक उड़ाने के लिए एफआईआर रद्द करने की अभिनेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एम नागप्रसन्ना की बेंच ने बेंगलुरु पुलिस को यह निर्देश दिया। हालांकि, बेंच ने एक्टर को उनके बर्ताव के लिए फटकार भी लगाई और कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बेंच ने उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने सख्त लहजे में कहा, 'सुपरस्टार कानून से ऊपर नहीं होते'।

### रणवीर के खिलाफ हुई थी एफआईआर

बता दें कि रणवीर सिंह ने 30 नवंबर, 2025 को गोवा में 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (IFFI) के समापन समारोह के दौरान 'कांतारा' के सीन की नकल की थी। एक्टर की इस मिमिक्री और टिप्पणी से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए एक वकील ने एक्टर के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए शहर की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट के निर्देश पर शहर की पुलिस ने 'धुरंधर' के लीड एक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### रणवीर सिंह का वर्क फ्रंट

बता दें कि ने इफ्फी 2025 में कथित तौर पर चावुंडी (चामुंडा) देवी का मजाक बनाया। इस दौरान 'कांतारा' मूवी फेम कन्नड़ एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी भी मौजूद थे।

क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की खूब तारीफ की। उन्होंने 'कांतारा 3' में खुद काम करने की ख्वाहिश भी जताई। साथ ही फिल्म के एक सीन की नकल कर दी।

रणवीर सिंह के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी।

# 'भावनाएं भड़क सकती हैं', 'द केरल स्टोरी 2' को सर्टिफिकेट जारी करने पर केरल हाईकोर्ट ने सीबीएफसी से पूछा सवाल

फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। आज केरल हाईकोर्ट में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने और इसके प्रमाणिकता को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने फिल्म को दिए गए सर्टिफिकेट पर सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) से सवाल किया। फिल्म को लेकर सांप्रदायिक तनाव बढ़ने की बात कही गई है।

### सीबीएफसी से किया ये सवाल

न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने आज तीन याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति थॉमस ने जोर दिया कि जब फिल्म केरल जैसे धर्मनिरपेक्ष राज्य को सांप्रदायिक नजरिए से दिखाती है, तो सीबीएफसी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा, 'केरल इतना धर्मनिरपेक्ष है। यहां पूर्ण सद्भाव है, लेकिन क्या आपने इस बात



पर विचार किया है जब किसी घटना को पूरे राज्य में घटित होते हुए दिखाया जाता है? इससे गलत संकेत मिलते हैं और यहां तक कि भावनाएं भी भड़क सकती हैं, और यहीं पर सेंसर बोर्ड की भूमिका सामने आती है।

चूंकि फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होने का दावा करती है, इसलिए याचिकाकर्ताओं द्वारा गलत चित्रण और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के संबंध में उठाई गई चिंताएं उचित प्रतीत होती हैं।'

### फिल्म के नाम में केरल का प्रयोग है, इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते

न्यायमूर्ति थॉमस ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा, केवल फिल्म का नाम केरल होने के कारण केरल के लोगों की आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सामान्यतः मैं किसी फिल्म में हस्तक्षेप नहीं करता क्योंकि वह कला की रचना है, लेकिन आप कहते हैं कि यह सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और इसका नाम केरल रखा है, जिससे सांप्रदायिक तनाव पैदा हो सकता है।

देखिए, क्रिएटिव स्वतंत्रता है, लेकिन सीबीएफसी द्वारा निर्धारित कुछ शर्तों का पालन करना आवश्यक है। प्रश्न यह है कि क्या आप इससे अवगत हैं? अनुमान को फिल्म द्वारा ही बदला जा सकता है, लेकिन यह केवल एक रचना नहीं है, आप कहते हैं कि यह सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इसका बहुत महत्व है।

### अदालत के फैसले तक टीजर हटाने पर सहमत मेकर्स

फिल्म निर्माताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता एस श्रीकुमार ने अदालत के फैसले तक अब तक जारी किए गए टीजर हटाने पर सहमति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि एक स्क्रीनिंग का आयोजन किया जा सकता है, ताकि न्यायमूर्ति कुरियन मामले पर फैसला सुनाने से पहले फिल्म देख सकें।

# यौन शोषण मामले में आदित्य पंचोली की कोर्ट में पेशी अभिनेता ने दोहराई एफआईआर रद्द करने की मांग



अभिनेता आदित्य पंचोली पर यौन शोषण का आरोप है। अभिनेता ने इस मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के सिलसिले में याचिका दायर की है। इस पर आज बॉम्बे हाईकोर्ट में 28वीं बार सुनवाई हुई। आदित्य पंचोली कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने फिर अपनी मांग दोहराई की एफआईआर रद्द की जाए। मामले की अगली सुनवाई अब मार्च में होगी।

### 2019 में की गई थी एक्टर के खिलाफ शिकायत

रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली से जुड़े यौन शोषण मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट में मंगलवार को 28वीं सुनवाई हुई, जिसमें अभिनेता अदालत में पेश हुए। यह मामला साल 2019 में वर्सोवा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई एफआईआर से संबंधित है। इसमें आरोप लगाया गया था कि आदित्य पंचोली ने शिकायतकर्ता महिला अभिनेत्री के साथ साल 2004 से 2009 के बीच यौन शोषण किया। इस लंबित मामले में अभिनेता के वकील ने अदालत से एफआईआर को रद्द करने की मांग दोहराई। अब मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को तय की गई है।

### पीड़िता को भेजे जा चुके हैं 11 बार नोटिस

आदित्य पंचोली ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह मामला रद्द होने वाला है। चूंकि यह मामला अदालत में चल रहा है, इसलिए इस पर कुछ कहना उचित नहीं है। इसमें आगे क्या होगा, यह 4 मार्च को पता चलेगा।

वहीं पंचोली के वकील प्रशांत पाटिल ने बताया कि सुनवाई में एफआईआर को रद्द करने की मांग दोहराई गई। पाटिल ने अदालत को बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने शिकायतकर्ता को जांच के लिए कई बार नोटिस भेजे। पीड़िता को अब तक 11 बार नोटिस भेजे जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद वह पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित नहीं हुई।

### कोर्ट ने अपनाया सख्त रुख

इस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए पीड़िता को दोबारा नोटिस जारी कर अगली सुनवाई में उपस्थिति होने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील ने समय मांगा और कहा कि उन्हें अपनी क्लाइंट से इंस्ट्रक्शन लेने की आवश्यकता है, ताकि वे अपना पक्ष रख सकें। यह विवाद लंबे समय से सुर्खियों में रहा है।

यह मामला 27 जून 2019 को दर्ज किया गया था और यह शिकायत लगभग 15 साल पुरानी घटना के आधार पर की गई थी। शिकायतकर्ता अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि पंचोली ने उनके करियर की शुरुआत के समय उन्हें नशीला पदार्थ देकर यौन शोषण किया और उनकी निजी तस्वीरें लीं। उन तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी दी गई और लंबे समय तक मानसिक दबाव में रखा गया। इसके चलते पीड़िता ने कानूनी कार्यवाही का फैसला लिया।

### आदित्य पंचोली ने दी यह दलील

यौन शोषण मामले में आदित्य पंचोली और उनके वकील ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि यह मामला झूठा और दुर्भावनापूर्ण है, और शिकायत काफी समय बाद दर्ज की गई। पंचोली ने अपनी याचिका में कहा कि एफआईआर दर्ज करने के पीछे निजी रंजिश की भावना थी। उनका तर्क है कि लंबित मामले और विवादास्पद शिकायत के आधार पर न्यायालय को एफआईआर को रद्द करना चाहिए।

# नील नितिन मुकेश के साथ हुई धोखाधड़ी

## एक्टर ने झटके में तोड़ी करोड़ों की डील, इंडस्ट्री को किया आगाह



नील नितिन मुकेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने एक सिंगिंग रियेलिटी शो से नाता तोड़ दिया है। अभिनेता ने ऑर्गनाइजर्स पर धोखा देने का आरोप लगाया है और सीधे तौर पर शो से अलग होने का ऐलान कर दिया है।

बतौर चाइल्ड एक्टर अपना करियर शुरू करने वाले नील नितिन मुकेश बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री तक में अपनी पहचान बना चुके हैं। इस बीच अभिनेता एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार नील किसी फिल्म को लेकर नहीं बल्कि अपने एक पोस्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। नील नितिन मुकेश ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि वह सिंगिंग रियलिटी शो 'द यूनिवर्सल आइडल' से नाता तोड़ रहे हैं।

जी हां, अभिनेता ने सिंगिंग रियेलिटी शो की ब्रांड एंबेसडरशिप छोड़ने का ऐलान किया है। इसी के साथ अभिनेता ने ऑर्गनाइजर्स पर पर फीस का भुगतान न करने का आरोप लगाया है और साथ ही इंडस्ट्री के अन्य कलाकारों को भी इस तरह के धोखे से बचकर रहने के लिए आगाह किया है। एक्टर ने बताया कि कई बार उन्हें आश्वासन दिया गया, लेकिन इसके बावजूद उनका भुगतान नहीं किया गया।

### नील नितिन मुकेश के साथ हुआ धोखा

नील नितिन मुकेश ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बयान साझा किया। इसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने 'एचएमसी इवेंट्स' से जुड़े शो 'द यूनिवर्सल आइडल' से अलग होने का फैसला लिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं औपचारिक रूप से एचएमसी इवेंट्स के 'द यूनिवर्सल आइडल' में ब्रांड एंबेसडर के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। कई बार वादा करने के बावजूद मुझे तय किए गए भुगतान की राशि नहीं दी गई। जो तीन चेक दिए गए थे, वे भी बाउंस हो गए। यह भरोसे और जिम्मेदारी की गंभीर कमी को दिखाता है। मेरी टीम और मैंने इस मुद्दे को शांति से सुलझाने के लिए कई बार संपर्क किया और मौका दिया, लेकिन अफसोस की बात है कि कोई समाधान नहीं निकला।'

### लीगल एक्शन लेंगे नील नितिन मुकेश?

अभिनेता ने इस पोस्ट में आगे लिखा- 'इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए मैं यूनिवर्सल आइडल, एचएमसी इवेंट्स और श्री शकील हासन और उनके सहयोगियों के साथ अपने सभी मौजूदा और भविष्य के संबंधों से तत्काल प्रभाव से अलग हो रहा हूं। यह नोट इसलिए शेयर कर रहा हूं कि अन्य कलाकार, वेंडर्स और पार्टनर्स सावधान रहें और किसी भी तरह के दावे, वादे और पेमेंट की पूरी जांच-पड़ताल करें। मैं कानून के तहत उपलब्ध उचित उपायों का पालन करने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता हूं।'

### नील नितिन मुकेश का करियर

बता दें कि नील नितिन मुकेश ने 'जॉनी गद्दार' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने अपने करियर में 'न्यूयॉर्क', 'प्लेयर्स', 'लफंगे परिंदे', 'प्रेम रतन धन पायो', 'वजीर', 'साहो', 'जेल' और 'इंदु सरकार' जैसी फिल्मों में काम किया। वहीं उनकी अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो अब वह जल्द ही मलयालम फिल्म 'खलीफा' में नजर आने वाले हैं।

# भीड़ ने घेरा तो भागी साई पल्लवी, इस तरह खुद को बचाया; वायरल वीडियो देख भड़के यूजर्स

साउथ स्टार साई पल्लवी हाल ही में केरल में फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ में शामिल होने पहुंचीं थी। लेकिन एयरपोर्ट पर उन्हें भीड़ ने घेर लिया। इसके 3 वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें वे लोगों से दूरी बनाए रखने के लिए बोल रही हैं।





### फोटोग्राफर और फैंस ने साई को घेरा

इंस्टाग्राम और रेडिट पर वायरल हो रहे वीडियोज में देखा जा सकता है कि साई के एयरपोर्ट से बाहर आते ही बड़ी संख्या में फोटोग्राफर और फैंस उन्हें घेर लेते हैं। वीडियो में आपको सीआईएसएफ के जवान बार-बार भीड़ से पीछे हटने की अपील करते सुनाई दे सकते हैं।

### प्लीज धक्का मत दीजिए

खुद साई पल्लवी भी बहुत शांति से लोगों से कह रही हैं कि, 'एक मिनट, मेरी कार वहां है, मुझे वहां जाना है आप यहीं से फोटो ले लीजिए, प्लीज धक्का मत दीजिए। उनकी टीम भीड़ को संभालने की कोशिश करती दिख रही है।

### कार की तरफ भागकर गईं साई

दूसरे वीडियो में साई बार-बार फोटोग्राफर्स से दूरी बनाने की अपील करती नजर आ रही हैं। लेकिन कोई नहीं सुनता इसीलिए जैसे ही उनकी कार आती है, वे तेजी से कार की तरफ दौड़ जाती हैं। इस बीच भीड़ भी 'मैम, मैम प्लीज' कहती हुई उनके पीछे दौड़ती है।

### सोशल मीडिया पर नाराजगी

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने फोटोग्राफर्स और भीड़ के इस व्यवहार की आलोचना की है। लोगों का कहना है कि सेलेब्रिटीज को भी पर्सनल स्पेस मिलना चाहिए और बार-बार मना करने के बावजूद इस तरह पीछा करना सही नहीं है। इस वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट किया- 'ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कानून बनना चाहिए।' वहीं एक ने लिखा- 'ये सच में बहुत खराब व्यवहार है।' वहीं एक ने कमेंट किया- 'ये लोग जॉम्बीज की तरह हैं।'साई पल्लवी जल्द ही 'एक दिन' फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद खान उनके साथ लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर पहले ही जारी हो चुका है। इसमें जुनैद खान का वो प्यारा सा अनाड़ीपन और शर्मीला अंदाज नजर आया है। जबकि साई पल्लवी का किरदार एकदम शांत दिखा था।

# रेखा और रानी मुखर्जी के साथ कीर्ति सुरेश ने बिताई यादगार शाम, साथ में नजर आईं बॉलीवुड की 'महारानी'



बॉलीवुड और शोबिज की दुनिया में कैट फाइट की बातें तो अक्सर ही सुनने में आती रहती हैं। लेकिन अब बदलते वक्त के साथ शोबिज की दुनिया में अभिनेत्रियों के बीच कैट फाइट से ज्यादा गर्ल गैंग के चर्चे होते हैं। जहां अभिनेत्रियां आपस में दोस्त हैं और अक्सर गेट टू गेदर भी करती हैं। हाल ही में एक ऐसा ही गेट टू गेदर देखने को मिला अलग-अलग समय और इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों के बीच। साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश ने वेटरन एक्ट्रेस रेखा, रानी मुखर्जी और हुमा कुरैशी के साथ अपने गेट टू गेदर की तस्वीरे साझा की हैं। अब ये तस्वीरें वायरल हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं।

### इस अंदाज में नजर आईं अभिनेत्रियां

कीर्ति सुरेश ने अपने इंस्टाग्राम पर इन सितारों के साथ बिताई अपनी खूबसूरत शाम की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में कीर्ति सुरेश रेखा, रानी मुखर्जी और हुमा कुरैशी के साथ नजर आ रही हैं। कीर्ति ने इसे एक यादगार शाम बताया है।

इन तस्वीरों में कीर्ति सुरेश काले ने रंग का पैंटसूट और क्रॉप टॉप पहना था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जबकि रेखा ने सुनहरे दुपट्टे के साथ एक सुंदर सफेद सलवार कमीज पहनी थी।

वहीं 'मर्दानी' फेम एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने मरून टॉप और गुलाबी सैटिन ट्राउजर में अपना क्लासी लुक बरकरार रखा। कीर्ति ने तस्वीरों को ऑनलाइन साझा करते हुए पोस्ट को कैप्शन दिया, 'एक यादगार शाम', जिसके बाद उन्होंने एक रेड हार्ट वाला इमोजी भी लगाया।

### हुमा कुरैशी भी बनीं इस खूबसूरत शाम का हिस्सा

जल्द ही इस शाम में अभिनेत्री हुमा कुरैशी भी शामिल हो गईं। कीर्ति ने हुमा के साथ भी अपनी तस्वीरें साझा की हैं। हुमा काले कपड़ों में कीर्ति सुरेश के साथ ट्विनिंग करती नजर आईं। हुमा काले रंग के लॉन्ग कोट और पैंट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। सभी तस्वीरों में ये अभिनेत्रियां काफी खुश और चिल नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें अभिनेत्रियों के बीच एक अच्छी बॉन्डिंग को दिखाती हैं।

### इस फिल्म में नजर आएंगी कीर्ति सुरेश

वर्कफ्रंट की बात करें तो कीर्ति सुरेश जल्द ही विजय देवरकोंडा के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राउडी जनार्दना' में नजर आएंगी। कीर्ति को आखिरी बार पिछले साल आई फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' में देखा गया था। उन्होंने साल 2024 में वरुण धवन के साथ फिल्म 'बेबी जॉन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं रानी मुखर्जी आखिरी बार 'मर्दानी 3' में नजर आई थीं। जबकि हुमा कुरैशी का आखिरी प्रोजेक्ट वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' था।

# बाफ्टा में धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दिए जाने पर बोलीं हेमा मालिनी, कहा- हर पल याद आती है

हाल ही में लंदन में आयोजित हुए 79वें बाफ्टा अवॉर्ड्स में दिग्गज भारतीय अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी गई। 'इन मेमोरियम' सेगमेंट में कई हॉलीवुड दिग्गजों के साथ भारतीय अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि दी गई और उन्हें याद किया गया। धर्मेंद्र को मिले इस म्यूजिकल ट्रिब्यूट ने हर भारतीय प्रशंसक को भावुक कर दिया। अब अभिनेत्री व धर्मेंद्र की पत्नी हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र को मिले ट्रिब्यूट पर प्रतिक्रिया दी है।

### हेमा मालिनी ने श्रद्धांजलि को बताया दिल को सुकून देने वाला

वैरायटी इंडिया के लिए सुभाष के झा से बातचीत में हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र को बाफ्टा में श्रद्धांजलि दिए जाने पर कहा कि धर्मेंद्र को याद किया जाना दिल को सुकून देने वाला था। वह एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी उपस्थिति सीमाओं से परे थी। दुनिया के हर कोने में उनके प्रशंसक थे।

विदेशों में उन्हें घेरने वाली भीड़। हम ज्यादा यात्रा नहीं करते थे, सिवाय शूटिंग के दौरान जब हमें साथ समय बिताने का मौका मिलता था। हम साथ में कई फिल्में साइन करते थे, ताकि हम साथ में समय बिता सकें। मुझे हर पल उनकी याद आती है। मैं खुद



से यही सवाल पूछती रहती हूं, क्या वो सच में चले गए? मैं उनसे दोबारा कब मिलूंगी?

### बाफ्टा में दिग्गजों को किया गया याद

बाफ्टा में 'इन मेमोरियम' के दौरान पिछले साल इस दुनिया को अलविदा कहने वाली हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसी दौरान तमाम दिग्गज हस्तियों के साथ भारतीय दिग्गज धर्मेंद्र को भी ट्रिब्यूट दिया गया। भारत में प्रशंसकों को यह श्रद्धांजलि बहुत भावुक कर देने वाली थी।

श्रद्धांजलि में डायने कीटन, टेरेंस स्टैम्प, कैथरीन ओ'हारा, रॉब रेनर, जीन हैकमैन, रॉबर्ट डुवैल, टॉम स्टॉपर्ड, ब्रिगिट बार्डोट, लालो शिफ्रिन, माइकल मैडसेन और वैल किल्मर जैसी हस्तियों को भी याद किया गया।

### 89 साल में हुआ धर्मेंद्र का निधन

धर्मेंद्र का निधन 89 साल की उम्र में हो गया था। उन्होंने पिछले साल 24 नवंबर को इस दुनिया को अलविदा कहा। उम्र संबंधी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बाद अभिनेता को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां लगभग एक हफ्ता तक भर्ती रहने के बाद परिजनों ने घर पर ही अभिनेता का इलाज कराने का फैसला किया था। इसके बाद 24 नवंबर को मुंबई स्थित अपने आवास पर ही अभिनेता का निधन हो गया। निधन के बाद धर्मेंद्र इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई फिल्म 'इक्कीस' में आखिरी बार नजर आए थे।

# 'नई दिशा, नई धार और नई रफ्तार'

## बजट को सीएम ने बताया शानदार, भूपेश बघेल ने कहा- ट्रक के पीछे लिखी शायरी



रायपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार का बजट मंगलवार को पेश हुए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट पेश किया।

'संकल्प' थीम के साथ इस बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने विकास का रोडमैप सदन के सामने रखा। वित्त मंत्री ने बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की है।

इसके साथ ही 18 वर्ष पूरे होने पर बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपये देने के लिए नई योजना शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ के सीएम ने बजट की तारीफ की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- हमारा यह छत्तीसगढ़ संकल्प बजट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना के अनुरूप तैयार किया गया है। हमारी सरकार मिशन मोड में काम करने में विश्वास रखती है। इसके लिए हमने पांच मुख्यमंत्री मिशन बनाए हैं।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री AI मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन और मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन से प्रदेश के विकास को नई दिशा, नई धार और नई रफ़्तार दी जाएगी। मैं इस शानदार बजट के लिए पूरे प्रदेश को हार्दिक बधाई देता हूं।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बजट को लेकर कहा- पिछले बजट में मैंने पतंग उड़ाने की घोषणा की थी, इस बजट में मैं पतंग के कन्ने बांधने की घोषणा करता हूं, फिर अगले बजट में मैं पतंग में मांझा बांधने का ऐलान करूंगा, फिर उसके अगले बजट में पतंग उड़ाने की कोशिश करूंगा और फिर जनता जुमलों की यह पतंग काट देगी। कुछ ऐसा ही बजट आज विधानसभा में देरी से पहुंचे वित्तमंत्री ने पेश किया।

भूपेश बघेल ने कहा- अपनी अज्ञानता से प्रदेश की दुर्गति करने के बाद आज जो ट्रकों के पीछे लिखी शायरी पढ़कर एक भाषण दिया गया, वह जनता को बार-बार याद दिला रहा है कि सिर्फ कांग्रेस ही विकल्प है। ऐसा लगता है यह बजट ChatGPT से लिखवाया गया बजट है।

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ज्ञान गति की असफलता के बाद संकल्प का नया जुमला वित्त मंत्री ने फेंका है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

## हर ग्रुप में एक लीडर समेत 11 सांसद, फ्रांस में थरूर, जापान में अखिलेश यादव नेतृत्व करेंगे

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स (पीएफजी) का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए पीएफजी बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है।

64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस से शशि थरूर, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। हालांकि, पीएफजी के सदस्य कैसे काम करेंगे, अभी इसकी औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है।

**ऑपरेशन सिंदूर : 59 सदस्यों का डेलिगेशन 33 देशों में गया था**

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर में भारत का पक्ष रखने के लिए 17 मई 2025 को 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की थी। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत थे। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के नेता थे, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी थे।

ये डेलिगेशन दुनिया के 33 देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य देशों में गया और वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखा। इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया था। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया।

# 4 गाड़ियों की टक्कर में 6 की मौत, 4 घायल

## तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में मारी टक्कर सामने से आ रही ई-रिक्शा भी टकराई

भागलपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भागलपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। 4 गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि कुल 4 गाड़ियां आपस में टकराईं हैं। पहले तेज रफ्तार ट्रक ने एक पिकअप को टक्कर मारी।

टक्कर के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ई-रिक्शा से जा भिड़ी। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार सभी 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 2 लोगों की इलाज के दौरान जान चली गई।

एक बस भी इस हादसे की चपेट में आई है, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में 3 कटिहार के और 1 खगड़िया के मानसी के रहने वाले हैं। हादसा खरिक थाना क्षेत्र के झंडापुर इलाके के बगड़ी पुल के पास हुआ है।

थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गंभीर रूप से 3 घायलों को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक का इलाज जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (JL-NMCH) में चल रहा है। भागलपुर डीएम, एसएसपी दोनों मायागंज हॉस्पिटल पहुंचे है।

# कैश समेत 20 लाख के जेवरात की चोरी

जामताड़ा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जामताड़ा थाना क्षेत्र के न्यू पाण्डेडीह मोहल्ले में सोमवार की रात एक बड़ी चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने व्यवसायी राजेश कुमार सिंह के बंद घर को निशाना बनाते हुए 20 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुई संपत्ति में लगभग 17 लाख रुपए के सोना-चांदी के जेवरात और 3 लाख 62 हजार रुपए नगद शामिल हैं। कुल मिलाकर, 20 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति चोरी होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, व्यवसायी राजेश कुमार सिंह सूर्याहू पूजा की तैयारी के सिलसिले में अपने पैतृक गांव गए हुए थे।

# घर आकर खाना खाऊंगा मां से किया आखिरी वादा रह गया अधूरा

## 8 साल के मासूम ने दी डॉक्टर पिता को मुखाग्नि

औरंगाबाद, 24 फरवरी (एजेंसियां)। औरंगाबाद में एयर एंबुलेंस क्रैश में जान गंवाने वाले डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता को मंगलवार को उनके आठ साल के मासूम बेटे ने अंतिम विदाई दी, तो सभी की आंखें नम हो गई। इससे पहले पार्थिव शरीर के घर पहुंचने के पहले परिजन अपने लाल विकास को गले लगाकर खूब रोए।

डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता परिवार में इकलौता पुत्र थे। उसने उड़ान भरने के कुछ ही देर पहले आखरिी कॉल पर मां और चाची से कहा था - घर आकर खाना खाऊंगा, लेकिन उनका यह वायदा अधूरा ही रह गए। किसी की जिंदगी बचाने की कोशिश में धरती के भगवान की जान चली गई।

औरंगाबाद जिले में मदनपुर प्रखंड के मनिका बाजार निवासी, बजरंगी प्रसाद के बड़े पुत्र और गांव के गौरव डॉ. विकास कुमार गुप्ता एयर एम्बुलेंस से एक मरीज संजय कुमार को लेकर रांची से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान झारखंड के चतरा में चार्टर्ड एयर एम्बुलेंस क्रैश हो गई।

# पिता के शव को बाथरूम में काटा, नीले-ड्रम में छिपाया

## जलाने के लिए 10 लीटर तारपिन का तेल लाया, रूम स्प्रे छिड़क रहा था

लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए।

सिर को काटकर कार में रखा और घरसे 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अन्य हिस्से को तारपिन से जलाने की फिराक में था। रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा।

पिता का सिर फेंकने के बाद आरोपी घर लौटा और कार की सफाई की। तीन दिन बाद सोमवार को वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो बेटा घबराया नजर आया। शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई, तब उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची और शव के टुकड़े बरामद किए, लेकिन सिर नहीं मिला।

**वजह- पापा डॉक्टर बनाना चाहते, बेटे को लखनऊ में होटल खोलना था**



मृतक



आरोपी

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता चाहते थे कि वह नीट क्वालीफाई करके एमबीबीएस करे। वह इस बात पर अड़ा था कि एमबीबीएस के लिए उस पर जबरदस्ती न की जाए। वह पिता से कहता था कि पैथोलॉजी लैब की जगह लॉन या रेस्टोरेंट खोला जाए, जो ज्यादा अच्छा बिजनेस रहेगा। इसी बात को लेकर 20 फरवरी को पिता से बहस हुई। गुस्से में उसने पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी।

वारदात आशियाना कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-एल की है। मृतक मानवेंद्र सिंह पैथोलॉजी लैब के अलावा शराब कारोबार से भी जुड़े थे। मानवेंद्र सिंह मूल रूप से जालौन जिले के रहने वाले थे। उनके पिता सुरेंद्र पाल सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड हैं। कई साल पहले मानवेंद्र आशियाना सेक्टर-L में मकान बनवाकर रहने लगे थे। नौ साल पहले पत्नी का निधन हो गया था। तब से वह बेटे अक्षत और बेटी कृति (17) की खुद ही देखभाल करते थे। आरोपी अक्षत बीकॉम का छात्र है।

कृति एपीएस में 11वीं की छात्रा है। मानवेंद्र का छोटा भाई एसएस रजावत उत्तर प्रदेश पुलिस में हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती सचिवालय में है। तीन मंजिला घर की ऊपरी मंजिल पर पिता, बेटा और बेटी रहते थे। सेकेंड फ्लोर पर आरोपी के चाचा-चाची रहते थे। सबसे निचले फ्लोर पर पार्किंग और गेस्ट रूम है।

आरोपी बेटे के मुताबिक, 20 फरवरी को सुबह 4:30 बजे उसने लाइसेंसी राइफल से पिता को गोली मारी। उस वक्त बहन भी मौजूद थी। बहन ने चिल्लाने की कोशिश की तो उसे धमकाया। कहा- अगर तुमने किसी से घटना के बारे में बताया तो जान से मार डालूंगा। इसके बाद उसके घर से बाहर नहीं निकलने दिया।

आरोपी ने शव को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया। पिता की लाश को तीसरे फ्लोर से ग्राउंड फ्लोर पर लाकर खाली कमरे में रखा। फिर बाजार से आरी खरीदकर लाया और शव के कई टुकड़े किए। सिर और कुछ टुकड़ों को कार में डालकर सदरौना गांव में फेंक दिया। बाकी हिस्सों को पॉलीथिन में पैक कर नीले ड्रम में भर दिया।

पुलिस के मुताबिक, वारदात के तीन दिन बाद सोमवार को आरोपी बेटा आशियाना थाना पहुंचा और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता 20 फरवरी की सुबह 6 बजे दिल्ली जाने की बात कहकर निकले थे और 21 फरवरी की दोपहर तक लौटने की बात कही थी, लेकिन अब तक वापस नहीं आए हैं। उनके तीनों मोबाइल नंबर लगातार बंद आ रहे हैं। पुलिस ने जब मानवेंद्र को ढूंढना शुरू किया और बेटे से पूछताछ की तो उसके हावभाव संदिग्ध लगे। सख्ती से पूछने पर पहले उसने बताया कि पिता ने आत्महत्या कर ली है। और कड़ाई की गई तो उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली।

पिता की हत्या के बाद अक्षत ने राइफल गद्दे के नीचे छिपा दी थी। पुलिस उसे लेकर घर पहुंची। शव को कब्जे में लिया गया तो केवल आधा शरीर मिला, बाकी अंग गायब थे। पूछताछ में उसने बताया कि शरीर के टुकड़े कर काकोरी इलाके के सदरौना में फेंक दिए हैं। करीब आठ घंटे तक पुलिस घर में मौजूद रहकर जांच करती रही। देर रात शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। पड़ोस में रहने वाले मानवेंद्र सिंह के दोस्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया किअक्षत मोहल्ले में किसी से ज्यादा मतलब नहीं रखता था। अगर कभी आमना-सामना हो जाता तो नमस्ते कर लेता था। मोहल्ले में उसकी किसी से दोस्ती नहीं थी। चार साल पहले अक्षत घर से भाग गया था। उस दौरान वह छह पन्नों का एक पत्र लिखकर गया था। उसमें उसने लिखा था कि वह एमबीबीएस नहीं करना चाहता और उसके साथ जबरदस्ती न की जाए।

उसने पैथोलॉजी लैब बंद कर लॉन या रेस्टोरेंट खोलने की सलाह भी दी थी। बाद में पिता के समझाने पर वह एक दिन में ही लौट आया। मानवेंद्र सिंह बेटे से बिल्कुल अलग स्वभाव के थे। वह मोहल्ले में सभी से बातचीत करते थे और सबको जोड़कर चलने वाले व्यक्ति थे। हर त्योहार को उत्साह के साथ मनाते थे और कोई न कोई आयोजन करते रहते थे। पार्क में रामलीला का आयोजन भी करवाते थे, जिसमें अक्षत मेघनाद का रोल करता था। उसी दौरान वह सबके साथ घुल-मिलकर रहता था।

धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को उनकी मानवेंद्र से आखिरी मुलाकात हुई थी। वह एक दावत से लौटकर आए थे। इसके बाद जब अगले दिन से वह किसी को दिखाई नहीं दिए तो बेटे से पूछा गया। उसने बताया कि पिता दिल्ली गए हैं। बाप-बेटे में अक्सर विवाद होता था, इसलिए लोगों को लगा कि वह नाराज होकर चले गए होंगे।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

## छापेमारी में खेप जब्त एफआईआर के बाद जेल भेजा गया आपराधिक इतिहास की जांच जारी

शेखपुरा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। शेखपुरा में उत्पाद थाना पुलिस ने नगर परिषद क्षेत्र के कटनीकोल गांव के पास से एक शराब कारोबारी को बड़ी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान शहर के गिरिहिंडा मोहल्ला निवासी गीरो मंडल के पुत्र सुरेश मंडल के रूप में हुई है।

उत्पाद थाना अध्यक्ष सह उत्पाद निरीक्षक अमित आनंद ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कारोबारी कटनीकोल से शराब की खेप लेकर शेखपुरा शहर लौट रहा है। सूचना के आधार पर एक उत्पाद टीम को मौके पर भेजा गया।

छापेमारी का नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक मो इमरान अंसारी ने किया। टीम ने कारोबारी को पकड़ लिया और उसके पास से बरामद शराब को जब्त कर लिया। सुरेश मंडल के खिलाफ स्थानीय उत्पाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसे पुलिस निगरानी में शेखपुरा जेल भेज दिया गया है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# 2 ट्रकों की टक्कर, जिंदा जले ड्राइवर-हेल्पर

## अज्ञान-वाहन ने बाइक सवार 3 युवकों को कुचला, 2 हादसों में 5 मौतें

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। 24 फरवरी की सुबह कोरबा जिले में नेशनल हाईवे पर कोयले से लदे ट्रेलर और सीमेंट से भरे ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में ट्रक की केबिन में फंसे ड्राइवर और हेल्पर की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना मोरगा पुलिस चौकी क्षेत्र की है। दोनों झारखंड के रहने वाले थे।

वहीं, दूसरा हादसा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में हुआ। जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 3 युवकों की जान चली गई। मामला केल्हारी थाना क्षेत्र का है।

पहली घटना कोरबा के मोरगा पुलिस चौकी क्षेत्र की है। दरअसल, मंगलवार (24 फरवरी) सुबह करीब 8 बजे केंदई झरना के पास कोयले से लदे ट्रेलर और सीमेंट से भरे ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों वाहनों में आग भड़क उठी। आगजनी में ट्रक ड्राइवर और हेल्पर बाहर नहीं निकल पाए। दोनों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, कोयला लोड ट्रेलर कोरबा से आ रहा था। सीमेंट से भरा ट्रक अंबिकापुर की तरफ से आ रहा था। दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी। मोड़ पर बैलेंस बिगड़ने से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कोयला लदे ट्रेलर का ड्राइवर वाहन से कूदकर बाहर निकल गया।

जबकि सीमेंट ट्रक का ड्राइवर और हेल्पर केबिन में फंस गए। इस दौरान आग तेजी से फैल गई और दोनों चपेट में आ गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मोरगा चौकी प्रभारी मंगतूराम मरकाम स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल वाहन कटघोरा से आता है, इसलिए घटनास्थल तक पहुंचने में देरी हो गई।

# झारखंड में तेज आंधी-बारिश से बदला मौसम

रांची, 24 फरवरी (एजेंसियां)। रांची सहित पूरे झारखंड में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। देर शाम शुरू हुई तेज आंधी और झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को फिर से ठंड का एहसास होने लगा। महज आधे घंटे की तेज बारिश और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने राजधानी की बिजली व्यवस्था ठप कर दी। राजधानी रांची के रातू रोड, मेन रोड, पिस्का मोड़, कोकर, लालपुर, हरमू रोड, चुटिया, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, कडरू, अपर बाजार और धुर्वा समेत कई इलाकों में रात एक बजे तक अंधेरा छाया रहा। कई जगहों पर मेघ गर्जन और आसमान में बिजली चमकने से लोग घरों में दुबके रहे।

# छत्तीसगढ़ में होली पर नहीं बिकेगी शराब

## दुकानें बंद रहेंगी, सरकार ने जारी किया आदेश, पहले हटाया गया था ड्राई डे

रायपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में होली के दिन शराब बिक्री को लेकर स्थिति एक बार फिर बदल गई है। राज्य सरकार ने होली पर शराब बिक्री की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। आबकारी विभाग इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। दैनिक भास्कर डिजिटल ने होली पर शराब बिक्री पर रोक की खबर सुबह ही बता दी थी।

नई आबकारी नीति में पहले तय 7 ड्राई डे में से तीन दिन होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस (30 जनवरी) को हटाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद माना जा रहा था कि इन दिनों शराब दुकानें खुली रहेंगी। अब सरकार ने रुख बदलते हुए होली पर शराब बिक्री



पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। यानी होली के दिन राज्यभर में शराब दुकानें बंद रहेंगी। बताया जा रहा है कि सामाजिक और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया है। आदेश जारी होने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। बाकी ड्राई डे पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार लागू रहेंगे।

नए नीति के अनुसार, साल 2026-27 में सिर्फ 4 दिन ड्राई डे घोषित किए गए थे। इनमें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्टूबर गांधी जयंती और 18 दिसंबर गुरु घासी दास जयंती शामिल थे। अब इसमें होली का दिन भी शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानें खुली रहने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था।

कांग्रेसियों ने प्रदेश के अलग-अलग शहर की शराब दुकान के सामने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और नियमों में तत्काल बदलाव की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बापू के सिद्धांतों और आदर्शों के विपरीत ऐसे दिन पर शराब दुकान का खुला रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# कार्यकर्ता ने पुतले पर छिड़का पेट्रोल, चपेट में कांग्रेस-जिलाध्यक्ष आए

## पुतला दहन के दौरान हुआ हादसा, पानी से भरा ड्रम उडेलकर आग बुझाई, अस्पताल में भर्ती

सारंगढ़, रायगढ़, 24 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम बाजपेई गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में था।

दरअसल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में युवा कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय



भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में था। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम बाजपेई ने किया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने विरोध जताने के लिए कार से पुतला निकाला। तभी वहां मौजूद पुलिस बल के जवानों के साथ उनकी झूमाझटकी हुई।

जब विरोध के लिए कार्यकर्ता पुतले को जलाने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान एक व्यक्ति ने पुतले पर पेट्रोल छिड़का। पेट्रोल के छींटे युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम बाजपेई के चेहरे पर पड़ गए। जब कार्यकर्ताओं ने विरोध के लिए पुतले को जलाया, तभी जिलाध्यक्ष के चेहरा भी आग की लपटों की चपेट में आ गया। उनके सिर का हिस्सा पूरी तरह झुलस गया। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद कार्यकर्ता इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने देखा कि जिलाध्यक्ष शुभम बाजपेई का चेहरा आग की चपेट में आ गया। कार्यकर्ताओं ने तुरंत पानी से भरा ड्रम उनके ऊपर उडेलकर आग को बुझाया।

# 25,000 रिश्वत लेते चौकी-प्रभारी को एसीबी ने पकड़ा

## कोरिया में ग्रामीण को केस में फंसाने दी धमकी फिर बचाने मांगे 50,000, एएसआई भी हिरासत में

कोरिया/सरगुजा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सरगुजा एसीबी की टीम ने कोरिया जिले के पोड़ी चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ को 25 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने चौकी में पदस्थ एक एएसआई को भी हिरासत में लिया है। हालांकि उनकी भूमिका को लेकर एसीबी ने जानकारी नहीं दी है। दोनों को एसीबी कार्यालय अंबिकापुर लाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, कोरिया जिले के पोड़ी चौकी के चौकी प्रभारी एसआई अब्दुल मुनाफ ने



ग्राम कदम बहरा निवासी ग्रामीण सत्येंद्र प्रजापति को एक मामले में फंसाने की धमकी दी, फिर बचाने के नाम पर 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। सत्येंद्र प्रजापति ने इसकी शिकायत सरगुजा एसीबी से की। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर एसीबी ने ट्रैप किया।

एसीबी के डीएसपी प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि, मंगलवार को एसीबी की टीम बचरा-पोड़ी पहुंची। शिकायतकर्ता संजय प्रजापति को केमिकल लगे 25 हजार के नोट देकर अंदर भेजा गया। चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ को संजय प्रजापति ने 25 हजार रुपए दिए और इशारा किया। इशारा मिलते ही एसीबी की टीम चौकी के अंदर घुसी और चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ को हिरासत में ले लिया। उनके पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई है। चौकी में पदस्थ एएसआई ध्रुव प्रसाद यादव को भी हिरासत में लिया गया है।



## पहले 4 शर्तें पूरी करें! टाटा संस में एन चंद्रशेखरन के तीसरे टर्म पर किसने फंसाया पेच?



नई दिल्ली,24 फरवरी (एजेंसियां)। एन चंद्रशेखरन के तीसरी बार टाटा संस का चेयरमैन बनने का मामला फिलहाल अटक गया है। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मंगलवार को टाटा संस की बोर्ड मीटिंग में चंद्रशेखरन ने ही उनके तीसरे टर्म के बारे में चर्चा को टालने का अनुरोध किया। बोर्ड की मीटिंग में कुछ मतभेद उभरने के बाद चंद्रशेखरन के तीसरे टर्म पर चर्चा को टाल दिया गया। सूत्रों के मुताबिक बोर्ड मीटिंग में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने टाटा ग्रुप के नए बिजनेस में हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया। इससे इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। बोर्ड के दूसरे सदस्यों ने चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति का समर्थन करते हुए कहा कि यह नुकसान ग्रीनफील्ड इनवेस्टमेंट्स से हुआ है और उन्हें मैच्योर होने में अभी समय लगेगा।

**नोएल टाटा की शर्तें**

टाटा संस के बोर्ड में नोएल टाटा और वेणु श्रीनिवासन टाटा ट्रस्ट्स के नॉमिनी हैं। चंद्रशेखरन का मौजूदा कार्यकाल फरवरी 2027 तक है। उनकी फिर से नियुक्ति के लिए एक विशेष प्रस्ताव की जरूरत है क्योंकि वह जून में 63 साल के होने जा रहे हैं। इस तरह यह प्रस्ताव 65 साल की उम्र के बाद नॉन-एग्जीक्यूटिव रोल पर लागू टाटा संस की रिटायरमेंट पॉलिसी में एक अपवाद होगा। चंद्रशेखरन अक्टूबर 2016 में टाटा संस के बोर्ड में आए थे और जनवरी 2017 में उन्हें चेयरमैन बनाया गया था। सूत्रों के मुताबिक टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति के लिए चार शर्तें रखी हैं। पहली शर्त यह है कि टाटा संस लिस्ट नहीं होगी। आरबीआई ने कुछ साल पहले टाटा संस को अपर-लेयर एनबीएफसी के रूप में अधिसूचित किया था और उसे तीन साल के भीतर लिस्ट होने को कहा गया था। मार्च 2024 में टाटा संस ने एनबीएफसी के रूप में डीरजिस्टर करने के लिए आवेदन किया था और अभी यह मामला आरबीआई के पास विचाराधीन है।

**चंद्रशेखरन ने क्या कहा?**

दूसरी शर्त यह है कि टाटा संस के चेयरमैन को यह सुनिश्चित करना होगा कि कंपनी पर कोई कर्ज न हो। तीसरी शर्त यह है कि चंद्रशेखरन को यह सुनिश्चित करना होगा कि ज्यादा जोखिम वाले निवेशों पर ज्यादा पूंजीगत खर्च से कंपनी का खजाना खाली न हो। चौथी शर्त यह है कि एयर इंडिया और बिग बास्केट के अधिग्रहण से हो रहे नुकसान को रोका जाए। इन सभी शर्तों के पूरा होने के बाद ही टाटा संस के चेयरमैन के पद पर चंद्रशेखरन की फिर नियुक्ति पर विचार किया जाएगा।टाटा संस के बोर्ड की नियुक्ति समिति की प्रमुख अनीता जॉर्ज ने भी चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट्स में नुकसान की उम्मीद थी। इसके बाद बोर्ड के सदस्यों ने इस मुद्दे पर वोटिंग की सलाह दी लेकिन चंद्रशेखरन ने कहा कि बेहतर होगा कि इस मामले पर चर्चा टाल दी जाए। उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप जैसा संस्थान तभी काम कर सकता है जब टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स एकजुट होकर फैसले लें।

## दिवालियापन की कगार पर अरबों की कंपनी: कैसे बर्बाद हुई बायजू? क्या कर्ज, कुप्रबंधन और मुकदमों ने किया कंगाल?




नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कभी 22 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर खड़ी रही भारत की दिग्गज एड-टेक कंपनी बायजूस आज गहरे वित्तीय और कानूनी संकट से जूझ रही है। बायजू अब कर्ज, मुकदमों, दिवालियापन की कार्यवाही और कथित तौर पर गायब 533 मिलियन डॉलर के विवाद के बीच बिखरता नजर आ रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरावट भारत और अमेरिका दोनों महाद्वीपों में चल रही कानूनी लड़ाइयों, वित्तीय अनियमितताओं और आक्रामक विस्तार रणनीति के कारण तेज हुई।2022 में कोविड-काल के दौरान ऑनलाइन शिक्षा की भारी मांग के चलते बायजू का वैल्यूएशन 22 अरब डॉलर (1.98 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गया था और कंपनी ने वैश्विक विस्तार, बड़े अधिग्रहण और ब्रांडिंग पर भारी निवेश किया। हालांकि महामारी के बाद सस्ती फंडिंग कम हुई, लागत बढ़ी और निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगा, जिससे कंपनी का वित्तीय ढांचा कमजोर पड़ता गया। बायजू की मुश्किलें 2023 में तब तेज हुईं जब ऑनलाइन शिक्षा की मांग में गिरावट आई और बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई। इसी दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत कंपनी के दफ्तरों पर छापे मारे और लगभग 9,362 करोड़ के कथित उल्लंघन का नोटिस जारी किया। इसके साथ ही कंपनी के ऊपर कर्ज का दबाव भी बढ़ता गया। नवंबर 2021 में लिए गए 1.2 अरब डॉलर के टर्म लोन पर बायजूस कथित तौर पर तिमाही ब्याज भुगतान (करीब 330 करोड़) करने में चूक गया, जिसके बाद विदेशी लेंडर्स ने अमेरिका में मुकदमा दायर किया। जवाब में कंपनी ने भी लेंडर्स पर समय से पहले भुगतान की मांग तेज करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की। वित्तीय अनिश्चितता के बीच 2023 में कंपनी से कई हाई-प्रोफाइल एग्जिट हुए। बोर्ड के तीन निदेशकों जीवी रवि शंकर, रसेल ड्रेसेनस्टॉक और विवियन वू ने इस्तीफा दे दिया। इसके अलावा कंपनी के वित्तीय ऑडिटर डेलॉइट ने भी पद छोड़ दिया, जिससे पारदर्शिता को लेकर सवाल और गहरे हुए।

नवंबर 2023 में एक अमेरिकी अदालत ने लेंडर्स के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि 1.2 अरब डॉलर का कर्ज लेने वाली विशेष इकाई में लेंडर्स द्वारा निदेशक नियुक्त करना उचित था।

## इलेक्ट्रिक एसयुवी-ई विटारा लॉंच




हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वरुण मोटर्स नेक्सा बेगमपेट शोरूम हैदराबाद में मारुति सुजुकी द्वारा पहली इलेक्ट्रिक एसयुवी-ई विटारा लॉंच हुई। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीधर पॉल ने कहा कि, इलेक्ट्रिक एसयुवी-ई विटारा भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलीटी जर्नी में मील का पत्थर है। कार की बुकिंग करने पर कस्टमर्स को कई फायदें मिलेंगे। इस दौरान बिजनेस हेड आर.वी. निरंजन ने कहा कि, ई विटारा द्वारा डेल्टा, झेटा तथा अल्फा जैसे अत्याधुनिक कारें लॉंच की हैं एवं ई-विटारा कार में 49केडब्ल्यूएच व 61केडब्ल्यूएच बैटरी आप्शन्स उपलब्ध है। इन अत्याधुनिक एसयुवी कारों में सिग्नीचर वाय शेप एलइडी डीआरएलएस सहित बोल्ड ग्रिल्लेलेस्स डिजाइन सुविधा है। इसकी 543 किमी तक रेंज है। इन कारों में 10.1 इंच इनफोटेनमेंट सिस्टम सहित प्रीमियम इन्टीरियर्स, लेवल 2 एडास, 7 एयरबैग तथा एडवान्स्ड थर्मल मैनेजमेंट तकनीकी से युक्त है। कार का मूल्य (एक्स-शोरूम) रु.15.99 लाख एवं 20.01 लाख रुपये है। पहली इलेक्ट्रिक एसयुवी-ई विटारा कार ग्रान्ड लॉंच सेरेमनी कार्यक्रम में, संयुक्त परिवहन आयुक्त आरटीए हैदराबाद सी. रमेश, सीबीएच (साउथ इस्ट नेक्सा) योगेश गुप्ता, कार्यकारी निदेशक आर.सी. राजु, बिजनेस हेड आर.वी. निरंजन, महाप्रबंधक श्रीधर पॉल, एजीएम नेक्सा राजु नैनी, शाखा प्रमुख सीएच. सम्पत सहित कस्मटर्स तथा मीडिया प्रतिनिधिगण आदि प्रमुखों ने भाग लिया।

## आइसक्रीम से वैश्विक कंपनियों का मोहभंग

लंदन,24 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय कंपनी नेस्ले आइसक्रीम के कारोबार को 'ठंडे बस्ते' में डालने जा रही है। दरअसल वैश्विक एफएमसीजी सेक्टर में कुछ समय से एक ट्रेंड देखा जा रहा है। दिग्गज कंपनियों का आइसक्रीम बिजनेस से मोहभंग हो रहा है। नेस्ले ने पुष्टि की है कि वह अपने शेष आइसक्रीम पोर्टफोलियो को संयुक्त उद्यम साझेदार 'फ्रोनेरी' को बेचने के लिए बातचीत कर रही है। इस सौदे में हागेन-डाज और ड्रमस्टिक जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं, जिनकी कुल वैल्यू लगभग 1.3 बिलियन डॉलर (करीब 11,800 करोड़ रुपए) आंकी गई है। नेस्ले के नए सीईओ फिलिप नवरतिल ने पद संभालते ही कंपनी के बिखरे हुए साम्राज्य को समेटने का फैसला किया है। नवरतिल के मुताबिक, आइसक्रीम ब्रांड कंपनी के मुख्य बिजनेस के लिए एक भटकाव बन गए थे। कंपनी अब अपना पूरा ध्यान उन 4 सेगमेंट पर लगाएगी, जहां उसका दबदबा सबसे ज्यादा है- कॉफी, पेट केयर, न्यूट्रिशन और स्नैक्स।

## आईडीएफसी बैंक घोटाले के बाद सरकार हुई सख्त

### प्राइवेट बैंकों को लग सकता है झटका, सरकारी बैंकों की मौज!




नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। चंडीगढ़ में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की शाखा में हरियाणा सरकार के खातों में 590 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। इस घटना के सामने आने के बाद सरकार का रुख काफी सख्त हो गया है। हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को अपने सरकारी कामकाज की सूची से बाहर कर दिया है। इस बड़े फैसले के बाद बैंकिंग उद्योग में सरकारी खातों के प्रबंधन को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। नियमों के उल्लंघन और समय पर ऑडिट रिपोर्ट न देने वाले छोटे बैंकों पर अब सरकार की पैनी नजर है।इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरे विवाद का सबसे बड़ा फायदा बड़े सरकारी बैंकों को मिलने वाला है। प्राइवेट सेक्टर के बैंकों से कम लागत वाली जमा राशि यानी कासा के बाहर जाने की प्रबल संभावना है। भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक जैसे संस्थान, जिनकी सरकारी बैंकिंग में मजबूत पकड़ है, इस संभावित बदलाव के प्रमुख लाभार्थी होंगे। मैक्वेरी कैपिटल के वित्तीय सेवा अनुसंधान प्रमुख सुरेश गणपति के मुताबिक, निजी क्षेत्र के बैंकों में सरकारी जमा की अब कड़ी जांच होगी। मध्यम अवधि में कुछ बैलेंस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्थानांतरित हो सकता है। कोविड महामारी के बाद से बैंकिंग सिस्टम में कासा अनुपात पहले ही उच्चतम स्तर से 500-600 बेसिस पॉइंट नीचे गिर चुका है। निजी क्षेत्र के बैंक पहले से ही जमा राशि जुटाने में धीमी गति का सामना कर रहे हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की कुल जमा राशि में राज्य और केंद्र सरकार की हिस्सेदारी लगभग 8 से 10 प्रतिशत है। अगर सरकारी खातों का पैसा निजी बैंकों के खातों से भारी मात्रा में बाहर निकलता है, तो इन बैंकों पर वित्तीय दबाव काफी हद तक बढ़ जाएगा। आईआईएफएल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिकीन शाह का मानना है कि इस निकासी से पीएनबी, एसबीआई, केनरा और यूनियन बैंक को फायदा हो सकता है। इसके अलावा, सरकारी व्यवसाय में कमी आने से निजी बैंकों की एजेंसी कमीशन आय पर भी सीधा नकारात्मक असर पड़ेगा।

## पौने तीन लाख रुपये का टिकट खरीदा, प्लेन में मिली टूटी कुर्सी और बदबूदार टॉयलेट, कोर्ट ने दिलाया 1.5 लाख का हर्जाना



नई दिल्ली,24 फरवरी (एजेंसियां)। फ्लाइट में जब आप इंटरनेशनल रूट का टिकट खरीदते हैं तो आप चाहेंगे कि आपको यादगार सर्विस मिले। लेकिन जब आप अपनी सीट पर जाते हैं तो टूटी हुई कुर्सी मिलती है। सीट को आगे-पीछे करने वाला बटन काम नहीं करता है। 15 घंटे के हवाई सफर के दौरान आपका एंटरटेनमेंट सिस्टम खराब मिलता है। रास्ते में परोसा जाने वाला फूड और बीवरेज घटिया मिलता है। यही नहीं, आपको प्लेन में टॉयलेट भी बदबूदार और गंदा मिलता है। तो आप क्या करेंगे? दिल्ली के इस व्यक्ति ने तो कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया।

यह घटना दिल्ली के एक व्यक्ति के साथ घटी। उसने अपनी बेटी के साथ न्यूयॉर्क जाने और वहां से लौटने का रिटर्न टिकट एयर इंडिया की फ्लाइट में खरीदा था। उन्होंने मेक माई ट्रिप वेबसाइट से इकोनॉमी क्लास का रिटर्न टिकट खरीदने के लिए कुल 2,73,108 रुपये खर्च किया। वह 6 सितंबर 2023 को भारत से न्यूयॉर्क गए और 13 सितंबर 2023 को लौटे थे। दोनों शहरों के बीच 15 घंटे की लंबी फ्लाइट का सफर उनका सुहाना नहीं रहा। इसकी शिकायत कंपनी से की लेकिन वहां से उनका शमन नहीं हुआ। तब उन्होंने दिल्ली के कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।कोर्ट को दी गई शिकायत के मुताबिक उस व्यक्ति को फ्लाइट में टूटी हुई सीटें मिली। सीट को आगे-पीछे करने वाला बटन काम नहीं कर रहा थे। यही नहीं, फ्लाइट अटेंडेंट को बुलाने वाला बटन भी खराब था। उन्होंने यह भी दावा किया कि इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट के लिए फ्लाइट की सीट के सामने लगी मॉनिटर स्क्रीन भी खराब थीं। अब इतनी लंबी फ्लाइट में समय कैसे काटें? उनका कहना था कि विमान में बदबू आ रही थी और इसे ठीक करने के लिए कोई परफ्यूम या एयर फ्रेशनर का छिड़काव नहीं किया गया था।

उन्होंने फ्लाइट की हालत की तस्वीरें भी कोर्ट में पेश की। वह जब टॉयलेट गए तो वहां की हालत देख कर चौंक ही गए। विमान के वॉशरूम की स्थिति पब्लिक टॉयलेट से भी बदतर थी। उनमें बेसिक टॉयलेट स्प्रे तक नहीं था। वहां की बदबू असहनीय थी। यही नहीं, भोजन की गुणवत्ता में उन्होंने भारी अव्यवस्था पाई।

## बदलने वाला है देश में जीडीपी मापने का तरीका

### महंगाई के बाद यहां भी दिखेगा असर




नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। महंगाई के बाद अब देश में जीडीपी मापने का नया गणित भी सामने आएगा। इस नए गणित का ऐलान 27 फरवरी को हो जाएगा। इस जानकारी देते हुए देश के टॉप स्टैटिस्टिकल अधिकारी ने कहा कि भारत इस हफ्ते लॉन्च होने वाली रिवाइज्ड नेशनल अकाउंट्स सीरीज के तहत रियल जीडीपी ग्रोथ को कैलकुलेट करने के तरीके में बड़े बदलाव करेगा, और अर्थशास्त्रियों की चिंताओं को दूर करने के लिए ज्यादा डिटेल्ड प्राइस डिफ्लेशन अपनाएगा भारत मौजूदा समय में रियल जीडीपी को प्राइस इंडेक्स का इस्तेमाल करके नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ को डिफ्लेट करके मापता है। इकोनॉमिस्ट ने चिंता जताई है कि यह तरीका पुराना हो गया है क्योंकि यह होलसेल प्राइस इंडेक्स पर ज्यादा डिपेंड करता है, न कि ज्यादा बारीकी से ट्रैक किए जाने वाले कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सरकार जीडीपी के नए कैलकुलेशन पर किस तरह से काम कर रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सेक्रेटरी सौरभ गर्ग ने रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा कि हम अब आउटपुट को डिफ्लेट करने और डेटा की एक्यूरेसी को बेहतर बनाने के लिए नए सीपीआई और पुरानी डब्ल्यूपीआई सीरीज से लगभग 500-600 आइटम का इस्तेमाल करेंगे, जबकि पहले लगभग 180 आइटम का इस्तेमाल होता था। उन्होंने कहा कि यह प्रैक्टिस तब तक जारी रहेगी जब तक रिवाइज्ड डब्ल्यूपीआई सीरीज जारी नहीं हो जाती, जिसके जल्द ही आने की उम्मीद है। पिछले तरीकों के तहत, कम नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ और कम होलसेल महंगाई ने ज्यादा रियल ग्रोथ रेट में बदलकर अंतर पैदा किया। पुरानी सीरीज के तहत, भारत की इकॉनमी – जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी इकॉनमी में से एक है – 2025/26 में 7.4 फीसदी बढ़ने का अनुमान है, जबकि 2024/25 में ग्रोथ रेट 6.5 फीसदी थी।

## सोना दो दिन में 4 हजार महंगा हुआ:10 ग्राम 1.59 लाख का बिक रहा, चांदी 1,163 गिरकर 2.63 लाख किलो पर आई



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सोने के दाम में आज यानी 24 फरवरी को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,021 रुपए बढ़कर 1,59,241 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,58,220 रुपए पर था। सोना 2 कारोबारी दिनों में 4 हजार महंगा हुआ है।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,163 रुपए गिरकर 2,62,912 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,64,075 रुपए किलो थी।

**इस साल सोना 26,000 रुपए और चांदी 33,000 रुपए महंगी हुई**

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26,000 रुपए और चांदी 33,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था।

**2025 में सोना 57 हजार महंगा हुआ**

2025 में सोना 57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया।

चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख प्रति किलो हो गई।

## शेयर मार्केट क्रैश... निवेशकों के 5 लाख करोड डूबे, इन कारणों से आई गिरावट

नई दिल्ली,24 फरवरी (एजेंसियां)। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स दोनों ही तेजी से नीचे गिरे। इसकी मुख्य वजह आईटी और ऑटो शेयरों में आई बड़ी गिरावट थी। मंगलवार को सेंसेक्स 1068.74 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ 82,225.92 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 में भी 288 अंकों की गिरावट आई और यह 25,424.65 पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स करीब 1360 अंक लुढ़ककर 81,934.73 पर आ गया था। बाद में इसमें कुछ सुधार हुआ। इस भारी गिरावट के कारण निवेशकों के एक ही दिन में 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए। इससे बीएसई पर कुल मार्केट कैप घटकर करीब 466 लाख करोड़ रुपये रह गया। मंगलवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी बड़ी आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त बिकवाली हुई। इसकी वजह यह थी कि एंथ्रोपिक कंपनी ने कहा कि उनका क्लाउड कोड टूल पुराने कोबोल सिस्टम को आधुनिक बनाने में मदद कर सकता है। कोबोल एक पुरानी प्रोग्रामिंग भाषा है जो आज भी कई जरूरी सिस्टम में इस्तेमाल होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार को लेकर रुख की चिंता ने बाजार में बिकवाली को और बढ़ा दिया। ट्रंप ने सोमवार को 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किया कि जो भी देश हालिया अदालती फैसले के साथ 'खेल' खेलने की कोशिश करेगा, उसे बहुत ज्यादा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उनके ये बयान तब आए जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 'टैरिफ को रद्द कर दिया था। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि वे अब ट्रेड एक्ट ऑफ 1974 के सेक्शन 122 के तहत 15% का ग्लोबल टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार को एशियाई शेयर बाजारों में भी गिरावट देखी गई। वॉल स्ट्रीट पर रात भर हुई बिकवाली ने निवेशकों को चिंता में डाल दिया था। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर अनिश्चितता और बढ़ती भू-राजनीतिक तनावों ने बाज़ार की चाल को और धीमा कर दिया। एमएससीआई एशिया-पैसेफिक एक्स जापान इंडेक्स छह दिनों की तेजी के बाद 0.2% गिर गया। अमेरिका में रात भर के कारोबार में एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.0% गिर गया। नैस्डैक कंपोजिट ने भी 1.1% का गोता लगाया।यह गिरावट निफ्टी 50 डेरिवेटिव्स की साप्ताहिक एक्सपायरी के साथ आई है।

## दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे |
| चंद्र | वृष | मे |
| मंगल | कुंभ | मे |
| बुध | कुंभ | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | कुंभ | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | |
|---|---|
| कुंभ.... | 04-58 बजे |
| मीन.... | 05-58 बजे |
| मेष..... | 07-37 बजे |
| वृष.... | 09-13 बजे |
| मिथुन.. | 10-57 बजे |
| कर्क... | 12-57 बजे |
| सिंह--- | 15-10 बजे |
| कन्या-- | 17-22 बजे |
| तुला---- | 19-29 बजे |
| वृश्चिक.. | 21-34 बजे |
| धनु..... | 23-44 बजे |
| मकर... | 01-57 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे /दक्षिण , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000 सूर्योदय 06-40
भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्यास्त. 18 -17
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष बुधवार 25 February 2026
तिथि - नवमी 04-41 तक उपरान्त दशमीं
नक्षत्र - रोहिणी 13-38 तक उप मृगशिरा
योग - विष्कुंभ 01-28 तक उप. प्रीति
करण - बालव 15-46 तक. कौलव

**सर्वार्थ सिद्धि योग 07-09 से**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 12-29 से 13-57 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| उत्पात | 18-16 - 19-51 | अशुभ |
| शुभ. | 19-51 - 21-24 | शुभ |
| अमृत | 21-24 - 22-57 | शुभ |
| चंचल | 22-57 - 00-30 | शुभ |
| रोग | 00-30 - 02-03 | अशुभ |
| काल | 02-03 - 03-36 | अशुभ |
| लाभ | 03-36 - 05-09 | शुभ |
| उत्पात | 05-09 - 06-43 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | 06-43 - 08-06 | शुभ |
| अमृत | 08-06 - 09-34 | शुभ |
| काल | 09-34 - 11-02 | अशुभ |
| शुभ | 11-02 - 12-29 | शुभ |
| रोग | 12-29 - 13-57 | अशुभ |
| उत्पात | 13-57 - 15-25 | अशुभ |
| चंचल | 15-25 - 16-53 | शुभ |
| लाभ | 16-53 - 18-16 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं ।आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज फैसला लेने का दिन है । आप पिछले सप्ताह से कई चीजों के बारे में चिंता कर रहें हैं । आज कोई ऐसा फैसला लेना पड़ सकता है जो शुरू में काफी कठोर लगे । लेकिन आपको इस बारे में अपने दिल की सुननी चाहिए । ये सोचना है कि अब मुझे क्या करना चाहिए? ये नही कि मुझे क्या करना होगा?अपने दिल की बात सुनें,इससे आपको लाभ होगा ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा । आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी । आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे ।अपने दोस्तों –साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे । जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें । अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है । विवादों से बचें,वे बाद में समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज आपको गृहों की स्थिति के कारण हर भावना काफी गहन प्रतीत होगी । आपको प्यार और नफरत दोनों ही का बहुत गहनता से अनुभव होगा । आपको यह समझाने वाले अवसर भी आयेंगे कि आप किस कारण अब अपने करीबी दोस्तों से पुरानी भावना से बात नही कर पा रहे?

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं । जिससे भी आप मिलते हैं,आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं ,विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत आकर्षित करेंगे । साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज के दिन आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं रहेंगी । आप अपने वर्त्तमान घर या नौकरी में बदलाव का फैसला ले सकते हैं । कशमकश में न रहें , बदलाव होना अच्छा ही रहेगा । आपको किसी ऐसे आदमी से बात करके अप्रत्याशित सहायता मिल सकती है जो चुपचाप आपकी भलाई चाहता रहा है ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
कार्यस्थल पर कोई आपके खिलाफ चुपचाप काम कर रहा है लेकिन आज आपको इस बात का पक्का सबूत मिलने वाला है कि वह कौन है। लेकिन अभी इस आदमी से ना उलझें ,आपको केवल यह पता चल जाने से भी काफी मदद मिलेगी कि आपके खिलाफ कौन काम कर रहा है और आप अपने दुश्मनों को अपने रास्ते से हटाने में कामयाब रहेंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आप उन बदलावों के बारे में सोच रहे हैं जो शायद आपके काम और आपकी सेहत के बीच संतुलन ला सकते हैं । आप अपने किसी करीबी दोस्त से इस सम्बन्ध में मेल करके समाधान पूछ सकते हैं । इन बदलावों से आपको आराम मिलेगा । आप अपने आप को फ़िलहाल सही आदमियों के साथ पायेंगे जो आपको आपके विभिन्न लक्ष्यों का उद्देश्य निर्धारित करने में मदद करेंगे ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आप आज आत्मविश्वास से भरे रहेंगे और किसी अधूरे पड़ काम को हाथ में लेंगे । समस्याएं आएँगी लेकिन आपका रास्ता नही रोक पाएंगी । कोई अच्छा दोस्त आपका साथ देगा । कार्यस्थल पर मिलने वाले एक महत्वपूरण सम्बन्ध की सहायता से नया मौका मिलेगा । अतीत के फेर से निकलकर आगे की सोचें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपको आज बहुत सारी चीजों से जुड़े अपने वादों को निभाना है । अपनी सामजिक,वित्तीय तथा निजी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार रहें । आपके परिजनों ,दोस्तों और सहकर्मियों ,सभी को आपसे मदद की अपेक्षा रहेगी और आप इस दबाव को सह पाने में बिलकुल समर्थ हैं ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आपको अपना अधूरा काम समय पर पूरा करने के बहुत से मौके मिलेंगे । आपकी दूसरी परेशानियां भी तुरंत दूर हो जायेंगी ,उनके बारे में चिंता ना करें । आज अधिक से अधिक काम करने की कोशिश करें क्योंकि आपको आज के अपने सब कामों में सफलता मिलेगी । आप अपने किसी करीबी से सलाह ले सकते हैं ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# राजस्थान को 'रक्तरंजित' होने से बचाना होगा'

## विधायक रविंद्र भाटी ने गैंगस्टर लॉरेंस और रोहित के खौफ पर सरकार को घेरा

'जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा का शून्यकाल उस समय गरमा गया, जब शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने प्रदेश में पनप रहे गैंगस्टर नेटवर्क और 'डिब्बा कॉलिंग' के जरिए दी जा रही धमकियों का मुद्दा उठाया।

बता दें कि भाटी ने सदन में सरकार को घेरते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते संगठित अपराध के इस नेक्सस को नहीं तोड़ा गया, तो राजस्थान को 'रक्तरंजित' होने से बचाना मुश्किल होगा।



**कैंसर की तरह फैल रहा है गैंगस्टरों का जाल**

विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने सदन में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज राजस्थान का हर तबका खौफ में है। जेलों के अंदर बैठे अपराधी और सात समंदर पार विदेशों में बैठे गैंगस्टर राजस्थान में अपना नेटवर्क चला रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹इंटरनेट कॉलिंग और डिब्बा कॉलिंग के जरिए बड़े प्रतिष्ठित व्यापारियों से लेकर छोटी परचून की दुकान चलाने वालों तक को धमकियां मिल रही हैं। भाटी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल दो सिपाहियों को घर के बाहर तैनात कर देने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कई पीड़ित तो पुलिस के पास जाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने गैंगस्टरों की संपत्तियां अटैच करने और नाबालिगों को अपराध की दुनिया में धकेलने वाले गिरोहों पर यूपी और मुंबई की तर्ज पर 'स्ट्राइक' करने की मांग की।

**गृह राज्य मंत्री का पलटवार: पिछली सरकार में था जंगलराज**

भाटी के आरोपों पर जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सरकार का बचाव किया। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गैंगस्टरों पर 100% अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। मंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में 'जंगलराज' था और व्यापारियों को सरेआम धमकाया जाता था।

**आंकड़ों की बाजीगरी और विपक्ष के सवाल**

जब नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार से 'ठोस कार्रवाई' का ब्यौरा मांगा, तो मंत्री बेढम ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की उपलब्धियां गिनाईं। सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़े चौंकाने वाले हैं। साल 2024 में कुल 36,484 टीमों का गठन किया गया। प्रदेश भर में 1,23,936 स्थानों पर पुलिस ने दबिश दी।

**विदेशी गिरफ्तारियां**

एजीटीएफ ने इटली से 50 हजार के इनामी अमरजीत बिश्नोई को दबोचा। इसके अलावा सुधा कंवर, आदित्य जैन सोनी और अमित शर्मा उर्फ जय पंडित जैसे अपराधियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की गई।

**क्या होगी आधे घंटे की चर्चा?**

सदन में बढ़ते हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सदस्य नियमों के तहत प्रस्ताव लाते हैं, तो राजस्थान में बढ़ते संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क पर सदन में आधे घंटे की विशेष चर्चा कराई जा सकती है।

**जनता में डर या उम्मीद?**

भले ही सरकार आंकड़ों के जरिए अपनी पीठ थपथपा रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत और रविंद्र भाटी द्वारा उठाए गए सवाल यह बताते हैं कि राजस्थान में 'लॉरेंस बिश्नोई' और 'रोहित गोदारा' जैसे नामों का खौफ अभी खत्म नहीं हुआ है। व्यापारियों और आम जनता को अब सरकार के उस 'ठोस एक्शन' का इंतजार है जो इस नेक्सस को जड़ से उखाड़ फेंके।

# विधायक दल की बैठक में डोटासरा और धारीवाल के बीच तकरार

## कांग्रेस की रणनीति पर उठे सवाल



जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। विधानसभा में 2 साल बनाम 5 साल मुद्दे पर हुई बहस के बहिष्कार को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक में दो वरिष्ठ नेताओं के बीच तकरार हो गई। बैठक नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में विपक्ष की आगामी रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई थी।

सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ विधायक शांति धारीवाल ने कहा कि कांग्रेस को उक्त बहस में भाग लेना चाहिए था और बहिष्कार उचित नहीं था। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जब कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल को प्रतिवेदन में शामिल नहीं किया गया, तब बहस में शामिल होना सही नहीं था। बताया जाता है कि इस दौरान धारीवाल ने अपनी बात पूरी करने का आग्रह करते हुए टोका-टाकी की। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत करीब 50 विधायक मौजूद रहे। अंततः बैठक में निर्णय लिया गया कि सदन में कांग्रेस एकजुट होकर जनहित के मुद्दे उठाएगी और सरकार से हर विषय पर जवाबदेही सुनिश्चित करेगी।

2 साल बनाम 5 साल' पर भाजपा का पलटवार

भाजपा विधायक सुभाष मील ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि दो वर्षों में भाजपा सरकार ने 150 नए कॉलेज खोलने का कार्य किया है, जबकि कांग्रेस ने पांच साल में केवल 57 कॉलेज स्थापित किए थे।

उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार ने दो साल में 17 महाविद्यालयों को पीजी कॉलेज में उन्नत किया है। मील ने कहा कि दो वर्षों में 21 पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले गए, जबकि कांग्रेस शासनकाल में पांच साल में केवल पांच पॉलिटेक्निक कॉलेज ही खोले गए थे।

# उठा लिव-इन और लव मैरिज का मुद्दा

## भागकर शादी करने वालों पर सख्त कानून की मांग



जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया गया है। कई बार यह मामला परिवारजनों के लिए मान सम्मान का मुद्दा बन जाता है। समाज के कई लड़के-लड़कियां एक-दूसरे से लव मैरिज करने या लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के लिए परिवार की मर्जी के खिलाफ तक चले जाते हैं और घर से भाग जाते हैं। ऐसे में बीजेपी के विधायक ने युवाओं के घर से भागकर शादी करने और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के मुद्दे पर अधिनियम बनाने की मांग की है।

आहोर से भाजपा विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने विधानसभा सत्र के शून्य काल के दौरान युवाओं के घर से भागकर लव मैरिज करने और लिव-इन रिलेशनशिप की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं पारिवारिक और सामाजिक संरचना को प्रभावित कर रही हैं तथा भारतीय संस्कृति पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि माता-पिता के लिए यह स्थिति गंभीर चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि कई बार युवा भावनात्मक आवेश में ऐसे निर्णय ले लेते हैं जिनका असर उनके भविष्य पर पड़ता है।

बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

विधायक राजपुरोहित ने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं के कारण कई बार माता-पिता भय और असुरक्षा की भावना से बच्चों की पढ़ाई तक छुड़वा देते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जहां लड़की के घर से जाने पर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उनके अनुसार यह स्थिति न केवल पारिवारिक संबंधों को प्रभावित करती है, बल्कि युवाओं की शिक्षा, सुरक्षा और मानसिक स्थिरता पर भी असर डालती है। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती इस प्रवृत्ति पर गंभीर चर्चा और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पर्ची के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक ने प्रस्ताव रखा कि 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों के प्रेम विवाह और लिव-इन रिलेशनशिप के लिए माता-पिता की अनिवार्य अनुमति से संबंधित कानून पर विचार किया जाए।

# 100 करोड़ के बजट पर सिर्फ 2 लाख का खर्च?

## नेता प्रतिपक्ष के वार से उबरीं दीया कुमारी

जयपुर, , 24 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में मंगलवार का दिन 'मेवाड़ के स्वाभिमान' और 'बजटीय आंकड़ों' की जंग के नाम रहा। महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के विकास को लेकर सदन में उस वक्त तीखी बहस छिड़ गई, जब नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे डिप्टी सीएम दीया कुमारी की घेराबंदी कर दी। सवाल 100 करोड़ की घोषणा और धरातल पर हुए महज 2 लाख के खर्च का था, लेकिन दीया कुमारी ने जिस अंदाज में पलटवार किया, उसने विपक्ष के हमलों की धार कुंद कर दी। बहस की शुरुआत बीजेपी विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के एक सवाल से हुई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट घोषणाओं पर चुटकी लेते हुए कहा कि आपने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 100 करोड़ की घोषणा की थी, लेकिन रिकॉर्ड बताते हैं कि दो साल में केवल 2 लाख 83 हजार रुपये ही खर्च हुए हैं। आखिर यह कछुआ चाल क्यों? इसे पूरा कब करेंगे?



घोषणाएं बड़ी हैं, लेकिन तिजोरी का मुंह बंद है। 100 करोड़ के मुकाबले 2 लाख का आंकड़ा वाकई चौंकाने वाला है।

**दीया कुमारी का 'मास्टरस्ट्रोक' पलटवार**

डिप्टी सीएम और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने इस हमले को बड़ी चतुराई से पिछली सरकार की नाकामी की ओर मोड़ दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को आज महाराणा प्रताप की चिंता हो रही है, लेकिन पांच साल तक जब ये सत्ता में थे, तब इन्होंने एक रुपया भी खर्च किया क्या? हमारी सरकार ने आते ही पहले बजट में इसकी घोषणा की।

महाराणा प्रताप के गौरव के लिए 100 करोड़ क्या, अगर 1000 करोड़ भी खर्च करने पड़े तो हमारी सरकार पीछे नहीं हटेगी। अभी डीपीआर बनी है, काम पुख्ता होगा और पूरा होगा। हम पिछली सरकार की तरह आधी-अधूरी घोषणाएं नहीं करते।

**सदन में 'हाई वोल्टेज' ड्रामा और स्पीकर की नाराजगी**

बहस के दौरान जब गोविंद सिंह डोटासरा और अन्य कांग्रेस विधायकों ने टोकाटाकी शुरू की, तो माहौल गरमा गया। टीकाराम जूली बार-बार समय सीमा पूछते रहे, जिस पर दीया कुमारी ने स्पष्ट किया कि बड़ी परियोजनाओं की डीपीआर और प्लानिंग में समय लगता है, लेकिन धरातल पर काम जल्द दिखेगा। इस खींचतान पर विधानसभा स्पीकर ने भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने बार-बार खड़े हो रहे कांग्रेस विधायकों को टोकते हुए कहा कि जब सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि डीपीआर बन चुकी है और काम प्रक्रिया में है, तो बार-बार एक ही बात पर अड़ना सही नहीं है।

विधानसभा में मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीकर जिले की मुख्य जिला सड़क का रूट बदलने को लेकर सरकार को घेरा। डोटासरा ने सवाल उठाया कि कांग्रेस शासन में जो रूट तय हुआ था, उसे बदलकर अब सड़क को मुख्य मार्ग के बजाय ढाणियों में दाएं-बाएं क्यों घुमाया जा रहा है? इस पर बीजेपी विधायक गोवर्धन वर्मा और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने उनके पूरक सवाल पर कड़ी आपत्ति जताई, जिससे सदन में तीखी बहस छिड़ गई।

# रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल की बढ़ी मुश्किलें

## वकील केस से पीछे हटे! आगे क्या होगा



जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जेजेएम घोटाले को लेकर विवादों में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल की कानूनी मुश्किलें पहले से ज्यादा बढ़ती जनजर आ रही है। ताजा अपडेट मिली है कि उनके अधिवक्ता दीपक चौहान ने हाईकोर्ट में दायर वकालतनामा वापस लेने के लिए 21 फरवरी को प्रार्थना-पत्र पेश किया है। इससे पहले 19 फरवरी को चौहान ने अग्रवाल की ओर से एसीबी द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका दायर की थी। इस सप्ताह याचिका पर सुनवाई संभावित थी, लेकिन वकील ने सुनवाई से पहले ही केस से अलग होने के बाद एप्लीकेशन लगा दी है। आईएएस सुबोध अग्रवाल के एसीबी की एफआईआर को रद्द करने की याचिका केस में वकील के अलग होने से उनकी मुश्किलें बढ़ी है। ऐसा माना जा रहा है।

हालांकि आईएएस सुबोध अग्रवाल अब आगे क्या फैसला लेंगे, ये अभी देखना होगा। हालांकि अब वकील के केस से अलग होने के बाद अब नए वकालतनामे के दाखिल होने पर ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होगा।

# पूर्व सांगड़िया विधायक हेतराम बेनीवाल का निधन

## किसान और मजदूर आंदोलनों के प्रमुख चेहरा रहे

श्रीगंगानगर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांगड़िया विधायक हेतराम बेनीवाल का राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी नेताओं के अनुसार 92 वर्षीय बेनीवाल ने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में शोक की लहर फैल गई। वे लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे और प्रदेश की राजनीति में अपनी अलग पहचान रखते थे।

**किसान और मजदूर आंदोलनों के रहे मजबूत स्तंभ**

हेतराम बेनीवाल राजस्थान में किसान और मजदूर आंदोलनों का प्रमुख चेहरा माने जाते थे। उन्होंने



अपने राजनीतिक जीवन में किसानों, श्रमिकों और आमजन के अधिकारों को लेकर निरंतर आवाज उठाई। वे राजस्थान विधानसभा की नौवीं विधानसभा के सदस्य भी रहे। सार्वजनिक जीवन में उनकी सादगी और प्रतिबद्धता को उनके समर्थक और विरोधी दोनों ही सम्मान की दृष्टि से देखते थे। ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के मुद्दों को उन्होंने सदन से लेकर सड़कों तक मजबूती से उठाया।

**राजनीतिक नेताओं ने जताया शोक**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा सीपीआई(एम) और अन्य दलों के नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। वासुदेव देवनानी ने कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद है। वहीं अशोक गहलोत ने अपने शोक संदेश में कहा कि हेतराम बेनीवाल ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और आम लोगों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया। गहलोत ने यह भी कहा कि उनकी सादगीपूर्ण और समर्पित व्यक्तित्व सभी को प्रेरित करता रहेगा।

# पीएम मोदी के अजमेर दौरे को लेकर करणी सेना का विरोध

## यूजीसी कानून के खिलाफ काले झंडे दिखाने का एलान

जयपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर में करणी सेना और सवर्ण समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी अजमेर दौरे के दौरान विरोध-प्रदर्शन करने का एलान किया है। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि यूजीसी कानून को लेकर समाज में भारी नाराजगी है। इसी के विरोध में अजमेर में होने वाली रैली के दौरान बड़ी संख्या में युवा काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराएंगे और 'यूजीसी रोलबैक' के नारे लगाए जाएंगे। महिपाल सिंह मकराना ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान लगभग 23,500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही रोजगार उत्सव के तहत करीब 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। करणी सेना का कहना है कि सरकार एक ओर विकास और रोजगार की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर यूजीसी कानून के माध्यम से युवाओं और समाज के हितों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

मकराना ने बताया कि यूजीसी कानून के विरोध में 8 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशव्यापी महाआंदोलन आयोजित किया जाएगा। उनका दावा है कि इस आंदोलन को देश के सैकड़ों सामाजिक और छात्र संगठनों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से देशभर में इस कानून के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और अब यह आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुंच रहा है।

प्रेस वार्ता में मौजूद स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को 19 मार्च तक जवाब दाखिल करने का समय दिया है। उनके अनुसार यूजीसी कानून में कई गंभीर कमियां हैं, जो विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और सामाजिक संतुलन को प्रभावित करती हैं। उन्होंने सरकार से कानून वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार 8 मार्च को होने वाले महाआंदोलन में राजस्थान से करीब 500 बसों के जरिए लोग दिल्ली पहुंचेंगे। इसके अलावा ट्रेन और निजी वाहनों से भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी शामिल होंगे। करणी सेना ने दोहराया कि प्रधानमंत्री के अजमेर दौरे के दौरान विरोध-प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन अपनी मांगों को मजबूती से रखा जाएगा।

### मध्यप्रदेश के नीट स्टूडेंट की कोटा में मिली लाश

कोटा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। कोटा के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में रहकर नीट की तैयारी कर रहे मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के खिलचीपुर निवासी छात्र लोकेश डांगी का शव अंता के पास नहर में मिला। छात्र पिछले 6 दिनों से लापता था। शव मिलने के बाद अंता थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार लोकेश 17 फरवरी को अपने हॉस्टल से निकला था जिसकी गुमशुदगी बोरखेड़ा थाने में दर्ज कराई गई थी। हॉस्टल से बाहर निकलते हुए वह सीसीटीवी कैमरे में नजर आया लेकिन इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला।

# अलवर में पटवारी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जमीन के इंतकाल खोलने के बदले में मांगी थी घूस

अलवर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अलवर जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पटवार हल्का खोहरी, तहसील बानसूर (जिला कोटपूतली-बहरोड़) के पटवारी अतुल कुमार यादव को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि अलवर एसीबी चौकी को एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में परिवादी ने बताया कि उसने अपने नाम तथा अपनी भाभी के नाम से ग्राम खोहरी, तहसील बानसूर में साढ़े पांच बीघा जमीन 22 जनवरी 2026 को खरीदी थी। भूमि की रजिस्ट्री उसी दिन तहसीलदार कार्यालय बानसूर में करवाई गई थी।

परिवादी का आरोप था कि खरीदी गई भूमि का इंतकाल खोलने तथा राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रहन का अंकन हटाने के बदले हल्का पटवारी अतुल कुमार यादव 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था और कार्य के लिए परेशान कर रहा था। एसीबी द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें 6 फरवरी को 15 हजार रुपए की मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरवीजन तथा चौकी प्रभारी उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी पटवारी को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# क्या आरटीआई से मिलेगी पति के वेतन की जानकारी?

## हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

जोधपुर, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों में अक्सर आय और सैलरी की जानकारी अहम मुद्दा बन जाती है। राजस्थान में एक महिला ने अपने पति की सैलरी स्लिप जानने के लिए आरटीआई (सूचना का अधिकार) का सहारा लिया। मामला अदालत तक पहुंचा और राजस्थान हाई कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया जो हर आम नागरिक को जानना चाहिए।

इस मामले पर राजस्थान हाईकोर्ट ने साफ कर दिया है कि पत्नी सूचना के अधिकार कानून के तहत अपने पति की सैलरी डिटेल्स नहीं मांग सकती। अदालत ने कहा है कि किसी कर्मचारी की वेतन संबंधी जानकारी "निजी सूचना" है और इसे बिना किसी बड़े जनहित के सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। यह मामला एक महिला से जुड़ा है, जिन्होंने आरटीआई आवेदन के जरिए अपने पति की जनवरी से मार्च 2024 तक की वेतन पर्चियां और सैलरी विवरण मांगा था। सूचना अधिकारी ने यह जानकारी देने से यह कहते हुए मना कर दिया कि यह तीसरे पक्ष की निजी सूचना है। बाद में राजस्थान राज्य सूचना आयोग ने भी विभाग के फैसले को बरकरार रखा। इसके खिलाफ महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

अदालत ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णय गिरीश रामचंद्र देशपांडे बनाम सीआईसी का हवाला देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के सेवा रिकॉर्ड, वेतन, संपत्ति और अन्य व्यक्तिगत जानकारियां निजी सूचना की श्रेणी में आती हैं और इन्हें बिना उचित कारण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

इसके साथ ही यह भी बताया कि सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत ऐसी निजी जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता, जब तक कि कोई स्पष्ट और बड़ा जनहित साबित न हो।

# पीटीआई भर्ती घोटाले में जिले के 6 अभ्यर्थियों सहित 47 के खिलाफ मामला दर्ज

बांसवाड़ा, 24 फरवरी (एजेंसियां)। पीटीआई भर्ती परीक्षा 2022 में फर्जी डिग्री प्रकरण को लेकर स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बांसवाड़ा के छह अभ्यर्थियों सहित कुल 47 अभ्यर्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फर्जी डिग्री मामले में एसओजी विभिन्न जिलों में जांच कर रही है और लगातार प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

इसी सिलसिले में चूरू जिले की राजगढ़ एसओजी यूनिट ने जांच को आगे बढ़ाते हुए चूरू स्थित ओपीजेएस विश्वविद्यालय के प्रबंधन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इस विश्वविद्यालय से जारी फर्जी डिग्रियों के आधार पर अभ्यर्थियों ने नौकरी प्राप्त की।

बांसवाड़ा जिले के जिन छह अभ्यर्थियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है, उनमें संगरिया निवासी सोहनलाल राणा, हमीरपुरा निवासी भीमसिंह, गोसाईं का पारड़ा निवासी ईश्वरलाल, टामटिया आड़ा निवासी यशपालसिंह राणावत, बिजौर निवासी हरिकिशन कटारा और हमीरपुरा निवासी जयप्रकाश शामिल हैं। इसके अलावा डूंगरपुर जिले के दिवड़ा बड़ा निवासी रितिका पाटीदार को भी नामजद किया गया है।

## भौतिकी के प्रोफेसर डी. करुणासागर सीवी रामन एक्सलेंस अवॉर्ड के लिए चयनित



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भौतिकी के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो.डी. करुणासागर को प्रतिष्ठित सीवी रामन एक्सलेंस अवॉर्ड 2026 के लिए चुना गया है। यह हर साल राज्य से केवल एक व्यक्ति को दिया जाता है। यह घोषणा तेलंगाना सिटिजन्स काउन्सिल के राज्य अध्यक्ष डॉ. राज नारायण मुदिराज ने एक प्रेस बयान में की।

यह पुरस्कार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दिया जा रहा है। सीवी रामन ने रामन इफेक्ट की खोज की थी और उन्होंने अपने शोध निष्कर्षों की पुष्टि 28 फरवरी, 1928 को की थी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। पुरस्कार 28 फरवरी को सुबह 10:00 बजे यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस, सैफाबाद में प्रदान किया जाएगा।

प्रो.डी. करुणासागर पिछले 35 वर्षों में उस्मानिया विश्वविद्यालय में भौतिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और अपनी सेवा के लिए विभिन्न संगठनों से कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उनके मार्गदर्शन में, 18 पीएचडी विद्वानों ने सफलतापूर्वक अपने डॉक्टरेट की डिग्री पूरी की है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/ 07/2026, दि.23-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु हरेक के प्रति विवरित तिथिनुसार 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं. 01,** निविदा सं.-ई-02-सेंट्रल-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू-।,. विजयवाडा डिवीजनः जीडीआऱ-बीजेड़ए & बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शनः डुग्गीराला स्टेशन यार्ड पर प्रस्तावित पीक्यूआरएस डिपो & एसडब्ल्यू-॥-टीएफटीआऱ कार्य-एसएसइ/पी.वे/टीइएल सेक्शन में सेस्स को चौडा करना/मरम्मत करना, पानी के बचाव से बचने, टो बैंक की व्यवस्था एवं नीचले क्षेत्रों को भरना ताकि जहां कहीं भी आवश्यक होने पर फॉर्मेशन में पॉकेट्स में घुसे बैलास्ट का सिंगल लाइन व डबल लाइन ट्रैक (अप & डाउन) से, किमी 412-413 के बीच 5.30 से कम ट्रैक सेंटर्स सहित पानी का निकास किया जा सके।

निविदा मूल्य रु.2,02,87,141.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.2,51,400.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की **तिथिः 10-03-2026**

**क्रम सं. 02,** निविदा सं.-ई-04-नार्थ-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः बीजेडए-विएसकेपी सेक्शन-पीएससी स्लैब सहित प्रस्तावित मौजूदा स्टील गिर्डर बीआर. नं.277 अप, 445 अप, 455 अप, 458अप तथा बीआर. 470अप का रिप्लेसमेंट या प्रतिस्थापन। आईआरपीएसएम आयडीः 11.06.32.25.3.55.001

निविदा मूल्य रु.5,25,12,043.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.4,12,600.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की **तिथिः 19-03-2026**

**क्रम सं. 03,** निविदा सं.-ई-05-नार्थ-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः बीजेडए-विएसकेपी सेक्शन-पीएससी स्लैब सहित प्रस्तावित मौजूदा स्टील गिर्डर बीआर. नं.608 अप, 608 डाउन तथा 702 अप का रिप्लेसमेंट या प्रतिस्थापन। आईआरपीएसएम आयडीः 11.06.32.25.3.55.015

निविदा मूल्य रु.5,80,93,476.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.4,40,500.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की **तिथिः 19-03-2026**

**क्रम सं. 04,** निविदा सं.-ई-06-नार्थ-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः गोदावरी पुष्करम्स-2027-सभी स्टेशनों पर बुकिंग काउन्टर्स के लिए स्थायी व अस्थायी व्यवस्थाएं। आरजेवाय पर पीएफ नं.6 के लिए वाशेबुल एप्रान, कोच वाटरिंग व्यवस्थाएं। (अम्ब्रेला वर्क)। प्राजेक्ट आयडीः 11.06.32.25.3.55.018 वर्ष 2025-26)। कोव्वुर, गोदावरी तथा राजमंड्री स्टेशनों पर तत्संबंधित अस्थायी व्यवस्थाओं का प्रावधान।

निविदा मूल्य रु.9,99,04,938.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.6,49,500.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की **तिथिः 20-03-2026**

**क्रम सं. 05,** निविदा सं.-ई-07-नार्थ-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः गोदावरी पुष्करम्स-2027-कोव्वुर, गोदावरी व राजमंड्री स्टेशनों पर होल्डिंग एरियाज, शौचालयों, वाटरिंग आरेंजमेन्ट्स के लिए स्थायी व अस्थायी व्यवस्थाएं। (अम्ब्रेला वर्क)। प्राजेक्ट आयडी वर्क 11.06.53.25.3.55.017 वर्ष 2025-26)। कोव्वुर, गोदावरी तथा राजमंड्री स्टेशनों पर तत्संबंधित अस्थायी व्यवस्थाओं का प्रावधान।

निविदा मूल्य रु.9,95,54,948.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.6,47,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की **तिथिः 20-03-2026**

**क्रम सं. 06,** निविदा सं.-ई-08-नार्थ-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू ।-गोदावरी पुष्करम्स-2027-सभी स्टेशनों पर बुकिंग काउन्टर्स के लिए स्थायी व अस्थायी व्यवस्थाएं। आरजेवाय पर पीएफ नं.6 के लिए वाशेबुल एप्रान, कोच वाटरिंग व्यवस्थाएं। (अम्ब्रेला वर्क)। प्राजेक्ट आयडी - 11.06.53.25.3.55.018 वर्ष 2025-25)। आरजेवाय पर पीएफ नं. 6 के लिए कोच वाटरिंग व्यवस्थाओं का प्रावधान। एसडब्ल्यू -॥-गोदावरी पुष्करम्स 2027-कोव्वूर, गोदावरी व राजमंड्री स्टेशनों पर होल्डिंग एरियाज, शौचालयों, वाटरिंग आरेंजमेन्ट्स हेतु स्थायी व अस्थायी व्यवस्थाएं। (अम्ब्रेला)। प्राजेक्ट आयडी - 11.06.53.25.3.55.017 वर्ष 2025-26)- कोव्वूर, गोदावरी व राजमंड्री स्टेशनों पर वाटरिंग आरेंजमेन्ट्स या सिंचाई व्यवस्थाओं का प्रावधान। एसडब्ल्यू ॥।- राजमंड्री स्टेशन-एसआर. डीइएन/नार्थ/बीजेडए क्षेत्राधिकार के एडीईएन/आरआयवाय के तहत एसएसइ/वर्क्स/आरजेवाय सेक्शन में 610एम तथा 610एम लंबाई के लिए पीएफ नं. 4 & 5 पर प्रस्तावित बाल्लास्टलेस्स ट्रैक बिछाने का कार्य। (अम्ब्रेला वर्क)। प्राजेक्ट आयडी 11.06.53.24.3.55.054 वर्ष 2024-25)। पीएफ नं.5 के लिए तुरंत सिंचाई व्यवस्थाओं का प्रावधान।

निविदा मूल्य रु.8,93,41,932.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.5,96,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की **तिथिः 20-03-2026**

**वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में निविदा शर्तें/अन्य विवरण जैसे कार्य की संपूर्ण जानकारी, उपरोक्त कार्य का तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि दिया गया है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के कोई भी परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए निविदा बंद करने की तिथि से पहले **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in देखें।

यह निविदा सूचना, विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), द.म.रेलवे, विजयवाडा कार्यालय पर स्थित नोटिस बोर्ड पर एवम् विजयवाडा डिवीजन के एडीइएन उप-विभागीय कार्यालयों पर भी दर्शाया गया है, जिसे देखा जा सकता है।

रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

**विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), विजयवाडा**

**निविदा सूचना सं. सीईई/पी/एससी-2x25केवी-ओएचआर-एमबीएनआर-डीएचएनइ-2025-26-01, दि. 16-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति भारतीय गणराज्य की ओर से व के लिए, मुख्य बिजली अभियंता (परियोजनाएं), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं (आनलाइन) आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.01,** निविदा सं.--2x25केवी-ओएचइ-एमबीएनआर-डीएचएनइ, दि.13-02-2026, कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद डिवीजन के तहत महबूबनगर (एमबीएनआर) (छोडकर)-ढोने (डीएचएनइ) (छोडकर) सेक्शन में फीडर व एर्थिंग कार्यों सहित मोजूदा 1x25केवी सिस्टम से 2x25केवी एटी फीडींग सिस्टम के ओएचइ उन्नयन हेतु डिजाइन, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण व कमीशनींग कार्य। कुल 184आरकेएम/184टीकेएम। अनुमानित मूल्य रु. 88,43,80,683.65, आनलाइन में जमा की जानेवाली पूर्व धरोहर राशिः रु. 4571900.00, निविदा प्रपत्र मूल्यरु.शून्य, कार्य पूरा करने की **अवधिः 18 अठारह महिने)**, निविदा खोलने की जगह- सिकंदराबाद

ई-निविदा (आनलाइन) द्वारा निविदा बंद करने की तिथि- 2-4-2026 के 15.00 बजे

ई-निविदा (आनलाइन) द्वारा निविदा खोलने की तिथि- 2-4-2026 के 15.30 बजे

यदि निविदा खोलने की तिथि को तदनंतर छुट्टी घोषित होती है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

निविदा शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा प्रस्तुति तिथि हेतु कृपया हमारे **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in देखें।

निविदा दस्तावेजों के प्रति कोई भी परिवर्तनों/शुध्दिपत्र/जोड होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

**मुख्य बिजली अभियंता/परियोजनाएं/सिकंदराबाद**

**ई-निविदा सूचना सं.जीएनटी/एसजी/36/368, दि.19-02-2026**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.12-03-2026 के 16.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**आयडी नं.368, कार्य विवरणः** नाम्बुरु — मंगलगिरी स्टेशनों के बीच किमी 19/7-9 पर एलसी नं.14 के स्थान पर 4 लेन आरओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य सहित तत्संबधित एसएण्डटी कार्य। विज्ञापित निविदा मूल्य रु.1,11,65,445.42, पूर्व धरोहर राशि /बोली सुरक्षा रु.2,05,800.00, निविदा दस्तावेज मूल्य रु.शून्य

यदि निविदा खोलने की तिथि को तदनंतर छुट्टी घोषित होती है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

ई-बिड्स की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 16-03-2026 के 16.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु हमारे **वेबसाइटः**www.ireps.gov.in पर लाग आन करें।

कोई भी अधिक संचार/शुध्दिपत्र को ई-**पोर्टलः** www.ireps.gov.in द्वारा सूचित किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, गुंटूर**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु टेंडर्स की ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं. 01,** निविदा सं. व तिथिः सी_ एसजी_36 _592 दि.14-02-2026, बंद करने की तिथि 09-03-2026, कार्य विवरणः 1. लातूर रोड-परली वैध्यनाथ व परली वैध्यनाथ-परभणी मेन लाइन्स कनेक्ट करने हेतु परली स्टेशन पर प्रस्तावित बायपास कैबिन सहित परली स्टेशन के बायपास कैबिन पर संबधित सिग्नल्लिंग व्यवस्थाएं। 2. लातूर रोड-परली वैध्यनाथ व लातूर रोड-कुर्दूवाडी मेन लाइन्स को कनेक्ट करने हेतु लातूर रोड स्टेशन पर प्रस्तावित वाय कनेक्शन सहित लातूर रोड स्टेशन पर तथा वाय कनेक्शन कैबिन पर सिग्नलिंग व्यवस्थाएं। 3. केएमएनआर-युडीजीआऱ स्टेशनों के बीच प्रस्तावित नई क्रासिंग स्टेशन पर सिग्नलिंग व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रु. 202895130.44, बोली सुरक्षा/पूधरा रु.1164500.00

अधिक जानकारी हेतु **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in देखें। जीसीसी 2022 नुसार बोली सुरक्षा /पूधरा का भुगतान किया जाना चाहिए। आईआऱएसजीसीसी-2022 नुसार, सभी निविदाकारों को, ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क दिये जायेंगे। (संदर्भः आईआऱएसजीसीसी-2022, भाग-।, क्लाज-3)

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूर संचार अभियंता, सिकंदराबाद**

A2541

निविदा नियम शर्तें/ अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया **वेबसाइट्सः** https://www.ireps.gov.in **अथवा** www.scr.indianrail-ways.gov.in देखें।


## कुमावत समाज उप्पल का गैर नृत्य 26 से

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उप्पल काचवानी सिंगारम स्थित समाज भवन में कुमावत समाज बन्धुओं के सानिध्य में होली महोत्सव के पावन अवसर पर गैर नृत्य का आयोजन गुरुवार 26 फरवरी से 2 मार्च तक रात्रि 8.15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में संरक्षक अमरचन्द अडाणीया ने बताया कि हर वर्ष के भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में पांच दिवसीय होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन सायं 7.15 बजे से भोजन-प्रसादी एवं 8.15 बजे से 12.15 बजे तक गैर नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 2 मार्च रात्रि 9.15 बजे होली दहन एवं 3 मार्च को प्रातः वेला में पूजा-अर्चनाकर बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिन समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे अपना नाम भीयाराम मंगलोड़ा, लिखमाराम मनावत के पास सम्पर्क कर दे सकते है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संरक्षक अमरचन्द अडाणीया, अध्यक्ष भीयाराम मंगलोड़ा, परामर्शदाता श्रवणकुमार मालीवाड़, उपाध्यक्ष लिखमाराम मनावत, सचिव रमेश अडाणीया, कोषाध्यक्ष नौरतमल एकलिया व समाज बन्धु उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष भीयाराम मंगलोड़ा ने समाज बन्धुओं से निवेदन किया है उपरोक्त कार्यक्रम में राजस्थानी वेष-भूषा में सपरिवार समय पर पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

## जीएम ने काचीगुड़ा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने आज काचीगुड़ा रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया और काचीगुड़ा-सीताफलमंडी तथा चेर्लापल्ली-यदाद्री सेक्शनों में रियर विंडो निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक श्रीवास्तव के साथ संतोष कुमार वर्मा, हैदराबाद डिवीजन के डिविजनल रेलवे मैनेजर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर 1 की सुविधाएं, फुट ओवर ब्रिज, यार्ड और पिट लाइन गतिविधियों का निरीक्षण किया। रेलवे स्टाफ से बातचीत करते हुए उन्होंने ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रणालीगत प्रक्रियाओं का पालन करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसर के गोलनाका की दिशा में स्थित हिस्सों का भी निरीक्षण किया और स्टेशन उन्नयन योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने सीताफलमंडी-लालागुड़ा-यदाद्री सेक्शन में रियर विंडो निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उनके साथ डॉ. गोपालकृष्णन आर, सिकंदराबाद डिवीजन के डिविजनल रेलवे मैनेजर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने चॉर्ड लाइन और सिग्नलिंग सिस्टम, ट्रैक, वक्र, ढलान और पुल आदि की स्थिति का मूल्यांकन किया। यह सेक्शन कज़ीपेट से आने वाली और काचीगुड़ा/बेंगलुरू जाने वाली ट्रेनों को सीधे मार्ग प्रदान करता है, जिससे मल्काजगिरी या सेकुंडराबाद स्टेशन पर रोक नहीं पड़ती। महाप्रबंधक ने यदाद्री रेलवे स्टेशन में चल रहे पुनर्विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया, जिनकी लागत 24.45 करोड़ रुपये है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के लिए तेजी से काम करने के निर्देश दिए।

## लगभग चार दशक बाद फिर साथ आए अमिताभ बच्चन और कमल हासन

### 'कल्कि 2' की शूटिंग आरंभ



मुंबई, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महानायक अमिताभ बच्चन और प्रख्यात अभिनेता कमल हासन लगभग चालीस वर्ष बाद एक बार फिर साथ कार्य कर रहे हैं। उनकी चर्चित फिल्म कल्कि 2898 एडी के अगले भाग की शूटिंग आरंभ हो गई है। अमिताभ बच्चन ने अपने लेख-पृष्ठ पर 'कल्कि 2' के सेट से कुछ चित्र साझा किए हैं। इन चित्रों में वे अश्वत्थामा की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कमल हासन के साथ भी चित्र साझा करते हुए बताया कि दोनों ने अंतिम बार वर्ष 1985 में प्रदर्शित फिल्म गिरफ्तार में साथ कार्य किया था। उन्होंने लिखा कि हैदराबाद में शूटिंग के कारण वे इस रविवार अपने निवास पर प्रशंसकों से नियमित भेंट नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्य प्रथम है, किंतु वे शीघ्र ही अपने चाहने वालों से पुनः मिलेंगे। अमिताभ बच्चन ने लंबे अंतराल के पश्चात कमल हासन के साथ पुनः कार्य करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे विशेष अनुभव बताया। इस फिल्म का निर्देशन नाग अश्विन कर रहे हैं। कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन और कमल हासन के अतिरिक्त प्रभास, दीपिका पादुकोण तथा दिशा पटानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म भविष्यकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। वर्ष 2898 में काशी नगर में घटित होने वाली यह कथा उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अजन्मे शिशु की रक्षा के उद्देश्य से प्रयासरत हैं। इस शिशु को भगवान विष्णु का अंतिम अवतार 'कल्कि' माना गया है।

## माताजी नवयुवक मंडल का होली दहन 2 को

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नारसिंगी स्थित श्री कृष्णा गौशाला में माताजी नवयुवक मंडल हाईटेक सिटी, मनीकोन्डा, गच्चीबावली, टोलीचौकी, दरगा, नानकरामगुडा, अंजयनगर, नारसिंगी, पुपालगुड़ा एवं अल्कापुर समाज बन्धुओं के सानिध्य में दो दिवसीय होली महोत्सव का आयोजन होली दहन, बच्चों की ढूंढ, गैर नृत्य एवं महिलाओं द्वारा लूर नृत्य कार्यक्रम के साथ आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में जसवन्त देवड़ा ने बताया कि हर वर्ष के भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में दो दिवसीय होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 2 मार्च रात्रि 9.15 बजे होली दहन एवं 3 मार्च को प्रातः वेला में पूजा-अर्चनाकर बच्चों की ढूंढ, गैर नृत्य, महिलाओं द्वारा फाल्गुणी गीतों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की जाएगी। जिन समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे अपना नाम जसवन्त देवड़ा, रमेश हाम्बड़ के पास सम्पर्क कर दे सकते है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए माताजी नवयुवक मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की विशेष मीटिंग आयोजितकर विचार-विमर्श किया गया। समाज बन्धुओं से निवेदन किया है उपरोक्त कार्यक्रम में राजस्थानी वेष-भूषा में सपरिवार समय पर पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# एसबीआई एटीएम से 6 लाख की डकैती, दो आरोपियों को गिरफ्तार



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सुल्तान बाज़ार पुलिस थाना क्षेत्र के एसबीआई एटीएम, कोटी शाखा के पास हुई बंदूक से लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट में कुल 6 लाख रुपये की रकम छीनी गई थी। पुलिस ने बताया कि टीम टास्क फोर्स, सिकंदराबाद और खैरताबाद ज़ोन ने क्रेडिबल सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

आरोपियों ने देशी हथियार से पीड़ित को डराया और उसके पास से नकदी और दोपहिया वाहन छीन लिया। गिरफ्तार आरोपियों में फुरखान अहमद, निवासी पहान्सू, रामपुर मनीहरन, उत्तर प्रदेश, मोहम्मद तैय्यब त्यागी, निवासी, बुढ़ाना तहसील, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश शामिल है। आरोपियों के कब्जे से 1 देशी पिस्तौल व 35 जिंदा राउंड, 2 मैगज़ीन 2 लाख 38 हजार रुपये नगद, 2 मोबाइल फोन बरामद हुए है। पुलिस ने बताया कि फहीम अहमद, नौशाद, अबिद, डैनिश त्यागी और मोहम्मद मतलूब अभी फरार हैं।

फुरखान अहमद और मोहम्मद तैय्यब त्यागी पहले भी उत्तर प्रदेश में कई मामलों में शामिल रहे हैं, जिनमें चोरी, हिंसा, बिजली कानून उल्लंघन और जेल से संबंधित मामले शामिल हैं। मोहम्मद तैय्यब त्यागी, फरवरी 2024 में हैदराबाद में टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम करने आया था, उसने देखा कि कई लोग एटीएम में बड़ी रकम जमा कर रहे हैं।

आर्थिक तंगी के कारण उसने अपने चाचा और रिश्तेदारों से योजना बनाई और फुरखान, अबिद व फहीम अहमद को लूट में शामिल किया। 31 जनवरी को सुबह-सुबह आरोपियों ने लक्षित व्यक्ति का पीछा किया और कोटी एटीएम में देशी हथियार दिखाकर नकद और वाहन छीन लिया। इसके बाद लूट की रकम शाहीन नगर, चंद्रयानगुट्टा में गिनकर बांटी गई। 24 फरवरी को टास्क फोर्स टीमों ने छह विशेष टीमों का गठन कर आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी और फुरखान अहमद व मोहम्मद तैय्यब त्यागी को शाहीन नगर, चंद्रयानगुट्टा से गिरफ्तार किया।

यह ऑपरेशन डीसीपी टास्क फोर्स गायकवाड़ वैभव रघुनाथ, डीसीपी खैरताबाद ज़ोन श्रीमती के. शिल्पावली, एसीपी सुल्तान बाज़ार मट्टैया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में किया गया।

## बीआईएस हैदराबाद की बड़ी कार्रवाई, नकली तार जब्त



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआईएस, हैदराबाद शाखा ने चेर्लापल्ली औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केबल निर्माण इकाई पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली आईएसआई मार्क वाले पीवीसी इंसुलेटेड विद्युत तार और केबल जब्त किए हैं। यह कार्रवाई बीआईएस अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के उल्लंघन के तहत की गई। निदेशक एवं प्रमुख पी.वी. श्रीकांत के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व निदेशक राकेश तन्नीरू ने किया।

अधिकारियों ने 200 से अधिक बक्सों में रखे पीवीसी विद्युत तार एवं केबल जब्त किए, जिन पर फर्जी आईएसआई मार्क और जाली लाइसेंस नंबर अंकित थे। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। विद्युत उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के अंतर्गत आते हैं, जिसके तहत बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य है। संबंधित इकाई पर बिना प्रमाणन के उत्पाद निर्माण और बिक्री करने का आरोप है, जो अधिनियम की धारा 17 का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में दो वर्ष तक कारावास, पहली बार अपराध पर न्यूनतम 2 लाख रुपये और पुनरावृत्ति पर न्यूनतम 5 लाख रुपये का जुर्माना प्रावधानित है। बीआईएस ने कानूनी कार्रवाई शुरू करने की पुष्टि की है। उपभोक्ताओं से 'बीआईएस केयर ऐप' के माध्यम से उत्पाद की प्रमाणिकता जांचने और किसी भी उल्लंघन की सूचना देने की अपील की गई है।

## ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए एसआरडीपी कार्यों में तेजी लाए : कर्णन

### जीएचएमसी मुख्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (जीएचएमसी) के कमिश्नर आर.वी. कर्णन ने शहर में ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए एच- सीआईटीआई, स्ट्रेटेजिक रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसआरडीपी) और स्ट्रेटेजिक नाला डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसएनडीपी) के तहत चल रहे कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने मंगलवार को जीएचएमसी मुख्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जीएचएमसी जोन के ज़ोनल कमिश्नर, प्रोजेक्ट इंजीनियर और प्लानिंग, सिंचाई व जमीन अधिग्रहण विभाग के अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट की स्थिति, क्षेत्रीय चुनौतियां और देरी के कारण प्रस्तुत किए।

कर्नान ने कहा कि निधियों की कमी नहीं है और यूटिलिटी शिफ्टिंग व लंबित जमीन अधिग्रहण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने विशेष रूप से मुसरमबाग हाई-लेवल ब्रिज और नलगोंडा एक्स रोड्स फ्लाईओवर को 2 जून तक मिशन मोड में पूरा करने का आदेश दिया। साथ ही केबीआर पार्क परियोजना से जुड़े कार्यों को भी तेज करने और यातायात पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी जैसे अनुराग जयन्ती, जी. मुकुंद रेड्डी, मुख्य अभियंता साहदेव रत्नाकर, एलए विशेष उप कलेक्टर रामादेवी और अन्य इंजीनियरिंग अधिकारी उपस्थित थे।


**पूर्व तट रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा सं. 30265321, दिनांक : 20.02.2026**

कार्य का नाम: EOT क्रेन 20 टन की सप्लाई, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग (संलग्न तकनीकी विनिर्देश के अनुसार)। वारंटी अवधि: आपूर्ति की तारीख से 30 महीने।

मात्रा : 01 संख्यक।

दृष्टव्य : सामग्री 45 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.03.2026 को 1500 बजे।

TPI द्वारा निरीक्षण किया जाता है।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/वाल्टियर

PR-1160/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-WAT-South-06-2026

दिनांक : 18.02.2026

**कार्य का नाम :** वाल्टियर के वरिष्ठ मंडल अभियंता / दक्षिण / वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न यार्डों में पॉइंट एवं क्रॉसिंग की नवीनीकरण।

**कार्य की अनुमानित लागत :** 1,37,73,064.46, EMD : ₹ 2,18,900.00, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 12.03.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-1162/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-West-WAT-02-2026

दिनांक : 18.02.2026

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल अभियंता (P.WAY)/बछेली के अधिकार क्षेत्र में KK-II लाइन पर 15.26 TKm की लंबाई के लिए नए चौड़े आधार वाले पीएससी स्लीपरों के साथ थ्रू स्लीपर नवीनीकरण (प्राथमिक)।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 5,17,65,744.81, EMD : ₹ 4,08,800.00, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 12.03.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-1158/Q/25-26


## पद्मश्री हिम्मताराम भांभू का सम्मान समारोह सम्पन्न




हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अलमासगुडा स्थिति जाट समाज ट्रस्ट मंदिर भवन कान्हा शांति वनम, हैदराबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा जैव विविधता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के पर्यावरण प्रेमी पद्मश्री हिम्मताराम भांभू को राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जाट समाज ट्रस्ट मंदिर भवन अलमासगुडा के अध्यक्ष दुदाराम बाबल, संरक्षक सोहनलाल बागड़, बाबूलाल पुनिया, कोषाध्यक्ष लिकमाराम खोखर, धर्माराम ढाका, कैलाश सारण, गौतम पुनिया, बुधाराम ढाका, विदाराम, थानाराम ढाका, बुधाराम, बुधाराम पुनिया, श्रवण जाखड़, रमेश भाड़िया, दोलाराम कड़वा, चिमनाराम मुदियाड़ा, मोहन ढाका व समस्त कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### बीजेपी सत्ता में ...

उन्होंने घोषणा की कि अगर पार्टी तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो इस मंदिर को पंजाब के "गोल्डन टेम्पल" की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। संजय ने कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की और कहा कि कर्मचारियों की बकाया वेतन, महिलाओं को वित्तीय सहायता और बेरोज़गारी भत्ता जैसी चुनावी घोषणाओं को लागू करने में सरकार विफल रही है। उन्होंने कहा कि आगामी जीएचएमसी चुनावों में पार्टी इन मुद्दों को जनता के समक्ष रखेगी। इस मौके पर मंदिर की ट्रस्टी शशिकला, नगर निगम के कई अधिकारी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। सभा और पूजा कार्यक्रम के दौरान भक्तजन भी बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए और मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला।

### 'गंभीर सुरक्षा चूक ...

पूछताछ में जांचकर्ताओं को उसके पाकिस्तान में मौजूद कथित हैंडलर्स से संबंधों के संकेत मिले।

पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर दूसरे युवक, सुमन शेख, को शनिवार को मुर्शिदाबाद के बहारामपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी सिम कार्ड बेचने का कारोबार करते थे।

### सीपीआई माओवादी के ...

वर्तमान में तेलंगाना मूल के केवल 11 भूमिगत माओवादी शेष हैं, जिनमें दो ही राज्य में सक्रिय हैं, जबकि अन्य छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में कार्यरत हैं।

पुलिस महानिदेशक ने शेष भूमिगत माओवादियों से अपील दोहराते हुए कहा कि 'हथियार छोड़ें' भूमिगत जीवन त्यागें और मुख्यधारा से जुड़ें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आत्मसमर्पण करने वालों को राज्य सरकार की व्यापक पुनर्वास एवं पुनर्समावेशन योजना के तहत पूर्ण सुरक्षा, सहायता और सम्मानजनक जीवन के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## श्री वेंकटेश्वर मंदिर में धूमधाम से रथोत्सव संपन्न

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वार्षिक ब्रह्मोत्सव के अंतर्गत मंगलवार सुबह भव्य रथोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री कल्याण वेंकटेश्वर स्वामी, श्रीदेवी और भूदेवी के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए।

भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कर्पूर आरती अर्पित की। रथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए आगे बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान कोलाटम, वुड भजन और संकीर्तन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परंपरा के अनुसार, रथ पर भगवान के दर्शन से जन्म-मरण के कष्टों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। शाम 7 बजे भगवान अश्व वाहन पर भक्तों को दर्शन दिये।

# शोएब अख्तर बोले- भारतीय गेंदबाजों में मार्शल जैसा खौफ नहीं

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ पंड्या-दुबे बेअसर रहे; कुलदीप मैच विनर, उन्हें खिलाएं

कराची, 24 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में भारत साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से हार गया। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय गेंदबाजी की आलोचना की। शोएब ने कुलदीप को प्लेइंग-11 में रखने का सुझाव दिया है।

अख्तर ने कहा, 'हार्दिक और शिवम दुबे 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। वे कोई मैल्कम मार्शल नहीं हैं, जो साउथ अफ्रीका जैसी टीम को डरा सकें। अगर आप डेथ ओवर्स में उनसे गेंदबाजी कराएंगे तो अफ्रीकी बल्लेबाजों का ऐसा पलटवार होना तय था।' मैल्कम मार्शल वेस्टइंडीज के गेंदबाज थे, जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे। 1970 और 80 के दशक में जब वेस्टइंडीज क्रिकेट की दुनिया पर राज करता था, तब मार्शल उनके सबसे खतरनाक हथियार थे। वे खतरनाक बाउंसर मारने के लिए जाने जाते थे। कई दिग्गज बल्लेबाजों की नाक और जबड़े उनकी गेंदों से टूटे थे।

**अख्तर- बोले- भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियां उजागर हुई**

अख्तर का मानना है कि इस हार ने भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत बैटिंग लाइन-अप के सामने भारतीय गेंदबाज पूरी तरह बेअसर नजर आए।



खासकर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे की गेंदबाजी को उन्होंने बिना धार वाली बताया। दोनों ऑलराउंडर्स ने मिलकर 6 ओवरों में 77 रन खर्च किए और केवल एक विकेट हासिल किया।

**वरुण चक्रवर्ती की बॉलिंग स्पीड पर उठाए सवाल**

अख्तर ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'वरुण अपनी सामान्य लय में नहीं दिखे। वरुण की ताकत 97-98 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डालना है, लेकिन इस मैच में वे 94 की स्पीड पर आ गए थे। जब वे अटैक पर आए तो डेवाल्ड ब्रेविस ने उन्हें सिक्स जड़ दिया। इससे साफ है कि गेंदबाज दबाव में थे।'

कुलदीप यादव हैं 'मिसिंग लिंक', उन्हें खिलाना जरूरी



भारतीय गेंदबाजी में सुधार के लिए अख्तर ने एक बड़ा सुझाव दिया है। उन्होंने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को प्लेइंग-इलेवन में शामिल करने की वकालत की। अख्तर ने कहा, 'इस टीम में कुलदीप यादव की कमी खल रही है। वे ऐसे गेंदबाज हैं जो हवा में बल्लेबाजों को धोखा दे सकते हैं और जरूरत पड़ने पर विकेट निकाल सकते हैं। वे एक मैच विनर खिलाड़ी हैं और उन्हें बाहर रखना समझ से परे है।'

**सुंदर और वरुण की बॉलिंग का अंदाजा पहले से लगाया जा सकता है**

अख्तर का मानना है कि वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती एक ही तरह की स्किल्स वाले गेंदबाज हैं। इससे भारतीय आक्रमण का अंदाजा बल्लेबाज आसानी से लगा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि जब अटैक में विविधता नहीं होती तो दुनिया की टॉप टीमें आसानी से भारतीय गेंदबाजों को टारगेट कर लेती हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में यही देखने को मिला जहां अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय स्पिनर्स को जमने नहीं दिया।

**भारतीय टीम 111 रन पर ऑलआउट हो गई थी**

22 फरवरी रविवार को टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका ने तीसरे सुपर-8 मैच में 76 रन के अंतर से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। केशव महाराज ने 3 विकेट लिए। कॉर्बिन बॉश को 2 और ऐडन मार्करम को एक विकेट मिला। शिवम दुबे ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए।

इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 बॉल पर 63 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 24 बॉल पर नाबाद 44 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच शेड्यूल में बड़ा बदलाव

## सेमीफाइनल मैच पर अब आईसीसी ने लिया फैसला



मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इस समय सुपर-8 राउंड के मुकाबले खेले जा रहे हैं. इसके बाद नॉकआउट मैच होंगे, जिसमें 2 सेमीफाइनल और फाइनल मैच शामिल है. इन बड़े मुकाबलों को लेकर आईसीसी ने एक बड़ा फैसला लिया है, जिसके चलते टूर्नामेंट के शेड्यूल में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. हालांकि, ये बदलाव इस पर भी निर्भर है कि कौन सी टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी और कौन आमने-सामने होगा. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने हाल ही में सेमीफाइनल के वेन्यू को लेकर गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसमें कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम को अहम भूमिका दी गई है. जिसके तहत श्रीलंका को घरेलू मैदान पर सेमीफाइनल खेलने का मौका मिल सकता है. यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रहा है. सेमीफाइनल के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया है, जहां मैच भारत के कोलकाता या मुंबई के अलावा श्रीलंका के कोलंबो में भी हो सकते हैं. खास तौर पर पहले सेमीफाइनल की स्थिति 'फ्लोटिंग' है, यानी यह कोलंबो या कोलकाता में से किसी एक में खेला जाएगा.

आईसीसी के मुताबिक, अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो वह अपना मैच 4 मार्च को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेलेगा. लेकिन अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाता और श्रीलंका क्वालिफाई करता है, तो श्रीलंका भारत के अलावा किसी भी टीम के खिलाफ खेलते हुए अपना सेमीफाइनल कोलंबो में ही खेल सकता है. टूर्नामेंट से पहले आईसीसी ने ऐलान किया था कि पाकिस्तान के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए श्रीलंका को प्राथमिकता दी गई थी, लेकिन अब श्रीलंका के घरेलू सेमीफाइनल की संभावना भी जोड़ी गई है. पुराने शेड्यूल के मुताबिक, श्रीलंका को भारत में ही सेमीफाइनल खेलना था. लेकिन अब आईसीसी ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के बाहर होने पर वह अपने घर में ही खेलेगा.

**कोलंबो में सेमीफाइनल खेलेगी टीम इंडिया?**

अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो वह आमतौर पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल में खेलेगा. लेकिन उनका मुकाबला पाकिस्तान से होता है तो सेमीफाइनल कोलंबो शिफ्ट हो सकता है. वहीं, अगर पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों सेमीफाइनल में नहीं पहुंचते, तो पहला सेमीफाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन्स में और दूसरा मुंबई में होगा.

# भारतीय महिला टीम को मिला 49 साल की मेहनत का फल

## नई जर्सी ने गर्व से किया सीना चौड़ा

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है. दोनों टीमों के बीच हाल ही में 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली गई थी. इस सीरीज में टीम इंडिया ने 2-1 से बाजी मारी थी. अब वनडे सीरीज की शुरुआत हो चुकी है. जो वनडे वर्ल्ड कप 2025 के बाद भारत की पहली वनडे सीरीज है. टीम इंडिया बतौर वर्ल्ड चैंपियन इस सीरीज में उतरी है, जिसकी एक झलक उनकी जर्सी पर भी देखने को मिली, जिसने हर एक भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया.

**रंग लाई 49 साल की मेहनत**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना पहला वनडे मैच 1 जनवरी 1978 को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था. लेकिन उसे पहला वनडे वर्ल्ड कप जीतने के लिए 48 साल लग गए. भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर इस इंतजार को खत्म किया था. वहीं, अब जर्सी पर पहला स्टार भी लग गया है. भारतीय महिला टीम इस सीरीज में जो जर्सी पहनकर उतरी है, उसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के लोगो पर एक स्टार भी दिखाई दे रहा है.



दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट में हर फॉर्मेट के लिए अलग जर्सी होती है. इस जर्सी पर उस फॉर्मेट से जुड़ी जितनी ट्रॉफी टीमें जीतती हैं, उतने ही स्टार लगा दिए जाते हैं. इसी तरह टीम इंडिया की जर्सी पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का लोगो लगा है. इस लोगो के ठीक ऊपर अब स्टार लगा दिया गया है. जिसका इंतजार 150 करोड़ हिंदुस्तानियों को लंबे समय था. टीम इंडिया की नई जर्सी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है.

**डीवाई पाटिल स्टेडियम में रचा था इतिहास**

2025 महिला वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन बनाए थे. लेकिन टारगेट का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की टीम भारतीय गेंदबाजी और फाइनल के दबाव में बिखर गई. वह सिर्फ 246 रन ही बना पाई थी. खास बात ये भी थी कि सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को ही हराया था, जो इस मजबूत टीम के लिए एक बड़ा झटका था.

# रन रेट सुधारने के लिए भारत के सामने बड़ा चैलेंज

## सिर्फ 11 ओवर में चेज करना होगा 250+ रन का टारगेट

खेल डेस्क, 24 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 स्टेज में भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल की राह अब काफी मुश्किल हो चुकी है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली 76 रनों की करारी हार ने टीम इंडिया के नेट रन रेट को -3.800 तक पहुंचा दिया है. ग्रुप 1 में अब भारत के सामने जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अहम मुकाबले बचे हैं. सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम को इन दोनों मैच जीतने के साथ-साथ एनआरआर में भारी सुधार करना होगा, क्योंकि बराबर पॉइंट्स की स्थिति में एनआरआर ही अहम भूमिका निभाएगा. टीम इंडिया का अगला मुकाबला जिम्बाब्वे के खिलाफ है. इस मैच में भारत की पूरी रणनीति NRR को नेगेटिव से पॉजिटिव जोन में लाने पर होगी.




टीम इंडिया को जिम्बाब्वे के खिलाफ एक बड़ी जीत के साथ-साथ रन रेट में जबरदस्त अंतर पैदा करना जरूरी होगा. अगर भारत इस मैच में पहले गेंदबाजी चुनता है, तो जिम्बाब्वे को कम स्कोर पर रोकना होगा और टारगेट को बहुत तेजी से हासिल करना होगा. टारगेट जितना छोटा होगा, उतनी जल्दी चेज करने की जरूरत कम होगी, लेकिन फिर भी काफी आक्रामक बल्लेबाजी जरूरी रहेगी.

अगर जिम्बाब्वे सिर्फ 90 रन बनाती है, तो भारत को यह टारगेट सिर्फ 9 ओवर के अंदर हासिल करना होगा. इतने तेज चेज से एनआरआर में बड़ा उछाल आ सकता है और नेगेटिव से पॉजिटिव में जाने की संभावना मजबूत होगी. लेकिन टारगेट 150 रन तक पहुंचता है, तो टीम इंडिया को 11 ओवर के अंदर जीत दर्ज करनी होगी. यह भी काफी मुश्किल होगा, लेकिन संभव है अगर टॉप ऑर्डर विस्फोटक शुरुआत दे. इस स्थिति में भी भारतीय टीम का नेट रन रेट नेगेटिव से पॉजिटिव में आ जाएगा.

अगर जिम्बाब्वे 180 से 200 रन के बीच स्कोर बनाती है, तो भारत को 12 से 15 ओवर के बीच मैच खत्म करना होगा. इससे एनआरआर में सुधार तो होगा, लेकिन पॉजिटिव में लाने के लिए अभी भी काफी मेहनत बाकी रहेगी. यानी टारगेट जितना बड़ा होगा रिक्वायर्ड रन रेट भी उतनी ही ज्यादा होगी. टीम इंडिया अगर पहले बल्लेबाजी करती है तो नेट रन रेट को नेगेटिव (-) से पॉजिटिव (+) में लाना थोड़ा मुश्किल हो जाएगा. भारत को पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 ये 250+ रन तक बनाने पड़ेंगे. इसके बाद सामने वाली टीम को 100-120 या उससे कम पर रोकना भी होगा. अगर वह सामने वाली टीम को ऑलआउट कर देती है तो ओवर भी ज्यादा फायदा होगा, क्योंकि ऑलआउट करने पर नेट रन रेट में ज्यादा फायदा होता है. टीम इंडिया खुद पहले मैच में ऑलआउट हुई थी, जिसके चलते ही उसका नेट रन रेट इतना खराब हुआ है.

# फुटबॉल के नए नियमों से क्यों नाखुश हैं डोनाल्ड ट्रंप?

## कहा- यह ग्लैमर को खत्म कर देता है

न्यूयॉर्क, 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉलेज फुटबॉल पॉडकास्ट पर एक बड़े इंटरव्यू में खेल के नए नियमों पर नाराजगी जाहिर की है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार में हायरिंग के फैसले, वफादारी और नेतृत्व को लेकर भी बात की। जॉर्जिया के रोम में द वर्सिटी रेस्टोरेंट में ट्रंप ने 19 फरवरी को जोश पैट के साथ बैठकर खास बातचीत की। यह इंटरव्यू रविवार रात को रिलीज किया गया था। फुटबॉल के नियमों में हुए बदलावों के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि वह नए किकऑफ नियम से खुश नहीं हैं।



उन्होंने आगे कहा, 'यह बहुत बुरा है। मुझे इसे देखना पसंद नहीं है, और मुझे फुटबॉल में बहुत सी चीजें देखना पसंद नहीं है। जब मैं फुटबॉल को देखता हूं, तो मुझे उनका यह नया किकऑफ नियम बिल्कुल पसंद नहीं आता है। आप भी यह जानते हैं कि यह ग्लैमर, शान को खत्म कर देता है और खेल से सब कुछ छीन लेता है।'

किकऑफ को गेम की शुरुआत और एक अहम चीज बताते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एनएफएल के लिए बहुत बुरा है और मुझे उम्मीद है कि कॉलेज फुटबॉल इस नियम को नहीं अपनाएगा।' ट्रंप से जब पूछा गया कि वह कैसे तय करते हैं कि कौन सा मैच उन्हें अटेंड करना है, इस पर उन्होंने कहा कि वह उन कुछ खिलाड़ियों और टीमों को फॉलो करते हैं और उन्हें ही देखना पसंद करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे जॉर्जिया पसंद है। मुझे यह जॉर्जिया टीम पसंद है। वैसे, मुझे आपका क्वार्टरबैक पसंद है। मुझे गनर पसंद है।

वह एक बेहतरीन क्वार्टरबैक बनने वाला है। मैं इस साल उसे बहुत करीब से देखने वाला हूं।' उन्होंने कोच निक सबन और अर्बन मेयर सहित कॉलेज फुटबॉल के बड़े लोगों के साथ अपनी बातचीत के बारे में भी बात की। ट्रंप ने कहा, 'ज्यादातर, हम राजनीति पर बात कर रहे होते हैं। वे जानना चाहते हैं कि ईरान के साथ क्या हो रहा है, आप वेनेज़ुएला के साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं?'

लीडरशिप पर बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अनुभव ने उनके पहले और बाद के कार्यकाल के बीच अप्रोच को आकार देने का काम किया। उन्होंने आगे कहा, 'मैं कहूंगा कि पहले कार्यकाल में मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था। मेरे पास कुछ बहुत अच्छे लोग थे, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी थे जिन्हें मैं नहीं चुनता अगर मुझे थोड़ा और अनुभव होता।' उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब मुझे वह सारा अनुभव हो गया, तो अब हमारे पास एक जबरदस्त कैबिनेट है।'

# भारत की सेमीफाइनल की राह मुश्किल

## साउथ अफ्रीका के भी जीत की दुआ करनी होगी



मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 107 रन से हरा दिया। इस जीत ने भारत की परेशानी बढ़ा दी है। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले मैच में 76 रन से हार गई थी। ग्रुप की टॉप-2 टीम को ही सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। अगर भारत वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों को हरा देता है, तो उसके चार पॉइंट्स हो जाएंगे। अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है, तो इंडिया और साउथ अफ्रीका दोनों सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेंगे। अगर इंडिया दोनों मैच जीत जाता है और साउथ अफ्रीका अपना एक मैच हार जाता है, तो तीन टीमें चार पॉइंट्स पर बराबर हो सकती हैं। उस मामले में क्वालिफिकेशन नेट रन रेट से तय होगा। अगर इंडिया अपने दोनों मैच जीत जाती है और साउथ अफ्रीका अपने दोनों मुकाबले हार जाता है, तो इंडिया और वेस्टइंडीज सेमीफीइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे। केवल एक जीत से भारत के पास सेमीफाइनल में पहुंचने के चांस ना के बराबर हो जाएंगे, चाहे बाकी परिस्थितियां कैसी भी हों।

भारतीय टीम को इस टी-20 वर्ल्ड कप में अपना अगला मुकाबला 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना है। अंतिम मैच में 1 मार्च को टीम वेस्टइंडीज का सामना करेगी। वेस्टइंडीज के गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। टीम अभी तक खेले अपने सभी 5 मैच जीती है।

साउथ अफ्रीका ने भारत को हराकर मजबूत शुरुआत कर ली है। अब उसे वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना है। टीम बाकी बचे दोनों मैच जीत लेती है तो सेमीफाइनल में उसकी स्थिति लगभग पक्की हो जाएगी। सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बने हैं। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलने है। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप को मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें से 4 मैच खेले जा चुके हैं। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी। 4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी।

# जम्मू कश्मीर के शुभम पुंडीर ने छक्के के साथ जमाया शतक, कर्नाटक से फाइनल में रचा इतिहास

हुबली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जिस दिलेरी के साथ कर्नाटक के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. उसी दिलेरी के साथ मैदान पर उनकी टीम का खेल भी देखने को मिल रहा है. जम्मू कश्मीर के ओपनर्स स्कोर बोर्ड में भले ही बड़ा स्कोर नहीं लगा सके. मगर उसके बाद जो बल्लेबाजी देखने को मिली है, वो पहली बार टूर्नामेंट का फाइनल खेल रही जम्मू-कश्मीर की टीम की काबिलियत की पूरी कहानी कहती है. 27 साल के शुभम पुंडीर के शतक का इसमें सबसे बड़ा रोल है. उनके शतक की सबसे बड़ी बात ये रही कि उन्होंने उसकी स्क्रिप्ट छक्के से लिखी.




बाएं हाथ के बल्लेबाज शुभम पुंडीर 185 गेंदों पर 94 रन बनाकर खेल रहे थे. ऐसे समय में हर बल्लेबाज आराम से सिंगल-डबल लेकर शतक तक पहुंचना चाहता है. मगर शुभम पुंडीर ने ऐसा नहीं किया. उन्होंने 186वीं गेंद पर जबरदस्त छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया और इतिहास रचा. इतिहास इसलिए क्योंकि वो रणजी ट्रॉफी के फाइनल में शतक लगाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहले बल्लेबाज बन गए हैं. शुभम पुंडीर ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी फाइनल में 186 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया. ये रणजी ट्रॉफी के नॉक आउट में उनका पहला शतक है. वहीं फर्स्ट क्लास करियर का चौथा शतक है. बड़ी बात ये भी है कि इससे पहले रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में शुभम पुंडीर का बल्ला खामोश रहा था.

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी

## 12 टीमें खेलेंगी 33 मुकाबले, पाकिस्तान के खिलाफ मैच से शुरू होगा भारत का अभियान

खेल डेस्क, 24 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जो अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। मेजबान इंग्लैंड 12 जून को टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में श्रीलंका से खेलेगा। टूर्नामेंट का 10वां एडिशन 12 जून से 5 जुलाई तक खेला जाएगा। टीम इंडिया 14 जून को अपना अभियान इस टूर्नामेंट में शुरू करेगी। भारतीय टीम का पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ होगा। टीम इंडिया के ग्रुप में पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड भी मौजूद हैं।

**दोनों ग्रुप से टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी**

आईसीसी ने 12 टीमों को 6-6 टीमों के 2 ग्रुप में बांटा है। इन दोनों ग्रुप की टॉप पर रहने वाली दो-दो टीमें सेमीफाइनलो में क्वॉलिफाई करेंगी। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी होना, इस ग्लोबल प्रीमियर स्पोर्टिंग इवेंट से पहले एक अहम पड़ाव है। यह इवेंट आईसीसी के विमेंस क्रिकेट में लगातार इन्वेस्टमेंट का हिस्सा है, जिसमें ज्यादा भागीदारी और हाई-परफॉर्मेंस के तरीके, इवेंट और प्रोडक्शन स्टैंडर्ड, टूर्नामेंट प्राइज मनी, मीडिया डिस्ट्रीब्यूशन और कमर्शियल पार्टनरशिप शामिल हैं।

**ICC विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप्स**

| | | |
|---|---|---|
| ग्रुप 1 | | |
| भारत | सा. अफ्रीका | ऑस्ट्रेलिया |
| पाकिस्तान | बांग्लादेश | नीदरलैंड्स |
| ग्रुप 2 | | |
| वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड |
| श्रीलंका | आयरलैंड | स्कॉटलैंड |

**ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम रही**

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम रही है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक रिकॉर्ड छह बार खिताब अपने नाम किया है और कई बार फाइनल तक पहुंचकर अपनी बादशाहत साबित की है। इसके अलावा इंग्लैंड ने 2009 में पहला एडिशन जीतकर इतिहास रचा, जबकि वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता था।

# शमशाबाद में बनेगा नया ईएसआई अस्पताल : जी. विवेक

## मुख्यमंत्री ने भूमि आवंटन को दी मंजूरी



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. जी. विवेक वेंकटस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शमशाबाद में नए ईएसआई अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। इससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने मंगलवार को सनतनगर स्थित ईएसआई अस्पताल में आयोजित(ईएसआईसी) के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बताया कि जिलों में ईएसआई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। चेन्नर का ईएसआई अस्पताल, जो 50 बिस्तरों के साथ शुरू हुआ था, अब पूर्ण क्षमता से संचालित हो रहा है।

मंत्री ने कहा कि 18 ईएसआईसी डिस्पेंसरियों को बंद करने के प्रस्ताव की जानकारी मिलने पर इस मुद्दे को कैबिनेट में उठाया गया और उनके निर्माण को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने ईएसआई अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण सर्जरी शुरू होने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए अंगदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. वेंकटस्वामी ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार श्रमिकों के हित में ईएसआई सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव सहयोग देगी। कार्यक्रम में प्रधान सचिव दाना किशोर और ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव लाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# एक ही परिवार के तीन सदस्यों की संदिग्ध आत्महत्या, क्षेत्र में शोक

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अंबरपेट क्षेत्र में मंगलवार को एक दुखद घटना सामने आई, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और स्तब्धता का वातावरण है। मृतकों की पहचान राम राज (55), उनकी पत्नी माधवी (50) और उनके पुत्र शशांक (24) के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह घटना अंबरपेट स्थित उनके आवास पर हुई। इस कठोर कदम के पीछे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही अंबरपेट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है तथा घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पड़ोसियों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

# इंटर और एसएससी परीक्षाओं में छात्रों को 5 मिनट की अतिरिक्त मोहलत

## मुख्य सचिव ने कलेक्टर और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। राज्य सरकार ने आगामी इंटरमीडिएट और एसएससी (दसवीं) परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के बाद पांच मिनट तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव के. रामकृष्णा राव ने मंगलवार को सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की। बैठक में शिक्षा विभाग की सचिव योगिता राणा, इंटर बोर्ड सचिव कृष्ण आदित्य तथा स्कूल शिक्षा निदेशक नवीन निकोलस भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षाएं 25 फरवरी से और दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 14 मार्च से प्रारंभ होंगी।



उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षाओं का संचालन पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ किया जाए तथा किसी प्रकार की अनियमितता न होने दी जाए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़े पुलिस बंदोबस्त की व्यवस्था करने, पूर्व में विवादित रहे केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा पेयजल, विद्युत, शौचालय और सीसीटीवी जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक केंद्र पर एक एएनएम और प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध रखने को कहा गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कोई भी छात्र जमीन पर बैठकर परीक्षा न दे, इसके लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त बेंचों की व्यवस्था की जाए। परीक्षा संचालन में पुलिस, राजस्व एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ सिटिंग स्क्वॉड और फ्लाइंग स्क्वॉड गठित किए जाएंगे। शिक्षा सचिव योगिता राणा ने बताया कि इस वर्ष इंटर प्रथम वर्ष में 4,89,055 और द्वितीय वर्ष में 4,53,832 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जबकि 5,28,239 विद्यार्थी दसवीं कक्षा की परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अनुमति नहीं होगी। केवल मुख्य अधीक्षक को आपात स्थिति में मोबाइल रखने की अनुमति दी जाएगी।

पहली बार सभी केंद्रों पर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक प्रश्नपत्र पर विशेष क्यूआर कोड और सीरियल नंबर होगा तथा प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पूर्व ही खोले जाएंगे। इस वर्ष पहली बार विद्यार्थियों को हॉल टिकट व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जा रहे हैं तथा वेबसाइट से डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मुख्य सचिव ने 'यंग इंडिया इंटीग्रेटेड स्कूल्स' के निर्माण कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए।

# टीटीडी में वर्षों से जमा कबाड़ के निस्तारण पर विशेष ध्यान दें : अतिरिक्त ईओ

### 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

तिरुमला, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुपति तिरुमला देवस्थानम (टीटीडी) के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सी. वेंकैया चौधरी ने विभिन्न विभागों में कई वर्षों से जमा कबाड़ (स्क्रैप) के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को तिरुमला स्थित श्री पद्मावती विश्राम गृह के सुधर्मा कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित मासिक समन्वय बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों में उपलब्ध स्क्रैप की पहचान कर 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग में हर छह माह में स्क्रैप निस्तारण का एक निश्चित कार्यक्रम तैयार किया जाए और नियमित रूप से नीलामी के माध्यम से उसका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त ईओ ने कहा कि फीडबैक प्रणाली के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं और इसे इसी उत्साह के साथ जारी रखा जाना चाहिए। श्रद्धालुओं से प्राप्त सुझावों के आधार पर तिरुमला में सार्वजनिक परिवहन, अन्नप्रसादम और स्वच्छता सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने एफएमएस, कल्याणकट्टा और सामान केंद्रों (लगेज सेंटर्स) की सेवाओं की समीक्षा के लिए विशेष बैठक आयोजित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, तिरुमला स्थित अश्विनी अस्पताल में दान सुविधा को सुगम बनाने के लिए कियोस्क मशीनें स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद उन्होंने विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य अभियंता सत्यानारायण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एसपीडीसीएल सीएमडी ने कर्मचारियों की सराहना की

### रिकॉर्ड समय में बिजली आपूर्ति बहाल किया

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। एसपीडीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुशर्रफ फारूकी ने मंगलवार को विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की रिकॉर्ड समय में बिजली आपूर्ति बहाल करने पर सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने रात के अंधेरे में भी बिना रोशनी के काम कर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। सोमवार रात ग्रेटर हैदराबाद में हुई अचानक बारिश और तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं 11 केवी फीडरों पर गिर गईं। लगभग छह माह के शुष्क मौसम के बाद अचानक हुई बारिश से इंसुलेटरों की दरारों में पानी भर गया, जिससे कमजोर या क्षतिग्रस्त इंसुलेटर फेल हो गए। इसके चलते ग्रेटर हैदराबाद के 347 फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए सीएमडी मुशर्रफ फारूकी ने मुख्य अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस कर सतर्क रहने और पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों की तत्परता के चलते प्रभावित 347 फीडरों में से लगभग 86 प्रतिशत को आधे घंटे के भीतर बहाल कर दिया गया, जबकि 20 फीडरों की आपूर्ति एक घंटे में शुरू कर दी गई। हालांकि चंचलगुडा, सलीम नगर, नूर खान बाजार, मलकपेट, चंदलाल बरादरी, साईबाबा नगर और हैदरगुडा जैसे क्षेत्रों में अधिक नुकसान होने के कारण 27 फीडरों की आपूर्ति बहाल करने में डेढ़ से दो घंटे का समय लगा। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में परिचालन निदेशक डॉ. एन. नरसिम्हुलु और मुख्य अभियंताओं ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी की।

# हैदराबाद और नालगोंडा जिला में बेमौसम वर्षा

### कई क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में बेमौसम वर्षा का क्रम जारी है। सोमवार सायंकाल से मंगलवार तड़के तक हैदराबाद और नालगोंडा जिलों के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा दर्ज की गई। तेलंगाना राज्य विकास योजना समिति के आंकड़ों के अनुसार हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों में अधिकतम 42 मिलीमीटर तक वर्षा हुई, जबकि नालगोंडा जिले के कुछ स्थानों पर 70 मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज की गई। हैदराबाद में मंगलवार प्रातः 3 बजे से 4 बजे के बीच मध्यम वर्षा हुई, जिससे मुख्य रूप से दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्र प्रभावित हुए। जीएचएमसी सीमा के अंतर्गत उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 42.8 मिलीमीटर वर्षा सुलेमान नगर, बहादुरपुरा में दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त राजेंद्रनगर में 38 मिलीमीटर तथा बंडलागुडा के विभिन्न क्षेत्रों में 12.5 से 21.8 मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज की गई। नालगोंडा जिले में मंगलवार प्रातः तक चंदामपेट क्षेत्र में राज्य की सर्वाधिक 70 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले के अन्य स्थानों (जिनमें पोलेपल्ली और नकरेकल शामिल हैं) में क्रमशः 61.5 मिलीमीटर और 51 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। लगातार हो रही वर्षा के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# अभिभावक की सहमति अनिवार्य करने के प्रस्ताव का विरोध

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संघ (एआईडीडब्ल्यूए) ने गुजरात सरकार द्वारा विवाह पंजीकरण कानून में संशोधन कर विवाह के लिए अभिभावकों की सहमति अनिवार्य करने के प्रस्ताव की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे वयस्कों, विशेषकर महिलाओं की स्वायत्तता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर 'प्रत्यक्ष हमला' बताया। एआईडीडब्ल्यूए का आरोप है कि यह प्रस्ताव 'लव जिहाद' के नाम पर अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाहों में चयन की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने का प्रयास है। संगठन ने कहा कि यह प्रस्ताव संविधान प्रदत्त अधिकारों और सर्वोच्च न्यायालय के कई महत्वपूर्ण फैसलों का उल्लंघन है। बयान में सर्वोच्च न्यायालयके ऐतिहासिक के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले का उल्लेख किया गया, जिसमें निजता और व्यक्तिगत स्वायत्तता के अधिकार को मान्यता दी गई थी। साथ ही 'लता सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' और 'शफीन जहां बनाम असोकन के.एम.' जैसे निर्णयों का हवाला देते हुए कहा गया कि बालिग व्यक्तियों को विवाह के लिए अभिभावक की अनुमति आवश्यक नहीं है। एआईडीडब्ल्यूए ने प्रस्ताव को प्रतिगामी और असंवैधानिक बताते हुए गुजरात सरकार से इसे तुरंत वापस लेने तथा युवाओं के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने की मांग की है।

# हैदराबाद में प्रस्तावित गांधी सरोवर परियोजना पर विवाद

## तुषार गांधी ने जताई आपत्ति

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार की गांधी सरोवर परियोजना के अंतर्गत लंगर हाउज स्थित बापू घाट पर महात्मा गांधी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की योजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस परियोजना के लिए लगभग 500 परिवारों वाले एक अपार्टमेंट परिसर को ध्वस्त किए जाने का प्रस्ताव है, जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने मंगलवार को इस पहल की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सामाजिक माध्यम 'एक्स' पर संदेश साझा करते हुए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से प्रस्तावित 5,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण रोकने की अपील की।

तुषार गांधी ने लिखा कि गांधी की प्रतिमा के लिए स्थान बनाने हेतु निवासियों को विस्थापित करना गांधीवादी सिद्धांतों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि बापू स्वयं भी अपने नाम पर ऐसा कदम उठाए जाने का समर्थन नहीं करते।

इधर, बंडलागुडा जागीर स्थित मधु पार्क रिज अपार्टमेंट परिसर के निवासी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

500 से अधिक परिवारों को नोटिस जारी किए गए हैं कि प्रस्तावित 200 एकड़ क्षेत्र में आने वाले उनके मकानों को ध्वस्त किया जाएगा। इन परिवारों में अनेक सेवानिवृत्त रक्षाकर्मी और वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं।





निवासियों ने राज्य सरकार की इस कार्रवाई को 'जबरन अधिग्रहण' करार देते हुए आरोप लगाया है कि विशेष प्रभाव आकलन और पर्यावरण प्रभाव आकलन के बिना ही योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग दंपति और बच्चे 'गांधी के नाम पर हमें बेघर मत करो' लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताते दिखाई दे रहे हैं।

# नागपुर में उतरी लंदन-हैदराबाद उड़ान

### खराब मौसम के कारण मार्ग बदला गया

नागपुर, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खराब मौसम के कारण मंगलवार तड़के लंदन से हैदराबाद जा रही ब्रिटिश एयरवेज की एक उड़ान को नागपुर हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। अधिकारियों के अनुसार यह विमान लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डा से हैदराबाद के लिए रवाना हुआ था और प्रातः लगभग 5.30 बजे नागपुर में उतरा। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हैदराबाद में खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण विमान को नागपुर की ओर मोड़ने का निर्णय लिया गया। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों से विमान अभी भी नागपुर हवाई अड्डे पर खड़ा है। विमानन अधिकारियों द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# गुडूर में छात्रों के धरने पर सियासत तेज

## के.टी. रामाराव ने सरकार पर साधा निशाना

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जनगांव जिले के गुडूर गांव में पलकुर्थी-स्टेशन घनपुर मुख्य मार्ग पर एक आदिवासी कल्याण विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वच्छ भोजन की मांग को लेकर धरना दिए जाने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने मंगलवार को कांग्रेस सरकार पर सरकारी शिक्षण संस्थानों को संकट में धकेलने का आरोप लगाया। रामाराव ने कहा कि तेलंगाना में विभिन्न वर्गों के लोग मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के कुशासन के विरूद्ध सड़कों पर उतर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूली बच्चों को भोजन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए भी विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है, जो छात्रों में बढ़ते असंतोष को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि





कांग्रेस शासनकाल में सरकारी संस्थानों में खाद्य विषाक्तता की 112 घटनाएं सामने आईं, जिनमें 2,422 विद्यार्थियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा तथा 123 छात्रों की मृत्यु हुई। रामाराव ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में दो वर्षों से अधिक समय से पूर्णकालिक शिक्षा मंत्री नहीं है और शिक्षा विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री अन्य कार्यों में व्यस्त हैं।

बीआरएस विधायिका दल के उपनेता टी. हरीश राव ने कहा कि कल्याणकारी आवासीय संस्थान, जो कभी आईआईटी और एमबीबीएस जैसे पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रसिद्ध थे, अब संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। गुडूर में हुए छात्र विरोध का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं और भोजन समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने परिसर में कथित तांत्रिक गतिविधियों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों की निष्क्रियता पर प्रश्न उठाते हुए विद्यालय के कार्यकलापों की तत्काल जांच, दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई तथा छात्राओं को सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

# इब्राहिमपटनम में महिला की कुल्हाड़ी से हत्या, पति फरार

हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी क्षेत्र इब्राहिमपटनम के नोमुला गांव में मंगलवार को एक महिला की कथित रूप से उसके पति द्वारा कुल्हाड़ी से हत्या किए जाने की घटना से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान मादहारमोनी बाबू के रूप में हुई है। उसने मंगलवार दोपहर अपने घर में अपनी पत्नी अमृता (30) पर हमला किया। पुलिस के अनुसार घटना के समय आरोपी कथित रूप से शराब के नशे में था।

बताया गया है कि वारदात से पहले उसने अपनी बहू को एक अलग कमरे में बंद कर दिया और उसके बाद पत्नी पर हमला कर दिया।

गंभीर चोटों के कारण महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। संदिग्ध हालात देखकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# हैदराबाद पुलिस का 'ऑपरेशन ऑक्टोपस'

## बहु-राज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 104 गिरफ्तार



हैदराबाद, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हाल के वर्षों में साइबर अपराध के विरूद्ध चलाए गए सबसे बड़े समन्वित अभियानों में से एक में हैदराबाद पुलिस ने कई राज्यों में सक्रिय एक विशाल ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 104 लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा भारी मात्रा में नकदी और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' नामक इस अभियान का नेतृत्व साइबर अपराध शाखा ने किया। दस दिनों तक चले इस विशेष अभियान में 32 टीमें 16 राज्यों में भेजी गईं। इन टीमों ने ऑनलाइन निवेश ठगी, व्यापार धोखाधड़ी तथा तथाकथित 'डिजिटल गिरफ्तारी' योजनाओं में संलिप्त नेटवर्क को निशाना बनाया। जांच के दौरान देशभर में पीड़ितों से ठगी गई धनराशि को स्थानांतरित और वैध बनाने के लिए कथित रूप से उपयोग किए गए 151 बैंक खातों की पहचान की गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों के एक हजार से अधिक साइबर अपराध मामलों से जुड़े होने का संदेह है, जिनमें लगभग 127 करोड़ रुपये की ठगी शामिल है।

गिरफ्तार किए गए लोगों में 86 ऐसे खाताधारक हैं, जिन्होंने कथित रूप से अपने बैंक खाते अवैध धन हस्तांतरण के लिए उपलब्ध कराए। इसके अतिरिक्त 17 खाता आपूर्तिकर्ता भी पकड़े गए, जिन्होंने गिरोह के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराए और उनका संचालन किया। यह अभियान महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और ओडिशा में चलाया गया। सभी स्थानों पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 36 लाख रुपये नकद, 200 से अधिक मोबाइल फोन, 141 सिम कार्ड, 152 बैंक पासबुक, 234 डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड, 26 लैपटॉप तथा कई कंपनी मुहरें जब्त कीं, जिनका उपयोग कथित रूप से फर्जी कंपनियां बनाने में किया जा रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराध केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि जनविश्वास और आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य साजिशकर्ताओं के साथ-साथ फर्जी खाताधारकों और बैंकिंग तंत्र से जुड़े संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। साइबर ठगी के पीड़ितों से अपील की गई है कि वे तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ठगी गई धनराशि को समय रहते रोका जा सके।

# वेलुगुमटला इलाके में गरीब परिवारों के घरों की तोड़फोड़ शुरू

## तनाव फैलने पर पुलिस और मीडिया में विवाद

खम्मम, 24 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम शहर के बाहरी इलाके वेलुगुमटला स्थित विनोबा नवोदय कॉलोनी में मंगलवार को भारी तनाव व्याप्त हो गया, जब अधिकारियों ने गरीब परिवारों द्वारा बनाए गए घरों को ध्वस्त करना शुरू किया।

खम्मम, कोत्तागुडेम और आसपास के जिलों से सैकड़ों पुलिसकर्मी, आपदा राहत बल के जवान, राजस्व विभाग के अधिकारी और नगरपालिका कर्मचारी सुबह-सुबह ही कॉलोनी में पहुंचे। घरों के ध्वस्त होने के बाद मलबा हटाने के लिए अर्थ मूवर्स, ट्रैक्टर ट्रॉलियों और मिनी-ट्रकों का भी बड़ा बेड़ा तैनात किया गया। अधिकारियों के अनुसार, लगभग 600 परिवारों ने आठ साल पहले ग्रामीण पेडला संगम के सहयोग से भूदान बोर्ड की लगभग 18 एकड़ भूमि पर घर बनाए थे। उच्च न्यायालय के





आदेश के अनुसार अब बेदखली की जा रही है।

प्रभावित परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्होंने उपलब्ध साधनों से छोटी-छोटी झोपड़ियां बनाई थीं और राज्य सरकार उन्हें जबरन विस्थापित करने के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मियों को तैनात कर रही है।

निवासियों ने पुलिस का सामना किया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन अब सरकार उन्हें बेघर कर रही है। उन्होंने अधिकारियों और रियल एस्टेट व्यापारियों पर मिलकर उन्हें जमीन से बेदखल करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और जिले के मंत्री भट्टी विक्रमार्क, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी तथा तुम्मला नागेश्वर राव पर भी बचाव में न आने का आरोप लगाया गया।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 2014 में भूदान बोर्ड द्वारा 100 वर्ग गज जमीन आवंटित की गई थी। निवासियों ने 2019 में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और अदालत ने अधिकारियों को बिजली और पेयजल कनेक्शन देने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद अधिकारियों की उदासीनता के कारण 2022 में उच्च न्यायालय ने कॉलोनी निवासियों की जरूरतों को पूरा करने का आदेश दिया, लेकिन अब उसी आदेश का हवाला देते हुए उन्हें बेदखल किया जा रहा है। पुलिस ने मीडिया को घटना को कवर करने से रोक दिया, जिससे पुलिस और पत्रकारों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ। बाद में कुछ पत्रकारों को घटनास्थल पर कवरेज की अनुमति दी गई।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.